रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹73900 10 ग्राम
₹95000 01 किलो
सेंसेक्स 77,378.91 -241.30
डॉलर 86.025 +0.135

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पौष शुक्ल पक्ष 14, संवत 2081 | रांची, रविवार, 12 जनवरी 2025, वर्ष-25, अंक-338, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 सात्विक-चिराग की जोड़ी को मिली...

**रांची का तापमान**

| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधिक. | 23.0° | 24.5° |
| न्यून. | 05.0° | 07.6° |

# अयोध्या में प्रतिष्ठा द्वादशी पर रामलला का हुआ महाभिषेक

## फूलों से सजा दरबार, यूपी के मुख्यमंत्री योगी ने रामलला की उतारी आरती



**अयोध्या (हि.स.)**

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन की पहली वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी पर रामलला का अभिषेक और महाआरती का कार्यक्रम शनिवार को भव्य रूप से संपन्न हुआ। रामलला के दरबार को फूलों से सजाया गया है। आज रामलला को दिल्ली से आई सोने-चांदी के तारों से कढ़ाई की गई पीतांबरी को धारण कराया गया। भव्य श्रृंगार के बाद दोपहर 12:20 बजे भगवान की भव्य आरती हुई। इसके बाद भगवान को 56 व्यंजनों का भोग लगाया गया। प्रतिष्ठा द्वादशी पर शुरू हुआ यह उत्सव लगातार तीन दिन तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

मुख्यमंत्री योगी भी रामलला के उत्सव में शामिल हुए। वे सीधे हेलीपैड से राम मंदिर पहुंच कर रामलला के उत्सव में सम्मिलित हुए। आदित्यनाथ ने रामलला के चरणों में शीश झुकाया व रामलला की आरती उतारी। मुख्यमंत्री ने विधिवत दर्शन-पूजन के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास से आशीर्वाद लिया।

शेष पेज 11 पर



## एक नजर

### छग में नौ हार्डकोर इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा (हि.स.)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के क्षेत्रांतर्गत नक्सल संगठन में सक्रिय दो महिला सहित कुल नौ हार्डकोर इनामी नक्सलियों ने शनिवार को आत्मसमर्पण किया है। इन पर कुल 43 लाख रुपये का इनाम था। आत्मसमर्पित नक्सली कई बड़ी वारदातों में शामिल थे। आत्मसमर्पित में से दो नक्सली पर 08-08 लाख, चार नक्सली पर 05-05 लाख, एक महिला नक्सली पर तीन लाख एवं एक महिला व एक पुरुष नक्सली पर दो- दो लाख (कुल 43 लाख) रुपये के इनाम घोषित हैं।

### पंजाब में गोली लगने से विधायक की हुई मौत

**चंडीगढ़ (हि.स.)।** पंजाब के लुधियाना जिले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक गुरप्रीत सिंह बस्सी उर्फ गोगी की गोली लगने की मौत हो गई। गोगी लुधियाना वेस्ट विधानसभा क्षेत्र से विधायक थे। घटना शुक्रवार रात करीब 12 बजे उस समय हुई, जब गोगी एक कार्यक्रम से लौटने के बाद अपना लाइसेंसी पिस्टल साफ कर रहे थे। गोली उनके सिर के आर-पार हो गई।

### जरूरी सूचना

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

### आज कल




## राजधानी में सक्रिय है अलकायदा के इंडियन सबकांटिनेंट विंग का रांची मॉड्यूल

# रेलवे स्टेशन की सुरक्षा कामचलाऊ

- *10 जनवरी तक 9 आतंकी हो चुके हैं गिरफ्तार*
- *सुरक्षा के प्रति स्टेशन प्रबंधन लापरवाह*
- *कभी भी घट सकती है बड़ी घटना*

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** अलकायदा के रांची मॉड्यूल के सदस्य शाहबाज अंसारी की लोहरदगा के सेन्हा थाना क्षेत्र के अंबाटोली से शुक्रवार (10 जनवरी) को ही गिरफ्तारी हुई है। शाहबाज रांची के चान्हो का निवासी है। उसकी गिरफ्तारी दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल व झारखंड एटीएस की टीम ने की है। दिल्ली पुलिस उसे अपने साथ ले गई है। इधर, मीडिया से जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार अलकायदा के विंग इंडियन सबकांटिनेंट संगठन से जुड़कर झारखंड में आतंकी गतिविधियों और युवाओं को आतंकी ट्रेनिंग देने में उसकी भूमिका अहम थी। इसके साथ ही, झारखंड में अब तक अलकायदा के नौ आतंकी गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जिनमें सात की गिरफ्तारी रांची से हुई है। झारखंड में अन्य आतंकी संगठनों के सदस्यों की भी गिरफ्तारी हो चुकी है।

### हाल बेस्ट मेंटेंड पुरस्कार प्राप्त रांची रेलवे स्टेशन का



### सीनियर डीसीएम ने कॉल नहीं उठाया

रांची रेलवे स्टेशन के परिसर में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) का थाना है। यहां सुरक्षा के चुस्त-दुरुस्त और व्यापक इंतजाम हैं। लेकिन, देखा गया है कि जहां भी आतंकवादी वारदातें हुई हैं, वहां सुरक्षा में कोई न कोई चूक अवश्य थी। रांची रेलवे स्टेशन के एक तरफ चारदीवारी का नहीं होना वैसी ही बड़ी चूक कही जा सकती है। रांची रेलवे स्टेशन पर एक तरफ चारदीवारी नहीं होने के संबंध में जानकारी लेने के लिए राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने फोन से सीनियर डीसीएम निशांत कुमार से संपर्क करने का प्रयास किया, मगर उन्होंने कॉल नहीं उठाया।

यह सब बताता है कि अलकायदा का रांची मॉड्यूल एक स्लीपर सेल की तरह काम कर रहा है और यहां सक्रिय है। इसके बावजूद रांची के कई महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। इसमें रांची रेलवे स्टेशन भी शामिल है। इन परिस्थितियों में इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि राज्य में छिपाकर चल रही आतंकी गतिविधियों के महत्वपूर्ण स्थलों में एक रांची रेलवे स्टेशन भी हो सकता है। ऐसा क्यों? क्योंकि, यह सार्वजनिक स्थल है और यहां की सुरक्षा व्यवस्था एकदम कामचलाऊ है, या यूं कहिए कि यहां सुरक्षा की जो व्यवस्था है, वह केवल दिखावे के लिए है। सुरक्षा के प्रति स्टेशन प्रबंधन की ऐसी लापरवाही से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, इससे इनकार नहीं किया जा सकता।

ऐसा नहीं है कि आतंकी हमले केवल मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद जैसी जगहों में ही होते हैं।

शेष पेज 11 पर

## पूर्व सीएम ने लिया मां छिन्नमस्तिके का आशीर्वाद

# धुसपैठ व धर्मांतरण राज्य हित में नहीं : रघुवर दास



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शनिवार को रजरप्पा पहुंचे। वहां उन्होंने विधिवत रूप से मां छिन्नमस्तिके की पूजा-अर्चना की और माथा टेककर माता का आशीर्वाद लिया। इसके बाद नारियल बलि देकर पंडित शुभाशीष पंडा, छोटू, गुड्डु एवं राकेश पंडा द्वारा रक्षा सूत्र भी बंधवाया।

जानकारी के अनुसार उन्होंने भाजपा की पुनः सदस्यता लेने के बाद माता रानी का आशीर्वाद लिया है। उन्होंने मां छिन्नमस्तिके से सभी भक्तों के सुख, समृद्धि और आरोग्यता की कामना करते हुए राज्य की सुख और समृद्धि की कामना की।

पूजन के दौरान गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी भी उनके साथ रहे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने खुद को महज एक कार्यकर्ता बताते हुए 'फिट एंड फाइटिंग भाजपा' को अपना मिशन बताया।

शेष पेज 11 पर



*राज्यसभा सदस्य दिशोम गुरु शिबू सोरेन का शनिवार को 81वां जन्मदिन मनाया गया। मौके पर शिबू सोरेन के पुत्र झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनके पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया।*

## धनबाद के डिगवाडीह कार्मेल स्कूल में हुई शर्मनाक घटना

# पेन डे पर छात्राओं का शर्ट उतरवाने का लगा आरोप, जांच का दिया आदेश

- *डीसी ने गठित की जांच टीम, सीसीटीवी फुटेज भी खंगाला जाएगा*

**नवीन मेल डेस्क**

**धनबाद।** कोयलांचल धनबाद से एक शर्मसार कर देने वाला मामला शनिवार को प्रकाश में आया है। प्री बोर्ड परीक्षा के अंतिम दिन पेन डे मना रही डिगवाडीह कार्मेल स्कूल की छात्राओं का स्कूल प्रबंधन द्वारा न सिर्फ शर्ट उतरवा लिया गया, बल्कि छात्राओं को इनरवियर और ब्लेजर में ही घर जाने को मजबूर कर दिया गया। अब मामला जिलाधिकारी के पास है और मामले में जांच के आदेश दे दिए गए है।

शेष पेज 11 पर



### झरिया विधायक ने कड़ी कार्रवाई की मांग की

घटना की सूचना पर झरिया विधायक रागिनी सिंह ने उपायुक्त से मुलाकात की और मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बताया कि वह सभी छात्राओं के साथ खड़ी हैं। जरूरत पड़ी तो इस मामले को लेकर वे राज्य के मुख्यमंत्री से भी मुलाकात करेंगी।

### मामला सही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी : डीसी माधवी



धनबाद की उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बताया कि आने वाले बोर्ड एग्जाम में भी इन छात्राओं को स्कूल प्रशासन की तरफ से कोई दिक्कत नहीं हो, इसका भी ध्यान रखा जाएगा। मामला सही पाए जाने पर स्कूल प्रबंधन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


## इंडिया

# अपनी भाषा व संस्कृति के बूते ही भारत बना सम्मानित ब्रांड



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी जो एक सहदय कवि भी थे ने एक बार कहा था कि हम भारतीय विश्व में जहां भी जाते हैं, अपने साथ एक छोटा सा भारत लेकर जाते हैं। उनकी बात में एक बात और जोड़ने की धृष्ठता की जा सकती है कि हम भारतीय जहां भी जाते हैं अपने माता पिता के संस्कारों के साथ अपने गांव, समाज या क्षेत्र के रीति रिवाज साथ लेकर जाते हैं। भले समय की दौड़ में उसमें धूल जम जाए पर हमारे मन से भारत और उसकी स्मृति कभी मिटती नहीं। यही कारण है कि विदेशों में पीढ़ियों के बाद भी छोटा भारत बसा हुआ है। यही हाल भारत के अंदर रोजगार के लिए पलायन करने वाले लोगों का है जो अपने जन्मस्थान या जड़ों की स्मृति को सदियों बाद भी जीवित रखते हैं। पाकिस्तान से आए शरणार्थी जो अब भारत के अभिन्न अंग बन चुके हैं पर उनके मन के कोने में अपने जन्मस्थान या बचपन की यादें आज भी ताजा हैं। झारखंड, बिहार सहित भारत के हिंदी भाषी ग्रामीण क्षेत्रों से कुछ देशों में गए हुए मजदूर जिन्हें गिरमिटिया कहा जाता है अपने साथ अपनी कपड़ों की गठरी में




श्रीरामचरितमानस, हनुमान चालीसा, सत्यनारायण की कथा, देवी-देवताओं के चित्र मंगलसूत्र, सिंदूर-टिकुली, पाजेब, करधनी, तीज-त्योहार में उपयोग आने वाला सामान आदि सभी कुछ साथ रख लेते थे। गिरमिटिया मजदूर, अनुबंधित या ठेका मजदूर होते थे पर चूंकि सरकार यानी गवर्नमेंट ले जाती थे इसलिए गोर्मेंटिया से गिरमिटिया नामकरण हो गया। मॉरीशस और फिजी जैसे देशों में ये राष्ट्राध्यक्ष तक बने पर वस्तुतः ये गुलाम ही हुआ करते थे। 'इंडेंचर्ड लेबर' या गिरमिटिया मजदूर जिन्हें अंग्रेजों ने कभी 'गोल्डन लैंड' का मनमोहक स्वप्न दिखाकर, तो कभी डरा-धमकाकर, भयभीत करके, कोर्ट कचहरी, भूमि जब्त कर लेने की धमकी देकर जबरन अपने गुलाम देशों में श्रमिक के रूप में भेजा करते थे। इस प्रकार गए हुए ऐसे भारतीय मजदूर जो उन कथित 'गोल्डन लैंड्स' में जाकर जीवन अपने देश लौटने का किराया भी नहीं जुटा पाए और बेबस होकर वहीं मर-खप गए। गुयाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, सूरीनाम, जमैका, फिजी, मॉरीशस, मलेशिया, फिजी, दक्षिण अफ्रीका के युगांडा, केन्या, तंजानिया जैसे कुछ अन्य देशों में आज इन्हीं भारतीय गिरमिटियों के वंशज आज अपने श्रम, लगन, ध्यान, देशप्रेम, से भारतीय संस्कृति की ध्वजा फहरा रहें हैं। हमें बड़ा गौरव का भान होता है कि इन देशों में ये कभी दीन-हीन रहे ये भारतीय गिरमिटिया मजदूर कितने ही अभावों में रहें हों, कितनी ही भूख से मर-मर गए हों किंतु अपराधी नहीं बने। गिरमिटिया मजदूरों के वंशजों ने इन देशों में अपने श्रम से अपनी आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक, नैतिक, राजनैतिक आधारपीठ का निर्माण कर लिया है। उपरोक्त सभी देशों में गए हुए भारतीय गिरमिटिए, वहां समरस हो गए हैं। अलगाव या देशविरोधी भाव तो इन्हें छू भी नहीं गया है। इसी तरह बड़ी संख्या में कनाडा में बसे भारत मूल के लोग हैं जिन्होने भारत को एक सम्मानित ब्रांड बना दिया है । दिलचस्प बात यह है कि कनाडा में पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल जैसे भारतीय उपप्रायद्वीप के लोग भी अपने को भारतीय यानी इंडियन बताते हैं और अपनी दुकानों के नाम द इंडियन स्टोर रखते हैं जिसपर भरोसा कर ग्राहक बड़ी संख्या में जाते हैं। वहां के लोग बताते हैं कि यदि वे अपने स्टोर का नाम द पाकिस्तानी स्टोर रख दें तो ग्राहक बिदक जाएंगे। तथाकथित सभ्य अंग्रेजों ने ज्ञात रूप से 1.2 मिलियन और अज्ञात रूप से, न जाने कितने लाख विवश-बेबस भारतीयों को अपने उन्नीस गुलाम देशों में जबरन भेज दिया था। यह मानवता के प्रति कथित 'जेंटलमैन अंग्रेजों' का अपराध था। 1917 में बड़े विरोध के बाद ब्रिटिशर्स ने इस अपराध श्रृंखला को रोका था, तब तक लाखों भारतीय परिवार हजारों किमी दूर उन अंग्रेजी कॉलोनियों से स्वदेश लौटने हेतु तड़प रहे थे। आज यह गर्व का विषय है कि अंग्रेजी के किताबों के अनुसार निपट अशिक्षित, विपन्न, साधनहीन भारतीय गिरमिटिया मजदूरों के वंशज, अपनी ईमानदारी और भारतीयता के बल पर इन देशों में प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मंत्री, गवर्नर, प्रशासक, न्यायाधीश, उद्योगपति, बिजनेस टायकून, कंपनी कार्पोरेटर, साहित्यकार, एकेमेडिशियन्स, प्रेरक संत आदि-आदि के रूप में अपनी छटा बिखेर रहे हैं। हजारों किमी दूर के इन देशों में जहां कभी भारतीयता का नाम भी नहीं था वहां प्रतिवर्ष सभी भारतीय उत्सव बड़े ही उल्लास व उत्साहपूर्वक मनाए जाते हैं। सबसे बड़ी बात, इन सभी देशों में 'भारतीय आगमन दिवस' का आयोजन भी होता है। कल्पना की जा सकती है कि कितने सांस्कृतिक आग्रह, कितने देशज प्रण, कितनी जिजीविषा और कितनी जीवटता रही होगी इन गिरमिटियों में कि गुलामी भरे जीवन में भोजन के स्थान पर अंग्रेजों के कोड़े खाते हुए भी ये इन देशों में अपनी संस्कृति को नहीं भूले हैं। अपने लोकगीत, लोकनृत्य, लोकभाषा, रामचरितमानस, पहनावे, बोली आदि को ये आज लगभग दो सौ वर्षों बाद भी जीवंत बनाए हुए हैं। हिंदी के विद्वान डॉ अशोक प्रियदर्शी अपनी मॉरीशस यात्रा के रोचक प्रसंग कई बार साझा कर चुके हैं। भारत के विभिन्न प्रान्तों में अंतरराज्यीय पलायन या अंतरराष्ट्रीय पलायन करने वाले लोगों की भावनाओं का भी समान किया जाना चाहिए।

# कोलंबिया विमान हादसे में सभी 10 लोगों की मौत

**बोगोटा (आईएएनएस)**

दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 10 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यह घटना उत्तर-पश्चिमी कोलंबिया के एक ग्रामीण इलाके में हुई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, अधिकारियों ने बताया कि यह विमान पैसिफिका ट्रैवल द्वारा संचालित किया जा रहा था। विमान बुधवार को जुराडो से मेडेलिन के लिए उड़ान भरने के बाद लापता हो गया था। विमान का मलबा एंटिओक्विया विभाग के उराओ नगरपालिका के एक दूरदराज के इलाके में मिला। विमान में चालक दल के दो सदस्य और आठ यात्री सवार थे।

एंटिओक्विया के जोखिम प्रबंधन विभाग के निदेशक कार्लोस रियोस पुएर्ता ने कहा कि इस हादसे में दुर्भाग्यवश, कोई भी जीवित नहीं बचा। शवों की बरामदगी के लिए 37 कर्मचारी राहत एवं बचाव कार्य कर रहे हैं, लेकिन खराब



मौसम के कारण इस कार्य में दिक्कत आ रही है। उन्होंने बताया कि इस कार्य को जमीन पर किया जा रहा है, क्योंकि खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टरों की मदद नहीं मिल पा रही है।

पैसिफिका ट्रैवल ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि वह हर कदम पर पीड़ित परिवारों के साथ हैं और उन्हें हर प्रकार की सहायता प्रदान करेंगे। इसके साथ ही, कोलंबिया के परिवहन मंत्रालय और नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने भी संवेदना व्यक्त की और दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। इससे पहले, कोलंबिया में कोलंबियाई एयरोस्पेस फोर्स का एक एमआई-17 परिवहन हेलीकॉप्टर एक प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

# राज्य में 1000 पीएचसी खुलेंगे : स्वास्थ्य मंत्री

## बहुत जल्द राज्यवासियों को रिम्स टू मिलेगा : इरफान अंसारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा है कि राज्य में डेंटल डॉक्टरों की जो भी समस्या है, उसका समाधान किया जाएगा। हम राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करना चाहते हैं।

यह डॉक्टरों के सहयोग के बगैर संभव नहीं है। रिम्स पर काफी लोड है। बहुत जल्द राज्यवासियों को रिम्स टू मिलेगा। व्यवस्था सुधार में सभी डॉक्टरों से भी सुझाव लिया जाएगा। राज्य के मरीजों को सुगम स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य में 1000 पीएचसी खोलने जा रहे हैं, उनमें डेंटल डॉक्टरों की भी नियुक्ति होगी। साथ ही राज्य में 6000 मेडिकल स्टाफ की भी नियुक्ति करने जा रहे हैं।

डॉ इरफान अंसारी शनिवार को आईएमए, भवन में झारखंड स्टेट हेल्थ सर्विस एसोसिएशन (झासा) के दंत संवर्ग के प्रथम राज्य स्तरीय सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के साथ डेंटल ट्रीटमेंट को भी टैग करना चाहते हैं। सभी मरीजों को दवा, जांच व अल्ट्रासाउंट की मुफ्त सुविधा देने जा रहे हैं।

साथ ही उन्होंने कहा कि 14 जनवरी के बाद राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने को लेकर वह अपना ऑपरेशन स्टार्ट करेंगे, क्योंकि राज्य में कहीं भी चले जाइए, लगता ही नहीं है कि स्वास्थ्य की कोई व्यवस्था है। इस अवसर पर निदेशक प्रमुख डॉ सीके शाही, सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, डॉ अजय कुमार सिंह, डॉ बिमलेश सिंह, डॉ एचपी साहू समेत लगभग 150 से अधिक डॉक्टर उपस्थित थे।



### हर तीसरा व्यक्ति दांत की समस्या से पीड़ित

स्वास्थ्य मंत्री ने निजी डॉक्टरों से भी अपील की, कि आप सरकार को सेवा दें। व्यवस्था सुधारने में सहयोग करें, निजी में आप जो कमाते हैं, सरकार देगी। हर सुविधा उपलब्ध कराएगी। मैं भी डॉक्टर हूं, मानता हूं कि निजी क्लिनिक पर ज्यादा ध्यान रहता है। लेकिन आप अपना काम ईमानदारी से करें, व्यवस्था सुधारें, उसके बाद आपको निजी प्रैक्टिस से छूट है। उन्होंने कहा कि हर तीसरा व्यक्ति दांत की समस्या से पीड़ित है। राज्य की आबादी 4 करोड़ है, लेकिन डेंटल डॉक्टर मात्र 240 हैं। आपके ऊपर बड़ी जवाबदेही है। कहा कि राज्य में अब हर डॉक्टर का सम्मान होगा। आए दिन डॉक्टरों के साथ मारपीट, दुर्व्यवहार की घटना को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विश्वास दिलाता हूं, अब ऐसा नहीं होगा।

### बिहार में 1540 जबकि, झारखंड में महज 220 डेंटल डॉक्टर

कार्यक्रम के दौरान झासा सचिव डॉ मृत्युंजय सिंह ने डेंटल संवर्ग के लिए 4 डीएसीपी की मांग करते हुए कहा कि बिहार के साथ साथ झारखंड में भी अन्य संवर्ग के डॉक्टरों को यह लाभ मिल चुका है। लेकिन डेंटल संवर्ग को तीन डीएसीपी ही मिला है। उन्होंने कहा कि बिहार में डेंटल संवर्ग में 1540 पद सृजित हैं, जबकि झारखंड में महज 220 पद। उन्होंने डेंटल डॉक्टर के साथ-साथ डेंटल हाइजिनिस्ट के पद भी सृजित करने की मांग मंत्री से की। इसके साथ ही एमडीएस डिग्रीधारी का विशेषज्ञ कैडर बनाने, एनएचएम के तहत कार्यरत डॉक्टरों की वेतन वृद्धि करने की मांग भी की। साथ ही मंत्री को बताया कि कई जगह डॉक्टर तो हैं, लेकिन डेंटल चेयर उपलब्ध नहीं है। झासा की ओर से मंत्री व निदेशक प्रमुख को 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया।



## दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 81वां जन्मदिन मनाया गया

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शनिवार को राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन को उनके 81वें जन्मदिवस पर पुष्पगुच्छ भेंटकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं उनके सुदीर्घ जीवन की कामना की। मौके पर मुख्यमंत्री ने अपने पिता से आशीर्वाद लेते हुए ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर मंत्री इरफान अंसारी, मंत्री हफीजुल हसन, विधायक बसंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन सहित मुख्यमंत्री के अन्य परिजन तथा कई गणमान्य लोगों ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को उनके जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की।

## बाबूलाल ने नि:शक्त बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को बहुबाजार स्थित संत मिखाइल ब्लाइंड स्कूल में नि:शक्त बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। इस मौके पर बच्चों ने गीत गाकर पूर्व सीएम को बधाई दी। पूर्व सीएम ने बच्चों के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा स्कूल प्रबंधन को दिया। कार्यक्रम में भाजपा नेता संतोष कुमार, आलोक कुमार, संत मिखाईल ब्लाईंड स्कूल के वार्डन राजकुमार नागवंशी समेत अन्य शामिल हुए।



## डीसी ने शिबू सोरेन को जन्मदिन पर दी बधाई

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जन्मदिन पर में उनके आवास में जा कर उन्हें जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। साथ प्रार्थना करते हुए कहा की ईश्वर उन्हें हमेशा खुश और स्वस्थ रखें।

## भारतीय ज्ञान प्रणाली के संवर्द्धन को युवा आगे आएं : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा कॉलेज में भारतीय ज्ञान प्रणाली पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरूआत शनिवार को हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में वित्त मंत्री, झारखंड सरकार राधा कृष्ण किशोर मौजूद थे। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली की जड़े बहुत गहरी हैं और इसकी वैश्विक पहचान रही है। कहा कि इस आधुनिकता के दौर में भारत की पुरानी ज्ञान परंपरा और संस्कृति के संरक्षण के लिए युवाओं को आगे आने की जरूरत है, ताकि हमारी आनेवाली पीढी भारत की महान विरासत को संरक्षित कर सके। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के ज्ञान का उपयोग करते हुए जितने औषधीय गुणों से संपन्न पौधे हैं, उनका उपयोग कर चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांति लाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि हमें उसे व्यवहार में लाने की आवश्यकता है। मुख्य वक्ता जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रो सौगत भादुड़ी, ने भारतीय ज्ञान परंपरा, पर



विस्तृत जानकारी दी उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा अपने आप में बहुत विराट है और यह मानव जाति के बेहतर भविष्य के लिए अपने अंदर बहुत सारे विचारों को समाहित किए हुए है। भारतीय ज्ञान परंपरा के माध्यम से बेहतर समाज का निर्माण किया जा सकता है। दूसरे वक्ता पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो आरबीपी सिंह ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा हमें एक उन्नत जीवन शैली प्रदान करने में मदद करनेवाली बहुत ही महत्वपूर्ण प्रणाली है। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन में देवी-देवताओं की सवारी के रूप में पशु-पक्षी का संबंध बताया गया, यह इस बात का प्रमाण है कि हमारी ज्ञान परंपरा किस तरह से एक संतुलित पारिस्थितिकी के बारे में चिंतन करनेवाली है।

## पर्यटन मंत्री ने हुंडरू, जोन्हा और सीता फॉल का किया निरीक्षण



**रांची।** झारखंड सरकार के नगर विकास एवं पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने हुंडरू फॉल, सीता और जोन्हा फॉल का निरीक्षण किया। उनके साथ निदेशक पर्यटन विभाग की अंजलि यादव उपस्थित थीं। झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद और संरक्षक? बालेश्वर बेदिया ने बुके देकर मंत्री का स्वागत किया। पर्यटनकर्मियों ने मृतक पर्यटनकर्मी के आश्रितों को काम में रखने, स्थायीकरण करने, पीएफ, जीवन बीमा लागू करने से संबंधित छह सूत्री मांग पत्र मंत्री को सौंपा। मंत्री ने हुंडरू, जोन्हा और सीता जलप्रपात पर्यटन स्थल में पर्यटकों को मिलनेवाली सुविधा की जानकारी ली।

## महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध : अन्नपूर्णा देवी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार 10-12 जनवरी तक उदयपुर, राजस्थान में चिंतन शिविर की मेजबानी कर रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन, केन्द्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास अन्नपूर्णा देवी ने महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री और राजस्थान की महिला एवं बाल विकास मंत्री दीया कुमारी की उपस्थिति में किया। इस शिविर में केंद्रीय मंत्री,



राज्य मंत्री और केंद्र और राज्यों के महिला और बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं।

मौके पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने महिलाओं और बच्चों के कल्याण के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने जी 20 की अध्यक्षता करते हुए वैश्विक ध्यान 'महिला विकास' से बदलकर 'महिला नेतृत्व में विकास' पर केंद्रित किया, एक दृष्टिकोण जिसे ब्राजील ने 2024 में अपनी अध्यक्षता के दौरान मजबूती से समर्थन दिया।

विशेष संबोधन में महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सवित्री ठाकुर ने मंत्रालय की वर्तमान पहलों को रेखांकित करते हुए कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने और बच्चों के कल्याण को सुनिश्चित करने के हमारे प्रयास रंग ला रहे हैं। इस शिविर में सहयोगात्मक चर्चाओं और अनुभवों के आदान-प्रदान के माध्यम से, हम सफल प्रथाओं को व्यापक स्तर पर लागू करने का लक्ष्य रखते हैं।



PR No. 344130 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs) 2024-25
पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद और युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार

### गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर डीसी ने की बैठक, दिए निर्देश

# झारखंड की धरोहर प्रदर्शित करने वाली झांकियों का होगा प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



● 18 से 24 जनवरी तक होगा रिहर्सल, समारोह में 15 प्लाटून और चार बैंड लेगे हिस्सा।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने मोरहाबादी मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित सभागार में बैठक की। बैठक में पुलिस अधीक्षक (शहर) राजकुमार मेहता, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर), उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक, अपर समाहर्त्ता रामनारायण सिंह, निदेशक आइटीडीए संजय कुमार भगत, निदेशक डीआरडीए सुदर्शन मुर्मू, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, एलआरडीसी मुकेश कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत, जिला जन संपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय, जिला नजारत उपसमाहर्त्ता सुदेश कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल-1 एवं कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्य प्रमंडल, समादेष्टा जेएपी-1 डोरंडा/ समादेष्टा, जेएपी-2 टाटीसिलवे, समादेष्टा सीआईएसएफ, एचईसी, जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, अग्निश्मन पदाधिकारी, कमांडिंग ऑफिसर एनसीसी सहित संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

मोरहाबादी मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी से संबंधित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने ससमय तैयारी पूरी करने के निर्देश सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को दिया गया।उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने बताया इस बार गणतंत्र दिवस समारोह 2025 में मुख्य आकर्षण यहाँ की झांकियों का प्रदर्शन रहेगा एवं गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर झारखण्ड सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं/ नीतियों पर आधारित तथा झारखण्ड की उत्कृष्ट कला, संस्कृति, परम्परा एवं धरोहर प्रदर्शित करने वालें झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। जिससे यहाँ के लोग सरकार के सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं/ नीतियों पर आधारित तथा झारखण्ड की उत्कृष्ट कला, संस्कृति, परम्परा एवं धरोहर का दीदार इन झांकी के माध्यम से करेंगे।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने बताया की गणतंत्र दिवस समारोह 2025 जो रांची के मोरहबादी में हो रहा है, इस बार लगभग 15 प्लाटून और 04 बैन्ड् के द्वारा किया जाएगा।

# धार्मिक व सांस्कृतिक पर्व मकर संक्रांति 14 को, शुरु हो जाएंगे मांगलिक कार्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

● यह पर्व हमारी सांस्कृतिक धरोहर, कृषि और सामाजिक एकता का है प्रतीक : संजय सर्राफ

श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट व विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि मकर संक्रांति हर वर्ष 14 जनवरी को मनाई जाती है।हिंदू धर्म में मकर संक्रांति का विशेष महत्व है। यह पर्व सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने का प्रतीक है, जो एक महत्वपूर्ण खगोलीय घटना मानी जाती है। मकर संक्रांति भारत के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग नामों से मनाई जाती है, लेकिन इसका मूल उद्देश्य सूर्य देव की पूजा और सकारात्मकता का आह्वान करना है। शास्त्रों के अनुसार,भगवान सूर्य बारह राशियों के भ्रमण के दौरान जब मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है। इस त्योहार को सकरांत, लोहड़ी, टहरी, पोंगल आदि नामों से जानते हैं। इस दिन स्नान व दान का भी विशेष महत्व माना गया है। मकर राशि में सूर्य के प्रवेश करते ही सूर्यदेव उतरायण हो जाते हैं और देवताओं के दिन और दैत्यों के लिए रात शुरू होती है। खरमास खत्म होने के साथ ही माघ माह भी शुरू हो जाता है। इसी के साथ मांगलिक कार्य आरंभ हो जाते हैं। सूर्य देव को मकर संक्रांति के दिन अर्घ्य के दौरान जल, लाल पुष्प, फूल, वस्त्र, गेंहू, अक्षत, सुपारी आदि अर्पित की जाती है। मकर संक्रांति के दिन खिचड़ी का विशेष महत्व होता है। इस पावन दिन सुबह सूर्योदय से पूर्व ही शुद्ध जल से स्नान करें। स्नान के पश्चात गायत्री मंत्र का जाप, सूर्य की आराधना और अपने इष्ट और गुरु मंत्र का जाप करें।

### एनएसएस स्वयंसेवकों ने जरूरतमंदों में बांटे कपड़े

**रांची।** बीआईटी मेसरा, लालपुर सेंटर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से शनिवार को रांची रेलवे स्टेशन और पहाड़ी टोला में कपड़ा वितरण अभियान चलाया गया। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद व्यक्तियों को सर्दियों के कपड़े प्रदान करना और परिसर समुदाय के भीतर सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना था। वितरण से पहले कपड़ा दान अभियान चलाया गया, जिसमें शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्थानीय निवासियों से उदारतापूर्वक सहयोग किया।एनएसएस स्वयंसेवकों ने कुशलतापूर्वक दान किए गए कपड़ों को एकत्र किया, छांटा और वर्गीकृत किया, ताकि कुशल वितरण सुनिश्चित हो सके।

### स्कूल ऑफ योग में राष्ट्रीय युवा दिवस का सफल आयोजन

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ योग में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिवा सिकरवार व विशिष्ट अतिथि डॉ अर्चना दुबे, डॉ मधुलिका वर्मा, डॉ गुरुचरण साहू, सभी शिक्षक, कर्मी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्वलन तथा अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। डॉ मधुलिका वर्मा ने स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए अग्रसर रहने हेतु प्रेरित किया। डॉ अर्चना दुबे ने विद्यार्थियों को विवेकानंद के विचारों को पढ़ने और उनके विचारों से प्रेरणा लेकर एक अच्छे विद्यार्थी के रूप में अपने आप को विकसित करने तथा उनके शिक्षाओं के प्रति जागरूकता के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि शिव सिकरवार ने स्वामी विवेकानंद के अनेकों विचारों, जीवनवृतान्तों के माध्यम से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

### राज्यपाल संतोष गंगवार ने बच्चों से कहा

# प्रतियोगिताएं रचनात्मकता को निखारने में सहायक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राज्यपाल संतोष गंगवार ने शनिवार को रांची के टेंडर हार्ट सेकेंडरी स्कूल में आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित किया। यह कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा 2025 के प्रति बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित किया गया था। राज्यपाल संतोष गंगवार ने 'परीक्षा पे चर्चा 2025' के प्रति बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उनकी सृजनात्मक क्षमता को निखारने में सहायक होती हैं। किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेना ही बड़ी उपलब्धि होती है।

राज्यपाल संतोष गंगवार ने आगे कहा कि कला हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है. चित्रकला के माध्यम से बच्चे अपने विचारों, भावनाओं और कल्पनाओं को व्यक्त करते हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों ने अपनी अद्वितीय रचनात्मकता और प्रतिभा का परिचय दिया है. उन्होंने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है. उनका कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य केवल विजेता बनना नहीं है, बल्कि इसमें भाग लेना और सीखना अधिक महत्वपूर्ण है. राज्यपाल संतोष गंगवार ने इस आयोजन के लिए केंद्रीय मंत्री संजय सेठ की सक्रिय भूमिका की सराहना की. साथ ही साथ उन्होंने स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों के प्रयासों की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों में आत्मविश्वास और उत्कृष्टता का विकास ऐसे आयोजनों से ही संभव है. मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, टेंडर हार्ट सेकेंडरी स्कूल, रांची के अध्यक्ष सुधीर तिवारी समेत विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, प्रतिभागी छात्र-छात्राएं और अभिभावक उपस्थित थे।

समारोह में केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, टेंडर हार्ट सेकेंडरी स्कूल के अध्यक्ष सुधीर तिवारी समेत विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, प्रतिभागी और अभिभावक उपस्थित थे।

# अग्रसेन पथ : श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मण्डल ने अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में शनिवार को खाटू नरेश श्याम बाबा को कार्तिक द्वादशी पर संध्या 6 बजे से श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया। भोग के मुख्य यजमान वेद प्रकाश बागला ने अपने पूरे परिवार के साथ श्याम बाबा को खीर चूरमा का भोग अर्पित किए। सर्व प्रथम मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका एवं बागला परिवार द्वार गणेश पूजन कर मंदिर में विराजे वीर बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी पूजन कर विभिन्न प्रकार के फल एवं मिष्ठान अर्पित कर श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमे का भोग अर्पित किया। इस अवसर पर पूरा मन्दिर परिसर हारे के सहारे की जय - लखदातार की जय जयकारों के गूंज उठा। द्वादशी के दिन श्री श्याम प्रभु का प्रिय भोग खीर चूरमा को लेने भक्तगण कतारबद्ध होकर प्राप्त कर रहे थे। साथ ही श्री श्याम मण्डल के कार्यकर्ता आए हुए भक्तजनों को शुद्ध पेयजल का वितरण कर रहे थे तथा उनके चरण पादुका को रखने की उत्तम व्यवस्था बना हुआ था। आज के खीर चूरमा का भोग श्री श्याम मन्दिर में ही निर्मित किया गया तथा 300 से ज्यादा भक्तजनों प्रसाद प्राप्त किया। तत्पश्चात अयोध्या श्री राम मन्दिर के प्रथम स्थापना दिवस पर श्री श्याम मन्दिर में दीपोत्सव मनाया गया साथ ही मण्डल के सदस्यों द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठक एवं संकीर्तन का कार्यक्रम किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश सारस्वत, विकाश पाडिया, ज्ञान प्रकाश बागला, जितेश अग्रवाल, नितेश केजरीवाल, प्रियांश पोद्दार, राकेश सारस्वत, नितेश लखोटिया, अमित जलान का सहयोग रहा।

### पेट्रोलियम पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई

**रांची।** पेट्रोलियम पदार्थों में मिलावट एवं अवैध भण्डारण करनेवालों के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गयी है। इस संबंध में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री को गुप्त सूचना मिली थी कि बालालौंग के पास पेट्रोलियम पदार्थों की वाहनों से चोरी कर मिलावट और अवैध भण्डारण किया जा रहा है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर दल-बल के साथ जिला प्रशासन की टीम मौके पर जांच के लिए पहुंची। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नगड़ी ने जांच के दौरान मिलावट एवं अवैध भण्डारण की सूचना को सही पाया। टीम द्वारा 4200 लीटर पेट्रोल, 250 लीटर डीजल एवं लगभग 13 लीटर स्प्रिट बरामद किया गया। पेट्रोलियम पदार्थों में मिलावट एवं अवैध भण्डारण के आरोप में दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। मोसाहिद मंसूरी एवं तौसिफ रजा के खिलाफ विधानसभा थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

### भारतीय इतिहास लेखन में महिला विमर्श पर आयोजित अधिवेशन में राज्यपाल ने कहा

# महिलाओं का योगदान इतिहास में प्रेरणादायक

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार रांची के आर्यभट्ट सभागार में भारतीय इतिहास लेखन में महिला विमर्श विषय पर आधारित अधिवेशन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, कला, संस्कृति, पुरातत्व, पर्यटन, खेलकूद और युवा कार्य मंत्रालय, झारखंड सरकार के तत्वावधान में किया गया था। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में महिलाओं का योगदान अद्वितीय और प्रेरणादायक रहा है। सावित्रीबाई फुले, रानी लक्ष्मीबाई और झारखंड की वीर नायिकाएं, जैसे फूलो-झानो, इस बात के प्रतीक हैं कि महिलाओं ने हमेशा समाज को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्यपाल ने कहा कि इन महान महिलाओं के योगदान को इतिहास में उचित स्थान दिलाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आधुनिक महिला इतिहासकार इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास कर रही हैं और महिलाओं की भूमिका को नए दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत कर रही हैं। यह न केवल इतिहास लेखन को समृद्ध करता है, बल्कि समाज के समग्र विकास में सहायक भी है। राज्यपाल ने रांची विश्वविद्यालय द्वारा 'स्वतंत्रता संग्राम में झारखंड की नायिकाएं' विषय पर आयोजित संगोष्ठी की सराहना की और इसे झारखंड तथा भारत की ऐतिहासिक परंपराओं को उजागर करने की दिशा में एक मील का पत्थर बताया। इस अधिवेशन में देशभर के प्रख्यात इतिहासकारों, शिक्षाविदों और बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, महिला इतिहासकार परिषद की अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) सुस्मिता पाण्डे, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. बालमुकुंद पाण्डेय, और रांची विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुज़ाता सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

## अधिवेशन में शामिल महिला इतिहासकारों ने रखा अपना पक्ष

### इतिहास का महत्वपूर्ण आयाम है महिला : डॉ सुष्मिता पांडेय

महिला इतिहासकार परिषद की अध्यक्ष और आरयू प्रो डॉ सुष्मिता पांडेय ने कहा इतिहास का महत्वपूर्ण आयाम महिला है। महिलाओं में कई तरह की प्रतिभाएं छूपी है। 80 के दशक में महिला इतिहास में विकृति आ गई है। महिला विषय पर आधारित अखिल भारतीय महिला इतिहासकारों का दो दिवसीय अधिवेशन से कई मुख्य बिंदु उभर कर आएंगे।

### भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं का था अहम योगदान : हर्ष कुमारी



रांची में पीएचडी कर रही हर्ष कुमारी ने बताया कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं का योगदान था। हालांकि उन्हीं नायिकाओं के बारे में हम सभी जानते हैं जिन्हें उस वक्त के इतिहासकारों ने दिखाया। उन्होंने कहा मैं उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में अपने लेखन में चर्चा करूंगी, जिन्होंने अपना योगदान देश की आजादी में दी।

### थारू जनजाति की महिलाओं के इतिहास को उजागर करुंगी : डॉ रत्ना



लखनऊ से संगोष्ठी में हिस्सा लेने पहुंची डॉ रत्ना ने कहा कि मैं थारु जनजाति की महिलाओं के इतिहास को उजागर करने के प्रयास में हूं। थारु जनजाति महिलाओं की सामाजिकता और तौर तरीकों को आज की युवा पीढ़ी को बताने का प्रयास है। उन्होंने अपने लेखन के जरिए थारु जनजाति की महिलाओं को और उनके इतिहास को पेश करेंगी।

### गुमनाम वीरांगनाओं के संघर्ष को गोष्ठी में रखूंगी : डॉ राजवंती



इग्नू की असिस्टेंट प्रो डॉ राजवंती ने कहा कि जिन महिलाओं का इतिहास में कही नाम नहीं है उनके बारे में चर्चा करेंगे। ऐसे में नीरा, आर्य हाड़ा की रानी, रानी चेन्नामा, माता भागो देवी शामिल है। उन्होंने कहा आज के समय में स्त्री को देह समझा जाता है। रचनात्मकता के आधार पर चेतना और विवेक ज्ञान में महिला की सुंदरता है।

### प्राचीन शिक्षा नीति पर चर्चा जरुरी : डॉ जयश्री

उस्मानिया हैदराबाद से आई डॉ जयश्री ने कहा कि संगोष्ठी में कई विषयों पर चर्चा होगी। मेरा विषय है वह शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में गुरुकुलों में गुरु बच्चों के दिलचस्पी के अनुसार शिक्षा देते थे। आज की शिक्षा नीति में भी यह व्यवस्था लाना जरुरी है। संगोष्ठी में यह मुद्दा उठाना जरुरी है।

### प्राचीन काल के प्राकृतिक उपचार पर चर्चा करेंगे : अपर्णा

तमिलनाडु से आई अपर्णा ने कहा कि संगोष्ठी में प्राचीन प्राकृतिक उपचार विषय पर विचार रखेंगे। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में वैदिक ज्ञान से बीमार लोग इलाज कराकर स्वस्थ हो जाते थे। इस दौर में प्राचीन काल के इलाज के बारे में जनता को मालूम होना चाहिए। उन्होंने कहा इसलिए इस विषय पर चर्चा जरुरी है।

### समाज की गुमनाम महिलाओं के इतिहास पर चर्चा जरुरी: सुष्मिता सिंह



पटना से आई सुष्मिता सिंह ने कहा कि पहली ऐसी गोष्ठी का आयोजन हो रहा है, जहां महिलाओं से जुड़ी बातों पर चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि गोष्ठी में गुमनाम महिलाओं के इतिहास की चर्चा जरुरी है। किशोरी प्रसन्न सिंह का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा- यह वो महिला है जिन्होंने उस जमाने में मार्सल आर्ट करने की हिम्मत लाई थी जब पर्दा का वक्त था। ऐसी ही कई महिलाएं जिनके बारे में आज की युवा पीढ़ी को पता होना चाहिए।

### हमारा इतिहास वेदों व पुराणों पर है : गीता काटे




हैदराबाद से आई गीता काटे ने कहा कि जो इतिहास हमें बचपन से पढाया गया वह आक्रमण का इतिहास है, जबकि हमारा इतिहास आक्रमक है ही नहीं। उन्होंने कहा हमारा इतिहास वेदों पुराणों से संबंधित है। आज देश के युवाओं को असली इतिहास पता ही नहीं है।

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
National Programme for Control of Blindness

मोतियाबिन्द

मोतियाबिन्द के लक्षण, उपचार एवं रोकथाम




मोतियाबिन्द के लक्षण
- दृष्टि में धुंधलापन या अस्पष्टता।
- बुजुर्गों में निकट दृष्टि दोष में निरंतर बढ़ोत्तरी।
- रंगों को देखने की क्षमता में बदलाव, क्योंकि लेंस एक फिल्टर की तरह काम करता है।
- रात में वाहन चलाने में दिक्कत आना।
- दिन के समय आँखें चौंधियाना
- दोहरी दृष्टि (डबल विजन)।
- चश्मे के नंबर में अचानक बदलाव आना।

मोतियाबिन्द का उपचार
- मोतियाबिन्द का एक मात्र उपचार ऑपरेशन है।
- इस ऑपरेशन में आँख से धुंधला लेंस निकाल दिया जाता है और कृत्रिम लेंस लगाया जाता है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन सुरक्षित एवं सरल है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन किसी भी मौसम में करवा सकते हैं।

मोतियाबिन्द की रोकथाम
- चालीस वर्ष के पश्चात नियमित रूप से आंखों की जांच कराएं।
- अपना वजन सामान्य बनाएं रखें।
- रंग-बिरंगे फलों और सब्जियों को अपने भोजन में शामिल करें।
- धूम्रपान छोड़ें और शराब का सेवन कम से कम करें।

सभी सरकारी अस्पतालों में नेत्र जाँच एवं उपचार की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है।

PR No. 343759 (Health Med Edu and Family Welfare) 2024-25

104 | राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड | 108
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

## एक नजर

### मोबाइल चोर को लोगों ने किया पुलिस के हवाले

रांची। पुलिस को सूचना मिली कि अलबर्ट एक्का चौक के पास आम लोगों ने एक मोबाइल चोर पकड़ रखा है। चन्द्रमोहन बारला सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रपाई के लिए अलबर्ट एक्का चौक पहुंचे। वहां उन्होंने पाया कि आम लोगो के भीड़ के बीच में एक व्यक्ति है जिसे लोगो के द्वारा मोबाइल चोर बताया जा रहा था। व्यक्ति से उसका नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम बसीम अंसारी, धनबाद निवासी बताया। पुलिस के द्वारा उसके पास से चोरी के तीन मोबइल को बरामद कर विधिवत जब्त कर थाना लाया गया। पुलिस के द्वारा उस पर कार्रवाई की गई।

### एनसीबी रांची जोन ने जब्त 15450 किलोग्राम ड्रग्स को किया नष्ट

रांची। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), रांची जोन ने ह्यड्रग्स विनिष्क्रियन पखवाड़ा 2025ह्ल के बैनर तले बड़ी मात्रा में जब्त 15450 किलोग्राम ड्रग्स का सफलतापूर्वक नष्ट किया गया। एजेंसी द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। नष्ट की गई ड्रग्स में 15086 किलोग्राम पोस्ता भूसा, सीबीसीएस (कोडीन-आधारित कफ सिरप) की 2506 बोतलें, 114 किलोग्राम अफीम शामिल है।
भस्मीकरण प्रक्रिया मेसर्स आदित्यपुर अपशिष्ट प्रबंधन प्राइवेट लिमिटेड में की गई। लिमिटेड सरायकेला - खरसावां में एनडीपीएस अधिनियम, 1985 और जीएसआर 899, 2022 के प्रासंगिक नियमों के अनुसार कार्रवाई की गई। निपटान को अधिकृत अधिकारियों द्वारा देखा गया और आगे की अदालती कार्रवाई के लिए दस्तावेज तैयार किए गए।

### भगवद् नाम का उच्चारण व स्मरण से श्रीहरि अति प्रसन्न होते हैं

रांची। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरूपति बालाजी) मन्दिर में धनुर्मास पर्यन्त वैकुण्ठोत्सव के मोक्ष और कल्याणप्रद पर्व पर चतुर्दिवसीय श्रीविष्णु सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। जो कि वर्ष में केवल एकवार सामुहिक रूप से कराया जाता है, जिसमें सैंकड़ो लोग परिवार समूह के साथ इस अनुष्ठान में सम्मिलित होते हैं। इस वर्ष 09 जनवरी से 12 जनवरी रविवार तक यह आयोजित अनुष्ठान में सैंकड़ों यजमान परिवार शामिल हो चुके हैं। अभी बुकिंग जारी है 11 जनवरी शनिवार को तीसरे दिन के सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान में सद्यः श्रेष्ठ फल की आशा को लिए 151 परिवार सहस्त्रनाम अर्चना करवाए। भगवान का यह सहसत्रनाम आर्यावर्त के वैष्णव क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ फल देनेवाला है। कलयुग केवल नाम अधारा, सुमिरि सुमिरि नर उतरहिं पारा। यह नाम मंत्र धन - धान्य और यश प्रदान करता है।

### बचे हुए गांवों व टोलों में निर्धारित समय सीमा में विद्युतीकरण पूर्ण करें : डीसी

रांची। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में शनिवार को मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखण्ड योजना एवं आरडीएसएस से संबंधित बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में आयोजित बैठक में विभिन्न अनुमण्डल के संबधित विद्युत कार्यपालक अभियंता एवं योजना अंतर्गत कार्यरत एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने पदाधिकारियों से उनके संबंधित अनुमण्डल में योजनाओं की कार्य प्रगति की जानकारी ली गयी। मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखण्ड योजना के अंतर्गत उपायुक्त द्वारा जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बचे हुए गांवों एवं टोलों में निर्धारित समय सीमा में विद्युतीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आरडीएसएस स्कीम के तहत खुले बिजली तारों को एबी केबल से बदलने, स्मार्ट मीटर लगाने आदि कार्यों में भी उपायुक्त द्वारा तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

#### खलारी में भक्तिभाव से मनी रामलला प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ

# कारसेवकों की स्मृति में बने हिन्दूगढ़ी चौक में हुई रामलला की पूजा



नवीन मेल संवाददाता। खलारी
अयोध्याधाम स्थित श्रीरामजन्मभूमि में रामलला प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ खलारी में शनिवार को धूमधाम व भक्तिभाव से मनाई गई। अयोध्या धाम में वर्ष 1990 व उससे पूर्व कारसेवा के दौरान वीरगति को प्राप्त हुतात्माओं की स्मृति में बनाए गए खलारी के केडी हिन्दूगढ़ी चौक को फूल मालाओं से आकर्षक रूप से सजाया गया था। केडी बाजार को भगवा पताकों से सजाया गया था। दिनभर भक्ति गीत बजते रहे। दिन में पुजारी सवानंद दुबे ने हिन्दूगढ़ी चौक पर रखे रामलला प्रतिमा के चित्र का विधान पूर्वक पूजन कराया। भगवान का जयकारा लगाया गया। उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद बांटा गया। वहीं शाम को रामलला की विशेष आरती की गई। हनुमान चालीसा पाठ के बाद जयकारा लगाया गया। अंत में लोगों के बीच खीर प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन में मयंक सिंह व उनके मित्रों की सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रम में रामदेव अग्रवाल, डीएन शर्मा, अरविन्द सिंह, सत्येन्द्र सिंह, धीरेन्द्र प्रसाद, विकासकुमार सिंह, सुशील अग्रवाल, शत्रुजय सिंह, पंकज मिश्रा, मिथिलेश सिंह, प्रवीण राठौर, तेजनारायण सिंह, कुमुद सिंह, राकेशकुमार छोटू, दीपक राठौर, कमलेश वर्मा, पप्पू, साबा प्रमाणिक, रोशन लाल, श्रीकांत शर्मा, मयंक सिंह, छोटू सिंह, विकेश सिंह, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### एस एस (+2) विद्यालय सिल्ली में टुसू उत्सव मनाया गया

सिल्ली। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत एस एस (+2) विद्यालय में शनिवार के दिन शिक्षक गण एवं बच्चों के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालय प्रांगण में टुसू उत्सव का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने आकर्षक ढंग से सजाये हुए टुसू को विद्यालय लेकर पहुंचे जिसको देखकर शिक्षकों ने काफी सराहना की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जिसको देखकर सभी मंत्र मुग्ध हो गए और शिक्षकों ने विद्यार्थियों की भूरि भूरि प्रशंसा की। विद्यार्थियों के द्वारा एक से बढ़कर एक गीतों पर सांस्कृतिक और पारंपरिक नृत्य किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक पवन कुमार पांडे, सोमा देब, भारती महतो, मोना कुमारी, उषा कुमारी, निभा कुमारी, पुष्पांजलि गाड़ी, सरिता कुमारी, मुकेश कुमार महतो, ओमप्रकाश मिश्रा, रामानंद सिंह, आनंद प्रसाद, रविंद्र नाथ महतो, आदित्यनाथ झा, कृष्णा उरांव, सेमत सभी शिक्षकगण का सराहनीय योगदान रहा।

## न्यूज | बॉक्स

### हिण्डाल्को में जरुरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण



मुरी। शनिवार को हिण्डाल्को में सीएसआर विभाग द्वारा अल्युमीना क्लब परिसर में सिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के बीच पोषण आहार के साथ कंबल वितरित किया गया। प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के अस्सी लोगों के बीच दिया गया। वितरण समारोह में सिल्ली अस्पताल प्रभारी प्रियंका कुमारी ने कही कि हिण्डाल्को के इस तरह के कार्यक्रम में काफी योगदान दिया है ।,सीओ अरूणिमा एक्का ने कही कि अगर किसी को टीबी हो गया तो धबराने की जरूरत नहीं है। पोषण आहार का समुचित उपयोग करें। संचालन भरत सिंह ने किया। प्लांट हेड संदीप पाटिल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बड़े स्तर पर किया जाएगा। मौके पर मुखिया सोमरा मांझी, सीमा गंझु, शर्मिला देवी, लालू राम उरांव,प्लांट हेड संदीप पाटिल,एच आर हेड अरूण राय,सी एस आर हेड अनिल कुमार सिंह,भरत सिंह समेत कई प्लांट के सम्मानित लोग मौजूद थे।

### निमुआ राजागोडा में मेला का आयोजन ग्रामीण परिदृश्य की दिखी झलक



सिल्ली। शनिवार को निमुआ राजागोडा में एक दिवसीय मेला का आयोजन किया गया। यह मेला प्रत्येक वर्ष स्व देवेन्द्र महतो और महेंद्र महतो की स्मृति में लगाया जाता है।इस मेले में फुटबॉल प्रतियोगिता, मुर्गा लड़ाई प्रतियोगिता एवं सबसे आकर्षक नर्तकी नाच हुआ।बुण्डु की सरस्वती देवी के साथ कमलनाथ मांझी ने काफी आकर्षक ढंग से लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि राजा पुष्पेन्द्र सिंह, विशिष्ट अतिथि अनगड़ा मुखिया रामानंद बेदिया, कांग्रेस के कार्तिक महतो, मुखिया सोमरा मांझी उपस्थित थे। फुटबॉल प्रतियोगिता में सारजमडीह फुटबॉल टीम ने मारदु को हरा कर विजयी हुआ।उप विजेता टीम को कार्तिक महतो एवं विजेता टीम को रामानंद बेदिया ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। खेल का संचालन मो फारूक ने किया। खेल को लेकर रामानंद बेदिया ने कहा कि निमुआ के ग्राउंड से खिलाडी नेशनल लेवल तक जाए ऐसी मेरी शुभकामनाएं हैं।आने वाला दिन में इस गांव से अच्छे खिलाड़ी की काफी संभावनाएं हैं। मुर्गा लड़ाई प्रतियोगिता में भी काफी लोगों ने उत्साहित होकर देखने पहुंचे। इसे सफल बनाने में पाण्डव महतो, प्राण मुंडा, शम्भू, रंजीत,बिरेन, संजीत, अजीत, रवि, फलाहारी, दिलु सुनील, करमचंद, धर्मनाथ, सोहराय, विश्वनाथ, राजकिशोर, कमलेश, डब्लु, दशरथ की सराहनीय योगदान रहा।

### भारतीय डाक विभाग ने डाक चौपाल का किया आयोजन



मांडर। प्रखंड के पुंगी गांव में शनिवार को भारतीय डाक विभाग द्वारा डाक चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के मुख्य अतिथि मांडर प्रखंड प्रमुख फिलिप्स सहाय एक्का थे। डाक विभाग के सब डिवीजन डाक अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि इस विभाग द्वारा 97 योजनाएं चलाई जा रही है। इसका लाभ प्रत्येक जनमानस को पहुंचाना है। उन्होंने बतलाया कि पूरा विभाग अपने तत्परता से सदैव हर एक लाभुकों के सहायता के लिए खड़ा है। सभा को संबोधित करते हुए समाजसेवी अमिताभ कुमार उर्फ बाबू पाठक ने बतलाया कि लोगों को डाक विभाग की विश्वसनीयता के अनुसार अपने-अपने क्षेत्र विशेष में अपने स्तर पर लोगों को जागरूक करना चाहिए। पसीने से पैसा की कमाई को चिट फंड कंपनियों से बचतेहुए सुरक्षित अपने भविष्य के लिए रखें। डाक विभाग के कार्यक्रमों एवं हो रहे कार्यों का विवरण एवं जानकारी विभाग द्वारा लगाए गए। अनेक स्टालों में दी गई प्रमुख महोदय ने विभाग के खाली पदों पर डाक कर्मियों की नियुक्ति के संबंध में उच्च पदाधिकारी को इस चौपाल के माध्यम से जानकारी देते हुए रिक्त पदों को पदों को भरने का तत्काल प्रभाव से पहल करने की बात कही। सभा का संचालन डाक विभाग के ऋषि कांत मिश्रा ने किया।

## स्कूल में प्रार्थना योद्धा ट्रस्ट ने निशुल्क कपड़े का किया वितरण



नवीन मेल संवाददाता। मांडर शनिवार को मांडर स्थित हॉली चाइल्ड पब्लिक स्कूल नारो में प्रार्थना योद्धा ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क कपड़ा और कंबल का वितरण किया गया । अध्यक्ष एस्थर टोपनो सचिव और व्यवस्थापक राज ने बताया कि यह ट्रस्ट 2020 से लगातार मानव सेवा के लिए समर्पित है। यह ट्रस्ट समय-समय पर मुफ्त भोजन कपड़ा और कंबलों का वितरण करते रहते हैं। 1000 से अधिक जरूरतमंद लोगों के बीच ठंढ कपड़े स्वेटर जैकेट कम्बल शॉल साड़ी जीन्स पैंट सर्ट कुर्ती बच्चों के कपड़े इत्यादि बांटा गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नही होता है। स्कूल के निदेशक आलोक विपिन टोप्पो ने कहा कि लोगों के जीवन की मुख्य आवश्यकता में रोटी कपड़ा और मकान होती है। ट्रस्ट के सदस्य निःस्वार्थ भाव इस कार्य में लगातार लगे हुए हैं और जरूरतमंदों तक अपने खर्च से कपड़ा पहुंचा रही है। वस्त्र वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्रस्ट के सदस्य सुनील मिंज, ज्योतिष मिंज, अमित मिंज, रोनी कीर्ति तिग्गा रश्मि मिंज, हिल्डा लकड़ा, संतोष कुजूर , मारग्रेट लकड़ा , अंशु शबनम तिग्गा, आलोक तिवारी महावीर उरांव पुनीत खलखो शालिनी तिर्की मरियम जेवियर एक्का आदि ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

#### मंत्री के प्रयास से लगा नया ट्रांसफार्मर

# एक माह से गांव में नहीं थी बिजली, ग्रामीणों में दिखा हर्ष



नवीन मेल संवाददाता। लापुंग
लतरातु पंचायत के जमनी टोली गांव में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के प्रयासों के बाद नया ट्रांसफार्मर लगा। लोगों ने खुशी जताई और मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के प्रति आभार जताया। जमनी टोली में लगभग एक महीने से पावर ट्रांसफार्मर जलने के कारण पूरा गांव अंधेरे में डूबा था। ग्रामीणों ने लतरातु पंचायत की मुखिया अलका तिर्की, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र वर्मा एवं प्रभात कुमार से अनुरोध किया। इसके तुरंत बाद मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने मामले को संज्ञान में लिया। दोनों के आदेश के 24 घंटे के अंदर 25 केवीए का पावर ट्रांसफार्मर बिजली विभाग द्वारा लगा दिया गया। शनिवार को देर शाम मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की एवं बंधु तिर्की की हरी झंडी मिलने के बाद समाजसेवी सह विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र वर्मा एवं प्रभात कुमार ने फीता काटकर पावर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। उनके उद्घाटन करने के बाद पूरे गांव में विद्युत आपूर्ति बहाल कर हो गई। समाजसेवी व विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र वर्मा ने कहा कि जमनीटोली में 1 महीने से बिजली नहीं थी। लेकिन तुरंत ग्रामीणों ने नहीं बताया। ग्रामीणों के द्वारा जब उन्हें सूचना मिली तो फिर 24 घंटे के अंदर 25 केवीए का पावर ट्रांसफार्मर मुहैया कराई गई।पावर ट्रांसफार्मर के उद्घाटन के मौके पर बिरसा तिर्की, महादेव उरांव, सरूआ उरांव, तेम्बु भगत, सत्येंद्र उरांव, धर्मेंद्र उरांव, करमी उराईन, सुमित्रा उराईन, मनिया उराईन, बिरसमुणी कुमारी, एतवा उरांव सहित समाजसेवी संजीव कुमार खलखो भी मौके पर मौजूद थे।

## 54.5 एकड़ में लगे अफीम की फसल को किया गया नष्ट



नवीन मेल संवाददाता। रांची
रांची पुलिस ने तमाड़, बुंडू, सोनाहातु, राहे, नामकुम एवं दशमफॉल थाना क्षेत्र में अवैध रूप से किए जा रहे अफीम की खेती को ट्रैक्टर तथा ग्रास कटर मशीन चला कर विनिष्ट किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुंडू के नेतृत्व में तमाड़, बुंडू, सोनाहातु, राहे, नामकुम एवं दशमफॉल थाना प्रभारी ने बुंडू थाना क्षेत्र में 08 एकड़, तमाड़ थाना क्षेत्र में 18 एकड़, सोनाहातु थाना क्षेत्र में 01 एकड़, दशमफॉल थाना क्षेत्र में 5 एकड़, राहे थाना में 0.5 एकड़ व नामकुम थाना क्षेत्र में 02 एकड़ अफीम की फसल को नष्ट किया गया। लगभग 54.5 एकड़ लगे अफीम को ट्रैक्टर, ग्रास कटर मशीन एवं पुलिस बल के द्वारा विनष्ट किया गया।

### राज्यपाल ने बाबा वैद्यनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना



रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने देवघर स्थित बाबा वैद्यनाथ मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। उन्होंने बाबा भोलेनाथ से प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की प्रार्थना की। इस अवसर पर मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने राज्यपाल का स्वागत किया।

### शिहान सुनील किस्पोट्टा अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता का करेंगे उद्घाटन

रांची। 12 जनवरी से बंगाल की राजधानी कोलकाता में जेटकन शीतोरयू कराटे एसोसिएशन डू इंडिया के तत्वावधान में बांगो भूमि कप इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। इसमें विभिन्न देशों से आए कराटे खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह के लिए कराटे इंडिया ऑगेर्नाइजेशन के ट्राइबल और माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेयरमैन सह ईस्ट इंडिया कराटे एसोसिएशन के संयुक्त सचिव शिहान सुनील किस्पोट्टा विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किए गए हैं। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए शिहान सुनील किस्पोट्टा रवाना हुए। शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि चेयरमैन बनने के बाद यह दूसरा कार्यक्रम है जिसमें अतिथि के रूप में आमंत्रित किए गया हैं। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भी शामिल हुए थे।

## पंचपरगना में पौष त्योहार की धूम



नवीन मेल संवाददाता। तमाड़
पौष माह की शुरूआत से ही पूरे पंचपरगना में त्योहार की धूम मच गई है। इस दौरान तमाड़ बाजार में खूब भीड़-भाड़ देखने को मिली। जहां सबसे आकर्षक टुसू का दुकान रहा। जहां अड़की और तमाड़ के विभिन्न गांवों से टुसू कारीगर अपने टुसू को लेकर बाजार में बेचने के लिए आए थे। बिरगांव से आए कारीगर गोपाल कुम्हार ने बताया कि उनके यहां तीन हजार से दस हजार तक की टुसू उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि टुसू बनाने की शुरूआत उन्होंने अपने पूर्वजों से सीखी है। यह कार्य उनकी पंचपरगना के संस्कृति का हिस्सा है। इसलिए यह कार्य को वह काफी मेहनत और मन लगा कर करते है। दूसरा टुसू कारीगर अरविंद कुम्हार ने बताया कि टुसू बनना उनकी मुख्य पेशा में से एक है और वह यह हुनर अपने पिता से सीखा है। साल में खेती बारी के अलावा दूसरी मुख्य आय का स्त्रोत टुसू बना के बेचना बताया आगे उन्होंने बताया कि आजकल टुसू की डिमांड पहले की अपेक्षा कम है। दशकों पहले टुसू बाजारों में आते ही बिक जाती थी । लेकिन वर्तमान में ऐसी स्थिति नहीं है। पहले के अपेक्षा लोगों में टुसू खरीदने में कम उत्साह दिखाते है।

## पिता का आपराधिक विरासत संभालने में राहुल बन गया था गिरोह का सरगना



नवीन मेल संवाददाता। खलारी
आलोक गिरोह का सरगना राहुल तुरी उर्फ आलोक जी के कुजू (रामगढ़) पुलिस द्वारा एनकाउंटर से खलारी, पिपरवार व मैकलुस्कीगंज की पुलिस भी राहत की सांस ली है। इस गिरोह ने खलारी में एक महीने के अंदर दो आगजनी व गोलीबारी की घटनाओं को अंजाम दिया था। विगत 29 नवंबर को खलारी में स्लरी लाद रहे एक टर्बो ट्रक को जला दिया तथा वहां मौजूद लोगों के साथ मारपीट भी की। इसके बाद 22 दिसंबर को थानाक्षेत्र के खलारी-बिजुपाड़ा रोड से फ्लाई ऐश लदे दो हाइवा डंपरो को अगवा कर थानाक्षेत्र के ही निर्मल महतो चौक ले गए और वहां इन दोनो हाइवा सहित तीन हाइवा ट्रकों को जला दिया। 20 दिसंबर को ही राहुल तुरी के साईनगर बुकबुका (खलारी) स्थित घर पर न्यायालय के आदेश पर कुर्की जब्ती की गई थी। इसका बदला लेते हुए राहुल ने हाइवा डंपरों को जलाया था। इसके अलावा पिपरवार, बुढ़मू, मैकलुस्कीगंज व केरेडारी क्षेत्र में भी इस गिरोह ने दहषत फैला रखा था। 30 दिसंबर को आलोक गिरोह के बंटी कुमार को गिरफ्तार कर खलारी थाना पुलिस जेल भेज चुकी है। पुलिस के लगातार बढ़ रहे दबाव से राहुल भी आत्मसमर्पण करना चाह रहा था, लेकिन उससे पहले कुछ पैसा कमा लेना चाहता था।

### समर्पित भाव से राष्ट्र और संगठन के लिए काम करें: जनरल वीके चतुर्वेदी



रांची। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में शनिवार को गुरूनानक स्कूल सभागार में दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय सैन्य महासम्मेलन प्रारंभ हुआ। इस महासम्मेलन में झारखंड राज्य के लगभग 10 जिलों के 800 पूर्व सैनिक एवं सैन्य मातृशक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल वी के चतुर्वेदी, पी वी एस एम ए वी एस एम, एस एम (वी) एवं वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एयर वाईस मार्शल एच पी सिंह, वीर चक्र, वी एस एम (वी) ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर के किया। भारत माता को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद सभा ने राष्ट्रीय गीत गा कर मां भारती को वंदन किया ।

## अड़की में ट्रांसफॉर्मर की चोरी, ग्रामीण परेशान



नवीन मेल संवाददाता। अड़की
थाना के नौड़ी पंचायत के डेहरीडीह में 16 केबी और ग्राम पंचायत पुरनानगर के टोला पुरनापानी में 10 केबी ट्रांसफॉर्मर की कीमती सामग्री शुक्रवार की रात चोरी हो गई। चोरों ने ट्रांसफॉर्मर के तेल और अन्य उपयोगी सामग्री को चोरी कर लिया । घटना रात के एक बजे के आसपास की बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अचानक रात में बिजली कट जाने के बाद गांव के लोगों को लगा कि यह एक सामान्य कटौती होगी, लेकिन जब देर से लाइन वापस नहीं आई, तो लोगों ने सुबह खंभे में देखा कि ट्रांसफॉर्मर के तेल और अन्य सामग्री नीचे गिरे हुए हैं। चोरी के संबंध में गांव के लोगों ने तत्काल एक बैठक बुलाई जिसके बाद, बिजली विभाग को ट्रांसफॉर्मर की चोरी की सूचना दी गई। जिसपर संज्ञान लेते हुए बिजली विभाग ने अड़की थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। वहीं शनिवार को गांव में बिजली नहीं होने से दोनों गांव के लोगों को परेशानी बढ़ने लगी है। दोनों गांव में 40 से अधिक परिवार रहते हैं, जो बिजली की अनुपलब्धता से प्रभावित हो रहे हैं। बिजली नहीं रहने से खेती करने वाले किसान बिजली संचालित पानी पंपों का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। साथ ही मोबाइल चार्जिंग से लेकर बच्चों की पढ़ाई-लिखाई पर असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से नए ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग कर रहे हैं।

### सेल-सीईटी और एमटीआई ने टीम निर्माण अभ्यास का किया आयोजन

रांची। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की आंतरिक इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी शाखा, सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) ने आरडीसीआईएस ऑडिटोरियम में प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई) के साथ मिलकर टीम निर्माण अभ्यास का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सीईटी के कर्मचारियों और उनके परिवारों के साथ-साथ एमटीआई के संकाय सदस्यों ने भी भाग लिया, जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों के बीच टीम वर्क, सहयोग और बंधन को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में शाबाश योजना के तहत विजेताओं का सम्मान भी शामिल था, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में सीईटी कर्मचारियों के उत्कृष्ट योगदान और उपलब्धियों को मान्यता दी गई और पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए, ईडी (सीईटी) श्रवण कुमार वर्मा ने संगठनात्मक विकास और सफलता को आगे बढ़ाने में टीम निर्माण और उत्कृष्टता की मान्यता के महत्व पर जोर दिया।

#### हॉकी इंडिया लीग आज से, उपायुक्त ने की बैठक

# पदाधिकारियों से लिया तैयारी का जायजा



नवीन मेल संवाददाता। रांची
मरंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी में 12 से 26 जनवरी तक एचआइएल (हॉकी इंडिया लीग) के सफल आयोजन को लेकर डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों को उचित व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सक्यूरिटी/लॉ एंड ऑर्डर मेनटेनेंस, ट्रैफिक, मेडिकल टीम, फायर सेफ्टी, साउंड एंड इलेक्ट्रिसिटी, साफ-सफाई को लेकर पदाधिकारियों को हॉकी इंडिया के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य संपादित करने को कहा। क्राउड कंट्रोल, पार्किंग की व्यवस्था, आनेवाले लोगों की सुरक्षा, उनकी सिक्योरिटी जांच आदि से संबंधित सभी व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निदेशित किया गया। स्टेडियम में वीवीआईपी/दर्शकों के बैठने की व्यवस्था, लाइट, कंट्रोल रूम आदि का जायजा लेते हुए उपायुक्त ने पदाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने स्टेडियम के सभी इंट्री गेट का भी मुआयना किया और पदाधिकारियों को पूरी व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा। हॉकी स्टेडियम अवस्थित सभागार में आयोजित बैठक में निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, पुलिस अधीक्षक नगर, अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, रांची, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) रांची, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, महासचिव, हॉकी झारखण्ड संघ, रांची, जिला खेल पदाधिकारी रांची एवं अन्य सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें: डीटीओ

**रामगढ़।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में अभियान चलाया गया. इसके तहत सड़क दुर्घटनाओं को रोकने व यातायात नियमों का पालन कराने के लिए लोगों को जागरूक किया गया. इसे लेकर जिले के विभिन्न चौक चौराहों पर दोपहिया व चार पहिया वाहन चालकों को जागरू किया गया. इसमें बिना हेलमेट व बिना सीट बेल्ट लगाए हुए चल रहे चालकों को माला पहना एवं गुलदस्ता देकर वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करने की अपील की. मौके पर डीटीओ ने जिले के विभिन्न चौक चौराहों पर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के संबंध में जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया.

### परमदीप सिंह कालरा को मिला जीत का सर्टिफिकेट

**रामगढ़।** गुरुद्वारा साहिब में गुरुद्वारा इलेक्शन कमेटी के चेयरमैन नरेंद्र सिंह चमन ने सुबह के दीवान में परमदीप सिंह कालरा व हरमीत सिंह कालरा को संयुक्त रूप से जीत का सर्टिफिकेट दिया. परमदीप सिंह कालरा ने प्रधान पद का चुनाव जीता है. वहीं प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने इलेक्शन कमेटी के नरेंद्र सिंह चमन, कंवलजीत सिंह लांबा, हरजाप सिंह गांधी, हरमिंदर सिंह जॉली, गुरप्रीत सिंह चाना, नरेंद्र पाल सिंह गुजराल व अमरपाल सिंह आनंद को सिरोपा देकर सम्मानित किया. साथ ही नवनियुक्त प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने हैप्पी छाबड़ा व अमरजीत सिंह सैनी को सिरोपा देकर सम्मानित किया. वहीं नवनियुक्त प्रधान ने आशु कालरा व जगजीत सिंह को धन्यवाद किया. नवनियुक्त प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने परमिंदर सिंह जस्सल को सिरोपा देकर सम्मानित किया.

### जिले के 39 पंचायतों में पंचायत ज्ञान केंद्र शुरू

**रामगढ़।** डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत अलग-अलग प्रखंडों के कुल 39 पंचायत में पंचायत ज्ञान केंद्र का शुभारंभ किया गया. इस दौरान विधायक बड़कागांव रोशन लाल चौधरी एवं उपायुक्त ने पतरातू प्रखंड अंतर्गत पतरातू पंचायत में पंचायत ज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया. वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जिले के वरीय अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों की उपस्थिति में अन्य पंचायतों में पंचायत ज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया गया. मौके पर विधायक बड़कागांव रोशन लाल चौधरी ने पंचायत ज्ञान केंद्र के माध्यम से होने वाले फायदों के प्रति सभी को जानकारी दी. उन्होंने सभी से इसका पूरा लाभ लेने की अपील की. साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी को अन्य लोगों को भी इसके प्रति जानकारी देने व जागरूक करने की अपील की.

---

रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर कार्यालय में विशेष आयोजन

# प्रभु श्री राम के आदर्श हमारे जीवन और समाज को नई दिशा देने का मार्गदर्शक है : विधायक

*प्रभु श्री राम के आदर्शों को आत्मसात कर हम एक सशक्त समाज और राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
प्रभु श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के पावन अवसर पर हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के कार्यालय के समक्ष एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं और आम जनमानस के बीच लड्डू का वितरण किया गया। पूरे आयोजन में भक्तिभाव और उत्साह का माहौल छाया रहा। राम मंदिर का निर्माण और रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा न केवल हमारे धर्म का गौरव है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक है। यह अवसर हमें भगवान श्री राम के आदर्शों और मर्यादाओं को अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। रामलला का यह मंदिर केवल पत्थरों का नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने इस अवसर पर समाज में एकता, सद्भाव और मर्यादा के आदर्शों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम के आदर्शों को आत्मसात कर हम एक सशक्त समाज और राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने रामलला के जयघोष के साथ उत्सव को और भी अधिक भव्य बनाया। लड्डू वितरण के दौरान सभी ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। सभी उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद और लड्डुओं का वितरण। श्रद्धालुओं द्वारा जय श्री राम के उद्घोष से कार्यक्रम स्थल गुंजायमान रहा। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि राम मंदिर निर्माण से जुड़े हर पल को हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। यह मंदिर केवल एक भवन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान और गौरव का प्रतीक है।

---

# प्रभु श्री राम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर खिचड़ी और लड्डू वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के द्वारा मकर संक्रांति से पूर्व एवं प्रभु श्री राम के मंदिर की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर पंच मंदिर चौक के निकट भव्य खिचड़ी महाभोग और लड्डू वितरण का आयोजन किया। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और जय श्री श्याम और जय श्री राम के जयकारों के बीच प्रसाद ग्रहण किया। श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के नौ सदस्यों ने पूरी निष्ठा के साथ प्रसाद वितरण किया। भक्तों ने बड़े उत्साह और श्रद्धा से खिचड़ी और लड्डू महाभोग का आनंद लिया। सदस्यों ने बताया कि यह कार्यक्रम बाबा श्याम की कृपा से तीसरी बार आयोजित किया गया है। वर्ष 2023 में आयोजित पहले कार्यक्रम की सफलता ने इस वर्ष के आयोजन को और भी भव्य बनाने की प्रेरणा दी। साथ ही सदस्यों ने कहा की बाबा श्याम की असीम कृपा और आशीर्वाद से यह आयोजन ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ। हम आने वाले वर्षों में इसे और भी भव्य रूप में आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार हर वर्ष बाबा श्याम का भव्य आयोजन करता है, जिसमें शहर और बाहर के प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से भक्तों को मंत्रमुग्ध करते हैं। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में सेवा और सद्भावना का संदेश भी देता है।

---

## न्यूज बॉक्स

### नहीं रहे आरएनवाईएम महाविद्यालय के अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष



**बरही ।** रामनारायण यादव महाविद्यालय बरही के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष सह परीक्षा नियंत्रक प्रो डॉ संजय कुमार वर्णवाल का असामयिक निधन हो गया. जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात्रि अचानक उन्हें सीने में दर्द हुआ, परिजनों ने स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया. जहां चिकित्सक डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी हार्ट अटैक बताते हुए मृत घोषित कर दिया. परिजनों के अनुसार वह उच्च बीपी के मरीज थे, एक सप्ताह पूर्व उन्हें सीने में दर्द की शिकायत हुई थी, पर पूर्णतः स्वस्थ्य हो गए थे. निधन की सूचना मिलते ही कॉलेज परिवार सहित स्थानीय लोग स्तब्ध हो गए और क्षेत्र में शोक के लहर फैल गए. मृतात्मा की शांति व परिजनों को ढांढस देने का सिलसिला जारी हो गया. दोपहर को बरही मुक्तिधाम में उनके पार्थिव शरीर का अग्नि संस्कार किया गया. अग्नि संस्कार में महाविद्यालय के प्राचार्य सहित कई शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मी, कई प्रबुद्धजन, समाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ता सहित कई छात्र शामिल रहे. पचास वर्षीय दिवंगत प्रो डॉ वर्णवाल अर्थशास्त्र के एक प्रख्यात प्राध्यापक थे, जो 1995 से आरएनवाईएम कॉलेज में सेवा दे रहे थे. बीते कई वर्षो से वह विभागाध्यक्ष और परीक्षा नियंत्रक की जिम्मेवारी निभा रहे थे.

### विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग में एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**रामगढ़।** शनिवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बीएससी, एमएससी एवं पी-एच.डी. स्कॉलर एवं एग्रीकल्चर विभाग के छात्र छात्राएं ने बढ़ चढ़कर भाग लिए। कार्यक्रम की शुरूआत बॉटनी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ पूजा कुमारी जायसवाल के स्वागत भाषण से हुआ। इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ सौगात सरकार थे। इन्होंने बच्चों को प्लांट कलेक्शन, प्रिजर्वेशन पेस्टिंग इन हेर्बेरियम शीट, लेबलिंग और स्टोरिंग करने की ट्रेनिंग दी। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने बॉटनी विभाग द्वारा आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला की सफलता की कामना की और इन्होंने बच्चो का प्रोत्साहन बढ़ाते हुए कहा की ऐसे कार्यशाला से बच्चे विभिन्न तकनीकी का इस्तेमाल करके शोध क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। मौके पर विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ,विभाग के सभी व्याख्यातागण छात्र- छात्राएं एवं पी-एच.डी. स्कॉलर सम्मिलित थे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल, हेलमेट पहनने से बची जान



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाड़ीह पंचायत अंतर्गत ग्राम लगनवां निवासी वीरेंद्र राणा 35 वर्ष, पिता कामेश्वर राणा का शनिवार दोपहर लगभग 3:00 बजे बेलकपी मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना हो गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वीरेंद्र राणा अपने मोटरसाइकिल संख्या जएच 02बी ई4555 पर सवार होकर अपने बीवी और बच्चों के साथ घर जा रहा था इसी क्रम में सूरजकुंड की ओर से आ रही ट्रैक्टर जो बेलकपी क्रॉस कर रही थी, बाइक से टकरा गई, जिसके कारण वीरेंद्र राणा घायल हो गए। तत्पश्चात ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया गया जहां इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हेलमेट पहनने की वजह से उनकी जान बच गई।यदि हेलमेट नहीं पहने रहते तो काफी चोट लगा रहता, फिर भी इन्हें माथे में और पैर में चोट आई है।

---

### शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में वनभोज सह नववर्ष मिलन समारोह संपन्न



**हजारीबाग।** पदमा प्रखंड स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में प्रो. शनिदेव कुमार और प्रो. अविनाश कुमार के निर्देशन में 'वनभोज सह नववर्ष मिलन समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के प्रबंधन के अधिकारी, शिक्षकगण, शिक्षकेतर कर्मचारी, और वर्तमान सत्र के प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में गीत-संगीत, अंताक्षरी, म्यूजिकल चेयर, बैडमिंटन और लूडो जैसे मनोरंजक गतिविधियों के साथ शानदार व्यंजनों का आनंद लिया गया। सभी प्रतिभागियों ने मिलकर इस आयोजन को यादगार बनाया।

# पुलिस के साथ मुठभेड़ में अपराधी राहुल तुरी मारा गया



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ जिला अंतर्गत कुजू ओपी क्षेत्र के मुरपा में चरही पुलिस के साथ एनकाउंटर में शनिवार को एक अपराधी कि मौत हो गई । बताया गया कि चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार एवं मुकेश कुमार ने एनकाउंटर को अंजाम दिया है। घटना के बाद रामगढ़ एसपी, हजारीबाग एसपी एवं कई थानों के प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। बताया जाता है कि चरही थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधी राहुल तुरी उर्फ आकाश तुरी अपने दोस्त के साथ मुरपा क्षेत्र में बाइक से किसी घटना को अंजाम देने पहुंचा है। जिसके बाद थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर के साथ मुरपा जगल वाले क्षेत्र में पहुंचे। पुलिस को देखने के बाद राहुल भागने लगा। इस क्रम में उसने पुलिस पर गोली चलायी। जिसके बाद आत्मरक्षा में पुलिस ने फायरिंग की। जिसमें राहुल तुरी को गोली लगी। जबकि उसका साथी पुलिस की गिरफ्त में आ गया। जब पुलिस वहां पहुंची तो देखा कि राहुल तुरी मृत पड़ा है। जिसके उपरांत इसकी जानकारी हजारीबाग और रामगढ़ एसपी को दी गई।

### मृत स्कूली बच्चों के परिवारों से मिली जिप सदस्य

**गोला।** जिप सदस्य रेखा सोरेन ने सड़क दुर्घटना के शिकार स्कूली बच्चों के परिवार वालों से मिलकर शोक प्रकट करते हुए हर संभव सहायता करने का भरोसा दिया। बुधवार को रामगढ़-बोकारो मुख्य मार्ग पर गोला के तिरला मोड़ पर हुए सड़क हादसे में आलू लदे ट्रक की चपेट में आने से ऑटो में सवार तीन स्कूली बच्चों सहित चार की दर्दनाक मौत घटना स्थल पर ही हो गई थी। इस हादसे में पतरातु गांव निवासी करण महतो के एकलौता पुत्र अनमोल कुमार व इसी गांव के नेमचंद महतो के एकलौते पुत्र आशीष कुमार और सरलाखुर्द निवासी श्रीकांत नायक की पुत्री नीरु कुमारी के अलावा संग्रामपुर गांव निवासी ऑटो चालक सरफराज अंसारी पिता हलीम अंसारी की मौत हो गई थी। जिप सदस्य ने उक्त गांवों का दौरा कर सभी मृतक के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढाढस बंधाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का प्रत्येक व्यक्ति मेरे परिवार के समान है।

---

# युवा शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है : चंद्रशेखर चौधरी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
सीसीएल रजरप्पा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, प्राचार्य उमेश प्रसाद एवं प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना द्वारा संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित करके किया गया।इसके उपरांत छात्र-छात्राएं स्वामी विवेकानंद के जीवन, कार्यों और उनके संदेशों पर प्रकाश डालते हुए भाषण,गीत एवं कविता प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में चंद्रशेखर चौधरी ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वामी जी के आदर्शों पर चलने और देश सेवा के लिए प्रेरित किया।साथ ही उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र शक्ति हैं राष्ट्र देवो भवः। इस अवसर पर प्राचार्य उमेश प्रसाद विवेकानंद के शिक्षा, सामाजिक न्याय, धर्म, राष्ट्रवाद, युवा शक्ति और आत्मनिर्भरता जैसे विचारों पर अपनी राय प्रस्तुत की।

### टाटा प्रबंधन ने एक माह पूर्व अस्थाई इबादतगाह का कराया निर्माण, पढ़ी गई नमाज

**रामगढ़।** वेस्ट बोकारो के जामा मस्जिद का खनन क्षेत्र की जद में आने के बाद टाटा स्टील प्रबंधन ने एक माह पूर्व तत्काल डीवीसी में अस्थाई नए इबादतगाह का निर्माण कराया था। उक्त इबादतगाह में पहली जुम्मे की नमाज मुफ़्ती सैयद कामरान ने कराया। इस मौके पर मुफ़्ती सैयद कामरान ने लोगों को समझाते हुए कहा कि नमाज और नमाज के पहले वजू करना जरूरी है। पानी न हो और अगर हो भी तो 200 मीटर दूर जहां खूंखार बाघ हो तो वहां जाना जानलेवा होगा। उसी प्रकार जो जामा मस्जिद अब तक था उसके एकदम पास कोयला खदान आ चुका है। जिससे जान का खतरा है। तो वहां नमाज नहीं अदा करनी चाहिए। हजरत साहब और अल्लाह ने सभी के लिए दया भाव रखने, खून खराबा न करने, सूद ब्याज न लेने का हुक्म दिया है। इसलिए इस नमाजगाह में नमाज पढ़ें। मुफ़्ती की तकरीर के बाद मुफ़्ती साहब और मौलाना इकबाल ने उपस्थित दर्जनों लोगों से नमाज अदा कराई।

### विस अध्यक्ष रविन्द्रनाथ महतो पहुंचे बरकट्ठा, किया गया भव्य स्वागत



**बरकट्ठा।** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो का आगमन शनिवार दोपहर में पूर्व झामुमो जिला उपाध्यक्ष यासीन खान के आवास तत्पश्चात पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के आवास पर हुआ। जहां कार्यकर्ताओं के द्वारा फूलमाला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया गया। वहीं पत्रकारों से बातचीत के दौरान रवींद्रनाथ महतो ने कहा बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक पर्यटन स्थल सूरजकुंड धाम का विकास होना जरूरी है साथ ही साथ झारखंड के संपूर्ण विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। मौके पर पूर्व विधायक जानकी यादव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष यासीन खान, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कुदुस अंसारी, मीडिया प्रभारी प्रमोद गुप्ता, झामुमो केंद्रीय सदस्य बासुदेव महतो, बेलकपी मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय, पूर्व मुखिया संख्या अध्यक्ष बसंत साव, गोपाल प्रसाद, राजकुमार नायक, रियासत अंसारी फुचू खान के अलावे कई लोग मौजूद थे।

---

गणतंत्र दिवस पुरस्कार योजना : 20 जनवरी तक दे सकते हैं आवेदन

# समाज में उल्लेखनीय कार्य करनेवाले लोग गणतंत्र दिवस पर होंगे सम्मानित : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 के शुभ अवसर पर एक नई पहल करते हुए जिला प्रशासन द्वारा 'रामगढ़ गणतंत्र दिवस पुरस्कार योजना' का शुभारंभ किया गया था। इस वर्ष दूसरी बार गणतंत्र दिवस के अवसर पर रामगढ़ गणतंत्र दिवस पुरस्कार दिया जाना है। रामगढ़ गणतंत्र दिवस पुरस्कार संस्था या व्यक्तिगत द्वारा निम्न क्षेत्रों यथा-प्रशासनिक, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क दुर्घटना में किसी व्यक्ति को मदद करना, किसी व्यक्तियों या संस्था द्वारा रक्तदान में महत्वपूर्ण योगदान या किसी भी क्षेत्र में समाज के हित में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रदान किया जायगा। समाज में बेहतर कार्य करने वाले व्यक्ति को सम्मानित किया जायेगा जो कार्य क्षेत्र से ऊपर उठकर विकास / समाज के लिए कार्य करने वाले लोग / संस्थायें रामगढ़ गणतंत्र दिवस पुरस्कार से होंगे सम्मानित।

**कई लोग ऐसे होते हैं जो अपने कार्य क्षेत्र से हटकर सामाज के विकास के लिए काम करते हैं**

रामगढ़ जिले के विकास में गति लाने एवं सकारात्मक दृष्टिकोण से समाज के लिए विभिन्न क्षेत्रों में पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्य कर रहे अधिकारियों / कर्मियों / संस्थाओं या किसी भी व्यक्ति को जिला स्तर पर प्रेरणास्त्रोत बनाने तथा किये गये सामाजिक कार्य के लिए सम्मानित करने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार के निर्देश पर जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा रामगढ़ गणतंत्र दिवस पुरस्कार की पहल प्रारंभ की गई है। पुरस्कार के संबंध में जानकारी देते हुए उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने कहा कि अकसर ऐसा देखते है कि कई लोग ऐसा होते हैं जो अपने कार्य क्षेत्र से हटकर सामाज के विकास व विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए रचनात्मक तरीके से कार्य कर रहे हैं लेकिन उनके कार्यों को बड़े स्तर पर पहचान एवं प्रोत्साहन नहीं मिल पाती और न ही उन्हें सम्मानित किया जाता है, जबकि ऐसे लोग पुरस्कार के असली हकदार होते हैं। रामगढ़ गणतंत्र दिवस पुरस्कार की खास बात यह है कि कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था पुरस्कार प्राप्त करने हेतु अपने द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों से जिला प्रशासन तक पहुंचा सकेंगे।

20.01.2025 तक कोई भी व्यक्ति / संस्था अपने द्वारा अथवा किसी का अनुशंसा / रिकॉमेंडेशन के साथ किये गये विकास कार्यों से संबंधित जानकारी जिला स्तरीय समिति को उपलब्ध करा सकते हैं। रामगढ़ गणतंत्र दिवस पुरस्कार जिले के विकास के लिए लोगों को सकारात्मक दिशा देने तथा प्रोत्साहित करने की पहल है।

---

जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन

# विजेताओं को प्रमाणपत्र देकर किया जाएगा सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा आयोजित रामगढ़ जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट सत्र 2024- 25 का उद्घाटन छावनी परिषद रामगढ़ के दामोदर इनडोर बैडमिंटन हॉल में किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी रामगढ़ मार्कस हेमरोम, विशिष्ट अतिथि छावनी परिषद के अभियंता पिंटू कुमार, अधीक्षक प्रभारी एस एन राव, रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के मानद सचिव अरुण कुमार राय एवं रामगढ़ स्पोर्ट्स अकादमी के संयोजक रोहित कुमार, रामगढ़ स्पोर्ट्स अकादमी के प्रशिक्षक आकाश कुमार झा ने दीप प्रज्ज्वलित कर व बैडमिंटन खेलकर किया। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर उनका बुके देकर स्वागत किया गया। रामगढ़ जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की तरफ से आयोजित अंडर-17 बॉयज सिंगल एवं डबल अंडर-19 बॉयज, सिंगल एवं डबल अंडर-19 गर्ल्स सिंगल एवं डबल, बॉयज के सिंगल एवं डबल का पार्टिसिपेशन होगा। जिसका फाइनल सोमवार को संध्या खेला जाएगा। उसी दिन प्राइज वितरण का कार्यक्रम होगा। विजेताओं को प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा।

---

स्वामी विवेकानंद जयंती सह युवा दिवस पूरे जोश एवं उत्साह के साथ संपन्न

# हम सभी उनके विचारों को आत्मसात कर उनके पद चिन्हों पर चलकर देश सेवा का संकल्प लें : प्राचार्य

*उनका शिक्षा दर्शन भारतवासियों को सदैव मार्ग प्रशस्त करता रहेगा, जिससे भारत और अधिक विकसित राष्ट्र बनेगा*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सरस्वती शिशु विद्या मंदिर , कुम्हार टोली में स्वामी विवेकानंद जयंती सह युवा दिवस जोश एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह, आचार्य अनिल कुमार एवं आचार्य नरेंद्र कुमार सिन्हा एवं विद्यालय में पढ़ने वाली बहनों ने स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने स्वामी विवेकानंद को आध्यात्मिक गुरु, महान शिक्षाविद, सच्चे देशभक्त, महामानव एवं भारतीय संस्कृति का रक्षक बताया। प्राचार्य ने भैया बहनों को स्वामी जी के आदर्शों को आत्मसात करके लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। मौके पर उन्होंने कहा स्वामी जी ने संपूर्ण विश्व को मानवता एवं विश्व बंधुत्व का संदेश दिया है। भैया- बहन आप सभी उनके विचारों को आत्मसात कर उनके पद चिन्हों पर चलकर देश सेवा का संकल्प लेकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। कार्यक्रम में ज्योति दीदी ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी बताते हुए कहा स्वामी जी बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के बालक थे। उनका शिक्षा दर्शन भारतवासियों को सदैव मार्ग प्रशस्त करता रहेगा, जिससे भारत और अधिक विकसित राष्ट्र बनेगा। भारत का परचम पूरे देश में लहरेगा। कार्यक्रम में आचार्य नरेंद्र कुमार सिंहा ने स्वामी विवेकानंद को भारतीय संस्कृति के रक्षक, राष्ट्रभक्त, महामानव एवं मानवता का रक्षक बताया।

# डीसी की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** आगामी 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस के मद्देनजर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक के दौरान उपायुक्त महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु पदाधिकारियों एवं शांति समिति के सदस्य को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजिन होने वाली झांकियों, प्रभात फेरी एवं संध्या के समय नगर भवन, सिमडेगा में सांस्कृतिक कार्यक्रम के मद्देनजर बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने विभागों का चयन करते हुए उनके आयोजन हेतु संबंधित अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन संध्या साम 5:00 बजें से किया जायेगा। वहीं प्रभात फेरी सुबह 6:00 बजें सिमडेगा मेन रोड में निकल जाएगी इस दौरान बड़ी गाड़ियों का परिचालन बंद रखने की बात कहीं गई।गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले परेड के लिए 21, 22, एवं 23 जनवरी तक पोशाक में 09:30 से 11:30 बजें पूर्वाह्न तक परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम में पूर्वाभ्यास किया जायगा एवं अंतिम अभ्यास 24 जनवरी को प्रातः 10:00 बजें उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सिमडेगा द्वारा परेड का निरीक्षण के साथ संपन्न होगा।गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूर्वाभ्यास के दिन से लेकर 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को मुख्य समारोह स्थल पर पेयजल की व्यवस्था नल युक्त टैंकर के साथ उपलब्ध कराने हेतु कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् एवं जिला नजारत उप समाहर्ता को निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सिविल सर्जन सिमडेगा को पूर्वाभ्यास से लेकर गणतंत्र दिवस के दिन तक मैदान में जीवन रक्षक दवाईयां एवं एम्बुलेंस, के साथ चिकित्सक दल की प्रतिनियुक्ति कराते हुए स्वास्थ्य इमरजेंसी के लिए तैयार रहने का निर्देश दिये।गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, एवं मैदान के सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई, मंच एवं बैरिकेटिंग की व्यवस्था व अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला नजारत उप समाहर्ता सहित अन्य अधिकारियों को आपस में समन्वय करते हुए कार्य संपन्न कराने का निर्देश दिया गया।गणतंत्र दिवस के अवसर पर 25 जनवरी मध्य रात्रि से लेकर 26 जनवरी मध्य रात्रि तक जिले के सभी शराब की दूकान को बंद रखने हेतु आवश्यक काईवाई करने का निर्देश उत्पाद अधीक्षक, सिमडेगा को दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा की गणतंत्र दिवस के अवसर पर झांकियां एवं अच्छे परेड करने वाली टोली, के साथ जिला प्रशासन के विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों में बेहतरीन कार्य करने वाले विभागों के कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। इस सम्बंध में उन्होंने सभी विभागों के वरीय अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही झांकी आयोजन में इस वर्ष सामाजिक सुरक्षा विभाग अंतर्गत संचालित मंईयां सम्मान योजना को शामिल करने का निर्देश दिया गया।26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन राष्ट्रीय झंडोत्तोलन के लिए समय का निर्धारण उपायुक्त आवास 8:30 बजे पूर्वाह्न से शुरू होगा। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा में प्रातः 09:05 बजे एवं समाहरणालय भवन में प्रातः 10:20 बजे किया जायेगा। इन सबके अलावा उक्त बैठक के दौरान राष्ट्रीय झंडोत्तोलन के समय मुख्य समारोह स्थानीय परमवीर अलबर्ट एक्का मैदान में सशस्त्र पुलिस बल, एन0सी0सी0, स्काउट, एवं स्कूली बच्चों की परेड में भाग लेने हेतु टोली का चयन करने तथा गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड में भाग लेने वाले बैण्ड पार्टी का चयन करने जिला शिक्षा अधीक्षक को सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। उर्सुलाईन कॉन्वेंट, सामटोली, सिमडेगा के नेतृत्व में छात्राओं के द्वारा राष्ट्रीय गान का संचालन किया जायेगा। बैण्ड पार्टी को मैदान तक लाने एवं वापस पहुंचाने की व्यवस्था जिला नजारत उप समाहर्ता को कराने का निर्देश दिया गया। झंडोत्तोलन से लेकर राष्ट्रीय झण्डा उतारने तक झण्डे की सुरक्षा हेतु 1 से 4 सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती की व्यवस्था सार्जेन्ट मेजर को करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी को अपने स्तर से विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित करने की बात कहीं।बैठक के दौरान 26 जनवरी से लगने वाले गांधी मेला के संबंध में चर्चा हुई। शांति समिति के सदस्यों ने उपायुक्त से कहा कि मेला की अवधि विस्तार करने से कई तरह की परेशानी होती है। बच्चों के परीक्षा का समय है और मेला के शोर शराबे से परेशानी होती है। साथ हीं मेला का दुकान सड़क किनारे लगने से यातायात बाधित होती है। इस लिए समिति के लोगों ने मेला का अवधि विस्तार नहीं करने की अपील की। इस पर उपयुक्त ने कहा कि किसी भी कीमत पर मेला अवधि का विस्तार नहीं किया जाएगा साथ ही उपायुक्त ने नगर परिषद को निर्देश दिए कि मेला के दौरान सड़क किनारे दुकान ना लगे इसे सुनिश्चित करें। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की, एलआरडीसी अरुणा कुमारी,जिला स्तरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधान अध्यापक, जिला शांति समिति के सदस्य गण एवं मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

# उपायुक्त ने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण व मशीनों का जायजा लिया

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस के विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच एवं निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से ईवीएम मशीन की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही प्रत्येक कमरों में लगाये गए रूम की वस्तु स्थिति का सीसीटीवी के माध्यम से अवलोकन किया। तथा बिल्डिंग का मरम्मति एवं रंग रोगन से संबंधित कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री पवन कुमार महतो, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल श्री अमृत मिंज सहित अन्य कर्मी गण उपस्थित थे।

# नवभारत साक्षरता अभियान कार्यक्रम के तहत शनिवार को स्कूल में प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह के निर्देशानुसार सिमडेगा जिला में दो दिवसीय नवभारत साक्षरता अभियान कार्यक्रम के तहत शनिवार को एसएस हाई स्कूल सिमडेगा में प्रशिक्षण का कार्यक्रम रखा गया इस कार्यक्रम में जिले के सभी कोटि के विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित हुए। प्रशिक्षण स्थल पर जिला शिक्षा अधीक्षक श्री दीपक राम ने शिक्षकों को उल्लास कार्यक्रम के तहत 15 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में साक्षर बनाने की अपील की है उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम भारत सरकार की महत्वपूर्ण कार्यक्रम है इसके तहत सभी को साक्षर करना है उन्होंने बताया कि जिले के सभी विद्यालय जन चेतना केंद्र के रूप में नामित हुई है इसलिए आप सभी प्रशिक्षकों के द्वारा अच्छे तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अपने पोषक क्षेत्र में जाकर और असाक्षरों का सूची बनाकर उसे ऑनलाइन उल्लास ऐप के माध्यम से सभी निरक्षरों को पंजीकृत कर उन्हें जन चेतना केंद्र में नियमित एवं सुचारू रूप से साक्षर बनाने का कार्य करेंगे।मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बसंत कुमार सिंह, अरुण कुमार पांडे,सभी प्रखंड के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं मास्टर प्रशिक्षक के रूप में प्रेम कुमार शर्मा ,अभिषेक रंजन और जमील अंसारी सहित शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# झामुमो कार्यकर्ताओं ने मनाया शिबू सोरेन का जन्मदिन, बुजुर्गों में बांटे कंबल

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** शनिवार को झामुमो जिला सचिव मो सफीक खान के आवास में दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 81 वां जन्मदिन के अवसर पर जिला तथा प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी की उपस्थिति में जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना एवं जिला सचिव मो सफीक खान के द्वारा केक काटकर हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया गया। तत्पश्चात गांव के अंतिम पायदान पर खड़े बूढ़े बुजुर्गों और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया। जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने अपने वक्तव्य में कहा कि श्री शिबू सोरेन के संघर्ष का नतीजा ही है जो हम लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में अलग झारखंड राज्य के सपनों को साकार कर जीवन व्यतीत कर रहे हैं। जिला सचिव मो सफीक खान ने गुरूजी श्री शिबू सोरेन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा अलग झारखण्ड का सपना और इस राज्य का सर्वांगीण विकास ही गुरूजी का सपना था और है। इसी प्रकार केंद्रीय सदस्य मोहम्मद शाहिद ने अपने वक्तव्य में श्री शिबू सोरेन की जीवनी के बारे विस्तृत जानकारी दी। वहीं जन्मदिन के शुभ अवसर पर पार्टी का नीति सिद्धांत एवं विचारधारा से खुश होकर कई लोगों ने पार्टी का सदस्या ग्रहण किए। धन्यवाद ज्ञापन झामुमो जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा ने किया। मौके पर जिला संगठन सचिव कल्याण मिंज, केंद्रीय समिति सदस्य मोहम्मद शाहिद, फिरोज अली, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मो साबिर, बुद्धिजीवी मोर्चा जिलाध्यक्ष मो इरशाद, सिमडेगा प्रखंड अध्यक्ष सुमन मिंज, अनस अलम, कोलेबिरा प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश बागे कोलेबिरा प्रखंड सचिव ओकिल खान, बांसजोर प्रखंड 20 सूत्री सदस्य रीतेश बड़ाइक, जिला युवा मोर्चा सचिव राजेश टोप्पो, किशोर डांग, मो मिन्हाज आलम, मो इकबाल, समीउल्लाह अंसारी, मौलाना अमानुल्लाह, नगर सचिव बीरबल महतो, मो खुर्शीद अलम, अमजद ओहदार के अलावा काफी संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# उर्दू उच्च विद्यालय खैरनटोली में विधिक जागरूकता शिविर

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाए जा रहे 90 दिवसीय आउटरीच जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को उर्दू उच्च विद्यालय खैरनटोली में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही प्राधिकार और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में निबंध और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिविर में चीफ एलएडीसीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने बच्चों को कानूनी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के हित में कई कानून बनाए गए है। उन्होंने बच्चों को मानव तस्करी उन्मूलन के लिए जागरूकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दलालों के बहकावे में आकर कोई भी अपने बच्चों को काम करने महानगर में ना भेजें। उन्होंने शिक्षा का अधिकार और पोक्सो एक्ट के बारे बताया। श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चे अपने क्षेत्र के लोगों को जागरूक करें। श्रीवास्तव ने डालसा के कार्यों के बारे जानकारी देते हुए कहा कि किन्हीं को विधिक सहायता चाहिए तो क्यू आर कोड या टोल फ्री नंबर 15100 से अपनी समस्या प्राधिकार तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्राधिकार के द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान किया जाता है। बच्चों ने शिविर में कई सवाल पूछे जिसका चीफ एलएडीसीएस ने जवाब देकर उनके जिज्ञासाओं को शांत दिया। इधर प्रधानाध्यापक रेहान अजीज के नेतृत्व में आयोजित प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चे बच्चियों ने भाग लिया।उन्होंने कहा कि प्राधिकार द्वारा शिविर सह प्रतियोगिता आयोजित करना एक सराहनीय काम है। इसका लाभ निश्चित तौर पर बच्चों को मिलेगा। उन्होंने बच्चों से कहा कि जो भी जानकारी आप लोगों को दी गई है इसके बारे अपने गांव,टोला और मुहल्ले के लोगों को जानकारी दें। मौके पर पारा लीगल वोलेंटियर शहजादा सरफराज ने भी बच्चों को विधिक जानकारी प्रदान की। प्रधानाध्यापक ने भी बच्चों को मानव तस्करी के बारे बताया। मौके पर शंभूनाथ प्रधान,नैयर नेशात,दानिश अब्दुल्लाह,गुलनार बानो,रफत शबनम,बिपिन किंडो आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

# न्यूज बॉक्स

## डाक बांग्ला में कांग्रेस प्रखंड कमेटी की बैठक

**बानो।** शनिवार को बानो डाक बंगला परिसर में प्रखंड कॉंग्रेस कमेटी की बैठक सेवा दल के प्रखंड अध्यक्ष अनमोल लुगुन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कांग्रेस पार्टी की मजबूती और संगठन विस्तार के लिए विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में बानो प्रखंड कॉंग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जेम्स कंडुलना, जिला कांग्रेस महासचिव जगदीश बागे, सुरजन तोपनो, असीम सुरिन, वरदान कंडुलना, उपाध्यक्ष रफीक अंसारी, समसेर, वरदान गुड़िया, मीडिया प्रभारी हर्षित सांगा, अभिषेक बागे सहित कांग्रेसी कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## महाकुल समाज की बैठक में प्रखंड और क्षेत्रिय समिति का विस्तार



**कुरडेग।** कुरडेग प्रखण्ड के सरखु टोली में महाकुल समाज की केंद्रीय समिति की बैठक अमृत यादव अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समाज के संगठन, शिक्षा, स्वच्छता, समाज की संस्कृति पर पदाधिकारीयों द्वारा विचार विमर्श किया गया। वहीं प्रखण्ड समिति और क्षेत्रिय समिति का विस्तार भी किया गया। जिसमें प्रखण्ड अध्यक्ष सुंदरा यादव, क्षेत्रिय अध्यक्ष वंशीधर यादव, उपाध्यक्ष देवराज यादव, सचिव भोला यादव,सह सचिव भूषण यादव, कोसाध्यक्ष गंगाधर यादव और सदस्य में सुदर्शन यादव, गंगाधर, उमेश यादव , पुरनो यादव, धनुरजय यादव को सर्व समिति से चयन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से गणेश यादव, महेन्द्र यादव, उषा देवी, कुनु यादव, शिबो यादव, हरेकेश्वर यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सिमडेगा में धूमधाम से मनाई गई स्वामी विवेकानंद जयंती



**सिमडेगा।** वनवासी कल्याण केन्द्र संबद्धता प्राप्त श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड द्वारा संचालित शैक्षिक इकाई सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा में धूमधाम से स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई। राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित विद्यालय के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय संगठन मंत्री देवनंदन सिंह, राजेंद्र बड़ाईक, खेदु नायक, संकुल प्रमुख संतोष दास के द्वारा मां सरस्वती, सृष्टि के गर्भस्थल ओउम् , भारत माता और स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर पुष्पार्चन, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया । इस कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा संस्कृत, हिंदी, एवं अंग्रेजी इत्यादि मुख्य भाषाओं में स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय एवं जीवन - दर्शन पर भाषण और स्वामी विवेकानंद जी के रुप सज्जा का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित देवनंदन सिंह जी ने उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है जिनमें परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण के प्रबल हौसले नीहित होते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राजेन्द्र बड़ाईक तथा खेदु नायक, सलडेगा संकुल प्रमुख संतोष दास, सरस्वती शिशु /विद्या मंदिर रामरेखा के प्रधानाचार्य पुरूषोत्तम दास, वनवासी कल्याण केंद्र के अन्य कार्यकर्ता विद्यालय के सभी आचार्य-आचार्या, भैया-बहन इत्यादि उपस्थित रहे।

## मंदिर प्रांगण में द्वादशी महोत्सव का आयोजन



**कुरडेग।** धर्म जागरण समन्वय, कुरडेग खंड के द्वारा श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी महोत्सव का आयोजन कसडेगा मंदिर प्रांगण में किया गया। पंडित जी के द्वारा विधिवत राम दरबार, भारत माता एवं स्वामी श्रद्धानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया गया। खंड कार्यवाह बलवीर जी के द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ, भजन सामुहिक रूप से किया गया। समिति के संयोजक तरुण मांझी ने कहा कि सभी सनातनी के लिए आज का दिन बहुत पवित्र एवं गौरव का है। प्रभु श्रीराम आज के दिन अपने जन्म स्थान पर विराजमान हुए। सभी सनातनी हिन्दू बन्धुओं को धर्म एवं समाज की रक्षा एवं मजबूती के लिए प्रयास करना है। कार्यक्रम में धरमु धराई, विजय मांझी, तीन समिति के सदस्य, माता बहनें एवं बच्चे शामिल हुए थे।

# नेशनल चैंपियनशिप विजेता राहुल को विधायक ने दिया सहयोग



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए चयनित सिमडेगा जिले के कोलेबिरा निवासी राहुल कुमार साहू को विधायक कोलेबिरा नमन बिक्सल कोनगाडी के द्वारा शुभकामनाएं एवं सहयोग राशि दी गई।कोलेबिरा प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग और प्रतिनिधि श्यामलाल प्रसाद एवं चंदन हार्डवेयर के प्रोपराइटर चंदन कुमार के द्वारा अगले पंजाब में होने वाले नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में चयनित होने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई तथा हमारे जिले एवं प्रखंड में गोल्ड मेडल लाने के लिए भी शुभकामनाएं दी गई।राहुल कुमार साहू कसरत क्लब कोलेबिरा चलाते हैं तथा कई पदक जीत चुके हैं ।थाईलैंड में गोल्ड मेडल और लिफ्टिंग उड़ीसा भुवनेश्वर में गोल्ड मेडल लोकल दिल्ली में होने वाले चैंपियनशिप में भी बहुत सारे मेडल जीतकर अपना पहचान पावर लिफ्टिंग की दुनिया में बना रहे है। यहां के कई खिलाड़ी भी कुछ मेडल जीत चुके हैं उन्होंने बताया पिछले बार भी चयन हुआ था लेकिन ब्रांज मेडल तक ही संतोष करना पड़ा इस बार उन्होंने विधायक के साथ सभी को प्रोत्साहन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि अगले महीने पंजाब में राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में इस बार रजत पदक स्वर्ण पदक में बदलने के लिए पूरी तैयारी कर लिया हूं साथ ही लोगों का प्यार एवं दुआएं मिल रही है जरूर इस बार ब्रोंज मेडल गोल्ड मेडल में बदलेगा।

# रामलला प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ की स्मृति में रामरेखा धाम में हुआ भव्य कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता



**सिमड़ेगा।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के पावन अवसर पर श्री रामरेखा धाम में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस प्रथम वार्षिकोत्सव के पावन अवसर पर श्री रामरेखा धाम में संतो के सान्निध्य में पुरोहित भुनेश्वर पंडा के द्वारा हवन पूजन और महा आरती सम्पन्न कराया गया. यजमान के रूप में विश्व हिन्दू परिषद् के जिलाध्यक्ष सह श्री रामरेखा धाम के संरक्षण कौशलराज सिंह देव एवं समस्त सनातनी समाज उपस्थित थे. श्री सिंहदेव ने सभी को प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वार्षिकोत्सव की शुभकामनायें देते हुए प्रभु श्रीराम से लोगों के सुख समृद्धि और उन्नत ग्राम और देश की मंगल कामना की. उन्होंने लोगों से प्रभु श्रीराम के आदर्श चरित को आत्मसात कर एक उन्नत और समरस की स्थापना कर रामराज्य के कल्पना को साकार करने की अपील की. अनुष्ठान और महा आरती के पश्चात् महाप्रसाद का वितरण किया गया और उपस्थित सभी श्रद्धालु भगवान के विग्रहों के दर्शन पूजन कर पूज्य संतों से आशीर्वाद लिए और प्रसाद ग्रहण किये.संतों ने सभी को वर्षगांठ की शुभकामनायें दी और सुख समृद्धि का आशीर्वाद दिये.इस मौक़े पर प्रभु श्रीराम एवं अन्य देवी, देवताओं के विग्रहों का भव्य श्रृंगार किया गया और धाम के प्रांगण को भव्य रूप से सजाया गया. गाजे बाजे और उल्लास के कार्यक्रम मनाया गया मोके पर बजरंग दल सिमडेगा के कार्यकर्ताओं के द्वारा हनुमान चालीसा का वितरण किया गया.मोके पर संत उमाकांत जी महाराज, संत हरिद्वार दास जी महाराज, संत तुलसीदास जी महाराज, संत अशोक पाढ़ी महाराज,पुरोहित विद्याबंधु शास्त्री, पुजारी चन्द्रमाणी दास, पिंटू सिन्हा, पप्पू अग्रवाल, दिनेश कुलुकेरिया,बजरंग दल जिला संयोजक आनन्द जायसवाल, विहिप जिला सह मंत्री सुबोध महतो, बजरंग दल नगर गौ रक्षा प्रमुख सुमित गुप्ता, अमरनाथ मिश्रा, आकाश कुमार,सोनू सिंह, मनीष कुमार, अरुण श्रीवास्तव एवं श्री रामरेखा धाम विकास समिति के पदाधिकारी गण, हिन्दू धर्म रक्षा समिति के पदाधिकारी गण सहित सैकड़ों श्रद्धालुगण उपस्थित रहे.इधर जिले समस्त मंदिरों और पूजा स्थलों को भव्य रूप से सजाया गया और प्रथम वर्षगांठ का कार्यक्रम मनाया गया।

# 8 साल की मासूम से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** थाना क्षेत्र में 8 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को जलडेगा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हैरानी की बात है कि दुष्कर्म का आरोपी भी 16 वर्ष का नाबालिग ही है। इस संबंध में जलडेगा थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि जलडेगा थाना कांड संख्या -04/25, दिनांक -06.01.2025, धारा -65(2) बी0एन0एस0 एवं 4/6/8 पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपी को बाल सुधार गृह गुमला भेज दिया गया।

### क्या था मामला

6 जनवरी 2025 को जलडेगा थाना क्षेत्र में एक पड़ोसी युवक ने 8 वर्षीय मासूम बच्ची को अपना हवस का शिकार बनाया था। रिश्ते में भाई लगने वाला एक पड़ोसी लड़का शराब पीकर गांव आया। बच्ची को घर के बाहर खेलते देख लड़के की नियत बिगड़ी और वो बच्ची को मिठाई खरीदने का झांसा देकर अपने साथ पास के ही एक आंगनबाड़ी केंद्र में ले जाकर इस घिनौनी हरकत को अंजाम दिया था। दुष्कर्म के बाद आरोपी ने बच्ची को जान से मारने का भी प्रयास किया था। इस बीच आंगनबाड़ी केंद्र के पास से बातचीत कर गुजर रहे पड़ोस के दो युवकों की आवाज सुनाई देने के बाद बच्ची किसी तरह खुद को आरोपी के चंगुल से छुड़ाई और भाग कर अपनी जान बचाई। जिसके बाद मौका पाकर आरोपी आंगनबाड़ी केंद्र से फरार हो गया था।

# गोल्ड मेडल जीतकर लौटी बेटी प्रीति का विधायक भूषण बाड़ा ने किया स्वागत

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** 68वें राष्ट्रीय स्तरीय स्कुल प्रतियोगिता 2025 मे गोल्ड मेडल जीत कर लौटी केरसई की बेटी प्रीति लकड़ा का विधायक भूषण बाड़ा ने स्वागत किया। मौके पर विधायक ने बेटी प्रीति को आशिर्वाद भी दिया। विधायक के अलावे जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी प्रीति लकड़ा को बधाई दी। विधायक ने बधाई देते हुए कहा कि प्रीति लकड़ा ने गोल्ड मेडल जीत कर बता दिया कि कम संसाधन के बावजूद जिले की बेटियों में मेडल जीतने की अद्भुत क्षमता है। मौका मिले तो सिमडेगा की बेटी हर खेल में मेडल दिला सकती है। उन्होंने कहा कि कम संसाधन के बावजुद एथलेटिक्सस में गोल्ड मेडल प्राप्त करना गौरव की बात है। सिमडेगा की बेटियों ने सभी खेलों में लगातार मेडल दिलाते रही है। खासकर केरसई प्रखंड की बेटियों ने हर प्रतियोगिता में कमाल का प्रदर्शन की है।

# अनियंत्रित टैंकर के धक्के से पति की मौत, पत्नी और बच्चे आईसीयू में



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह जिले के देवरी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की शाम हुए एक भीषण सड़क हादसे ने एक परिवार की जिंदगी उजाड़ दी. अनियंत्रित टैंकर वाहन ने बाईक से ससुराल जा रहे एक परिवार को टक्कर मार दी.टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाईक पर सवार पति की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल होकर आईसीयू वार्ड में पहुंच गए. यह घटना देवरी थाना क्षेत्र के खरगडीहा - चतरो मुख्य मार्ग की है. मिली जानकारी के अनुसार हिरोडीह थाना क्षेत्र के मनिकबाद पंचायत के शरीफाबाद निवासी मो. जहांगीर अपनी पत्नी अफसाना खातून और अपने बच्चे 9 वर्षीय अफताब अंसारी व 7 वर्षीय अफसर अंसारी के साथ पल्सर बाईक से अपने ससुराल मानिकडीह जा रहे थे. बीच रास्ते में ही बच्चे को टॉयलेट लग गई, जिसके बाद मो. जहांगीर सड़क किनारे बाईक खड़ा कर बच्चे को टॉयलेट कराने लगे. इसी क्रम में सामने से आ रही एक अनियंत्रित टैंकर जोरदार टक्कर मारते हुए गुजर गया. घटना के बाद आसपास के लोगों ने हो - हल्ला किया और सबसे पहले घायलों को अस्पताल पहुंचाया. जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद सभी की गंभीर स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया गया.परिजन घायलों को लेकर हाइयर सेंटर जा ही रहे थे कि रास्ते में ही मो.जहांगीर की मृत्यु हो गई. वहीं उनकी पत्नी और दो पुत्र धनबाद के जेपी अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती हैं. इधर टक्कर मारकर भाग रहे टैंकर को देवरी पुलिस ने पकड़ लिया. इस संबंध में मृतक के पिता ने देवरी थाने में लिखित आवेदन दिया है. फिलहाल देवरी पुलिस मामले की पड़ताल व कार्यवाही में जुटी है.

भरकट्टा ओपी प्रभारी ने जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

# चोरी की घटना पर अंकुश लगाने का दिया भरोसा : ओपी प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी**
बिरनी प्रखंड के भरकट्टा ओपी में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता ओपी प्रभारी अमन कुमार ने की। बैठक के दौरान प्रभारी अमन कुमार ने हाल ही में पदभार ग्रहण करने के बाद जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों से परिचय लिया और उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में वृद्धि की शिकायतें मिली हैं, और उनकी पहली प्राथमिकता इन घटनाओं पर अंकुश लगाना होगा। इस बैठक में सांसद गिरिडीह जिला प्रतिनिधि नारायण पांडे, उप प्रमुख शेखर सुमन,जीप सदस्य सूरज सुमन, मुखिया सहदेव यादव,ईश्वर मण्डल श्रीराम यादव, इसराइल अंसारी, मुखिया केके वर्मा,निरन्जन वर्मा, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि मनोज सिंह, प्रमोद सिंह, कामेश्वर मंडल समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। सभी ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की और समाधान के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर विस अध्यक्ष ने किया पौधरोपण

# पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन पर जोर



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो के गिरिडीह जिला आगमन पर उपायुक्त ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही परिसदन भवन में जिला प्रशासन द्वारा उन्हें गॉड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके पश्चात झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष ने समाहरणालय परिसर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया तथा पौधारोपण कर युवाओं को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के अनुपालन के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर उपायुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत जिला प्रशासन की टीम मौजूद रहे। इस दौरान अध्यक्ष, झारखंड विधानसभा ने मीडिया बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक महीना के लिए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के उचित अनुपालन समेत हेलमेट के उपयोग, सेटबेल्ट आदि के संबंध में जानकारी दी जा रही है। साथ ही साथ एलईडी जागरूकता वैन के माध्यम से इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है ताकि युवा समेत हरेक व्यक्ति जो बाइक, कार और बड़े वाहन चलाते है, उस समय सड़क सुरक्षा और यातायात संबंधी नियमों का उचित अनुपालन करें। इसके अलावा उन्होंने बताया कि सुनहरे व सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी है। मौके पर उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा ने भी पौधारोपण किया और अन्य को भी पौधारोपण करने को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आज का यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था, इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के संबंध में बतलाया जा रहा है और उन्हें जागरूक भी किया जा रहा है।

## दिव्यानी का चयन अंडर -17 महिला फुटबॉल के लिए हुआ



**रांची।** दिव्यानी लिंडा का चयन इंडिया अंडर -17 महिला फुटबॉल कैंप के लिए किया गया। झारखंड से 7 लड़कियों का सलेक्शन हुआ है। रांची जिला से सिर्फ दिव्यानी लिंडा का सलेक्शन हुआ है। कैंप में शामिल होने के लिए बेंगलुरु के रवाना हुई दिव्यानी लिंडा की इस उपलब्धि पर पूरे स्टार वारियर्स एवं गांव में खुशी का माहौल है। एक गरीब घर की बेटी गांव से निकल कर देश के लिए खेलेगी। इस मौके पर रांची सांसद संजय सेठ एवं स्टार वारियर्स के संरक्षक एवं समाजसेवी जगदीश सिंह जग्गू, डॉक्टर शाहनवाज कुरैशी, समंद्र लाल, स्टार वॉरियर्स के कोच अनवरल हक (बबलू), रेशमी तिर्की व बिलेन्दर महतो ने दिब्यांनी लिंडा को बधाई दी।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल ने 75 रन से जीत दर्ज की

**रांची।** वेंचर स्किल अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट शाखा मैदान में दिल्ली पब्लिक स्कूल बनाम सेंट जेवियर स्कूल के बीच खेला गया। दिल्ली पब्लिक स्कूल ने 35 ओवर में 10 विकेट पर 187 रन बनाया। श्रेयश व हरित ने 25-25 रन बनाए। अक्षत ने 4 विकेट लेकर 13 रन, आर्यन छेत्री ने दो विकेट लेकर 55 रन दिया। सेंट जेवियर स्कूल ने 25.4 ओवर में 10 विकेट पर 112 रन बनाया। आदित्य ने 21 रन, आर्यन छेत्री ने 19 रन बनाया। वहीं श्रेयश ने तीन विकेट लेकर 31 रन व हरित ने तीन विकेट लेकर 11 रन दिया। दिल्ली पब्लिक स्कूल ने 75 रन से जीत दर्ज की।

## तरूण संगम ने तीन विकेट से जीत दर्ज की

**रांची।** सात्विक मेमोरियल ए डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट गोलचक्कर ग्राउंड में जेयूवीएनएल बनाम तरूण संगम के बीच खेला गया। जेयूवीएनएल की टीम ने 33 ओवर में 10 विकेट पर 198 रन बनाया। अश्वनी ने 55, सुजल ने 38 व अमित ने 25 रन बनाया। गेंदबाजी करते हुए हर्ष ने पांच विकेट लेकर 26 रन व भूरा ने दो विकेट लेकर 37रन दिया। तरूण संगम टीम ने 30.2 ओवर में सात विकेट पर 199 रन बनाया। सौरव शर्मा ने 44, कुन्दन ने 31, रितिक ने 28 व आशीष ने 24 रन बनाया। गेंदबाजी करते हुए अमित ने तीन विकेट लेकर 29 रन व अमित इंदवार ने तीन विकेट लेकर 53 रन दिया। तरूण संगम ने तीन विकेट से जीत दर्ज की।

## बिजली चोरी के आरोप में सात पर प्राथमिकी दर्ज

**गावां गिरिडीह।** बिजली विभाग के द्वारा विगत शुक्रवार की रात बिजली चोरी के आरोप में सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। विभाग के कनिय अभियंता राहुल विश्वकर्मा के आवेदन पर गावां थाना मोड़ निवासी नागराज शर्मा पिता तेज शर्मा, गावां निवासी कृष्णालाल वर्णवाल पिता सौदागर मोदी, निमाडीह डेवटन निवासी चरणदेव मिस्त्री पिता हरदयाल मिस्त्री, महुवरी निवासी राजेन्द्र प्रसाद यादव पिता परमेश्वर महतो, संजय यादव पिता वासुदेव महतो, दिलीप यादव पिता साहो महतो एवम सुरेन्द्र यादव पिता बिशुन महतो पर प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। थाना प्रभारी महेश चन्द्र ने कहा कि आवेदन के आधार पर गावां थाना में कांड संख्या 06/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## ग्रामीण डाक सेवक भर्ती में गलत ढंग से नियुक्ति को लेकर सांसद को लिखा पत्र

**डुमरी।** अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि डुमरी सह आजसू के जिला प्रधान सचिव छक्कन महतो ने ग्रामीण डाक सेवक (जीडीएस) भर्ती 2024 में भारी धांधली कर गलत ढंग से नियुक्ति करने के संबंध में सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी को लिखित शिकायत की है।उन्होंने पत्र में लिखा है कि भारतीय डाक सेवा के अधिनस्थ ग्रामीण डाक सेवक की नियुक्ति हेतु 10वीं पास की अहर्ता थी।उक्त पद बीपीएम एवं एबीपीएम को मैट्रिक में प्राप्त अंक के आधार पर जीडीएस में बीपीएम एवं एबीपीएम भर्ती की जानी थी।आवेदन करते समय शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र अंक की स्कैनिंग कॉपी नहीं मांगी गई थी।जिसके कारण गलत मानसिकता वाले अभ्यर्थी मनमाने ढंग से 10वीं पास की 98 से,100 फीसदी अंक प्राप्ति की बात कहकर ऑनलाइन आवेदन कर दिया।

## बीओआई के शाखा प्रबंधक ने बीमा धारक को सौंपा दो लाख का चेक

**बरकट्ठा।** बैंक ऑफ इंडिया शाखा के ग्राहक सुनीता देवी कपका निवासी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख का चेक बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक पवन कुमार ने सौंपा। मौके पर पवन कुमार ने कहा कि ग्राहक बीमा अति आवश्यक करायें। ताकि आने वाले समय में उनके परिवार को सहायता राशि मिल सके। उन्होंने बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहकों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना इंश्योरेंस के विषय में दी। साथ ही बैंक अधिकारी कार्तिक कुमार ने सभी बीसी को क्षेत्र के ग्राहकों को बीमा कराने की जागरूक करने की सलाह दी। मौके पर अभिप्रा कंपनी के डीएम दिलीप अग्रवाल, बैंक अधिकारी अमरदीप कुमार, बैंक मित्र दिलीप कुमार नायक, डालेश्वर पंडित, मोती कुमार, प्रमोद गोस्वामी, सुनील कुमार, बचनदेव भारती, अशोक कुमार समेत आदि लोग मौजूद थे।

## अपराधियों पर नकेल कसने के लिए ग्राम रक्षा दल को पुनर्जीवित करने की कवायद



**तिसरी।** अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने अब पुराने तौर - तरीके को ही अपनाने का फैसला लिया है.पुलिस के सहयोग के लिए पूर्व गाँवों में बने ग्राम रक्षा दल को पुनर्जीवित करने की कवायद शुरू कर दी गई है. इसी क्रम में तिसरी में ग्राम रक्षा दल का गठन शुरू हुआ है. इस संबंध में तिसरी के थाना प्रभारी रंजय कुमार ने बताया कि ग्राम रक्षा दल गठन में सभी गांव से 10 -10 सक्रिय सदस्य को शामिल किया जाएगा. इन सभी सदस्यों को टॉर्च, विसील जैसे आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जायेंगे. यह दल रात्रि के वक़्त अपने क्षेत्रों में एक्टिव रहकर पुलिस का सहयोग करेंगें। इससे रात्रि में हो रहे आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकेगा. साथ ही विधि - व्यवस्था आपराधिक घटना पर नियंत्रण हो पाएगा. ग्रामीण इलाकों में रात्रि में चोरी की घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा. इसको लेकर बीते दिनों तिसरी के सभी मुखियाओं के साथ बैठक किया गया था,जिसमे पूरे प्रखंड में ग्राम रक्षा दल के गठन का कार्य शुरू किया गया. बतला दें कि ग्राम रक्षा दल का गठन पहले भी किया जा चुका है, जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 10-10 की संख्या में इसके सदस्य रात्रि प्रहरी का कार्य करते थे.अब एक बार फिर इसे काम में लाने की कवायद शुरू की गई है.

श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की पहला वर्षगांठ धूम-धाम से मनी

# श्रद्धालुओं की रही भीड़ जयकारों से गुंजयमान रहा क्षेत्र



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी** बिरनी प्रखंड के पलौंजिया ठाकुरबाड़ी, बनपुरा, सिमराढाब, डबरी, पिपराडीह समेत विभिन्न गांवों में शनिवार को श्रीरामलला प्राण-प्रतिष्ठा का पहला वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया।।जिसमें पिपराडीह, पेशम, पलौंजिया, खेदवारा, भरकट्टा, पडरमनिया, झरखी और सिमराढाब में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।ध्वनि यंत्र और उत्साहपूर्ण नारों के साथ यात्रा ने पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। पलौंजिया ठाकुरबाड़ी से शोभायात्रा बिराजपुर चौक, प्रखंड मुख्यालय, प्लस टू उच्च विद्यालय पलौंजिया होते हुए वापस ठाकुरबाड़ी पहुंची।महिला, पुरुष, और बच्चों ने वानर सेना के रूप में विशेष उत्साह दिखाया। सभी स्थानों पर हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड, और श्री रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया। श्रीराम के जयकारों से क्षेत्र गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रीरामलला प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर को याद करते हुए मनाया गया। इस वर्ष पौष द्वादशी (11 जनवरी 2025) को इसे भव्य रूप दिया गया।इस कार्यक्रम में लक्ष्मी देवी,भुनेश्वर मण्डल, राजू मण्डल, कंचन देवीरागिनी सिन्हा,शीतल तवे, सीमा देवी, कलावती देवी, नीलम देवी, अंजली कुमारी, सोनम कुमारी, पंकज हिंदुस्तानी, मुकेश कुमार, राजेश कुमार, मनोज साव, श्रवण मोदी, मधु बैठा, दिवास्कर राउत समेत हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे। बिरनी पुलिस और भरकट्टा ओपी पुलिस रहे मुस्तैद श्रीरामलला प्राण-प्रतिष्ठा के पहले वार्षिकोत्सव के अवसर पर बिरनी पुलिस और भरकट्टा ओपी पुलिस पूरी मुस्तैदी से तैनात रही।

## ‘सुरक्षित बचपन दिवस’ के अवसर पर खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**गावां, गिरिडीह।** खरसान करबला मैदान में विभिन्न गांवों में गठित बाल पंचायतों के द्वारा खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन नोबल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हर साल मनाये जा रहे 'सुरक्षित बचपन दिवस' के अवसर पर किया गया। जिसका शुभारम्भ पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी, मुखिया रजिया खातून और बाल पंचायत के बच्चों द्वारा संयुक्त रूप से फुटबॉल में किक मारकर किया गया। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी महेश चंद्रा ने कहा कि कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन द्वारा नियमित रूप से खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से सुदूरवर्ती क्षेत्र की बालिकाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बाल मित्र ग्राम और चाइल्ड लेबर फ्री माइका कार्यक्रमों से न केवल जिले में बाल मजदूरी, बाल विवाह एवं बाल दुव्यार्पार कि घटनाओं में उल्लेखनीय रूप रुप से कमी आयी है। खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में पूर्व विधायक निजाम उद्दीन ने कहा कि सुरक्षित बचपन दिवस के अवसर पर आयोजित इन खेल प्रतियोगिताओ के माध्यम से बालिकाओं में निर्णय लेने की क्षमता विकसित होगी। बाल विवाह, बाल मजदूरी एवं बाल व्यापार जैसे सामाजिक अपराधों के खिलाफ ये बालिकाएं न सिर्फ आवाज उठा रहीं हैं बल्कि इसकी रोकथाम भी कर रहें हैं। आयोजित इस कबड्डी प्रतियोगिता में चिहुटिया की टीम विजेता व खरसान की टीम उप विजेता रही, वहीं बालिका वर्ग के फुटबॉल में खरसान और उपविजेता तिसरी के टीम रही।

## तीन दिवसीय ‘अखिल घाटी’ टेबल टेनिस प्रतियोगिता का हुआ समापन




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
दामोदर घाटी निगम परियोजना में 41वीं ‘अखिल घाटी’ टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन और पारितोषिक वितरण समारोह संपन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय कुमार, निदेशक (भूसंवि) एवं परियोजना प्रमुख, हजारीबाग थे। विशिष्ट अतिथियों में आर. एस. शर्मा, वरीय महाप्रबंधक (टीएससी), और डॉ. अशोक कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी शामिल थे।इस प्रतियोगिता में डीवीसी की विभिन्न परियोजनाओं की आठ टीमों ने भाग लिया। यह आयोजन तीन श्रेणियों - टीम वर्ग, डबल वर्ग, और व्यक्तिगत वर्ग में किया गया।टीम वर्ग में डीवीसी मुख्यालय, कोलकाता विजेता तथा बोकारो ताप विद्युत केंद्र उपविजेता बना।वहीं व्यक्तिगत वर्ग में अरूप राय डीवीसी मुख्यालय, कोलकाता विजेता तथा सुमन सरेन डीवीसी कोडरमा ताप विद्युत केंद्र उपविजेता बनें।डबल वर्ग में अरूप राय और एस.के. चोराडिया विजेता तथा सत्यजीत राय और राजा दत्तोब राय बोकारो ताप विद्युत केंद्र उपविजेता बनें। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक भैया मुरारी थे। उप निर्णायकों में आयुष अग्रवाल और ज्योति यादव ने अपना योगदान दिया।

## पूर्व विधायक पूर्णिमा सिंह के देवर ने मेरे कार्यालय पर कराया हमला : रागिनी सिंह

**धनबाद।** झरिया विधायक रागिनी सिंह के झरिया के कतरास मोड़ स्थित पुराने कार्यालय में शनिवार को अपराधी घुसे और जाते समय कार्यालय के बाहर फायरिंग कर फरार हो गए. पूरी वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है. जानकारी मिलते ही रागिनी सिंह कार्यालय पहुंचीं और झरिया थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. रागिनी सिंह ने आरोप लगाया कि यह हमला पूर्व विधायक पूर्णिमा सिंह के देवर एकलव्य सिंह व हर्ष सिंह ने कराया है. ये लोग चुनाव हारने के बाद हताश होकर मुझे नुकसान पहुंचाना चाहते हैं. विधायक ने कहा कि पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो चुकी है. फुटेज में साफ दिख रहा है कि 14 वर्षों से फरार रामधीर सिंह का पुत्र शशि सिंह व नवीन सिंह उर्फ रतीश सिंह मुझे डराने के उद्देश्य से कार्यालय में घुसे और कुछ देर बाद कार्यालय से निकल कर फायरिंग कर फरार हो गए.

## बाल विवाह विषयों पर केन्द्रित एक दिवसीय उन्नमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
समाज कल्याण विभाग के द्वारा से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत राष्ट्रीय युवा दिवस 2025 के अवसर पर युवाओं के बीच लैंगिक भेदभाव, भ्रुण हत्या, पीसीपीएनडीटी एक्ट, पोक्सो एक्ट, बाल विवाह आदि विषयों पर एक दिवसीय उन्नमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन नेहरू युवा केन्द्र, हजारीबाग के सहयोग से रिंग एण्ड रोजेज बैंक्वेट हॉल, हजारीबाग में की गई। कार्यशाला का उद्घाटन शिप्रा सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग द्वारा स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया गया। बाल विवाह जैसी कुरिति से मुक्ति के लिए लोगों में जागरूकता फैलाये कि बाल विवाह से बच्ची का भविष्य के साथ-साथ परिवार को भी काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बालिकाओं के लिए सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अन्तर्गत मिलने वाले आर्थिक सहायता राशि की भी विस्तृत जानकारी देते हुए अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करने का आग्रह किया। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी सहित नेहरू युवा केन्द्र के युवागण उपस्थित थे।

## कोर्ट नोटिस

न्यायालय, श्रीमान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा।

केस नम्बर एम.टी.एस. 20/2024

प्रताप तुरी........आवेदक।

**बनाम**

सोनी कुमारी देवी........विपक्षी।

**नोटिश**

**बनाम**

सोनी कुमारी देवी पिता बिरजु मांझी साकिन-कसडेगा, तुरी टोली, थाना- ठेठईटांगर, जिला-सिमडेगा, झारखण्ड।

बजरिये आपको इस नोटिस एवं प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रताप तुरी ने आपके विरूद्ध वाद संख्या एम.टी.एम. 20/2024 मेरे न्यायालय में हिन्दु मैरेज एक्ट की धारा 9 के अंतर्गत दाम्पत्य जीवन की पुर्नस्थापना हेतू दाखिल किया है। जितकी सुनवाई दिनांक 13/01/2025 को निश्चित किया गया है। आप स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिन के समय 10.30 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एकतरफा सुनवाई की जाएगी।

आज दिनांक 12/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर से एवं न्यायालय की मुहर से यह नोटिस निर्गत किया जाता है।

इसे सख्त ताकिद जानें।

**प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा।**

## इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ ने इनरव्हील डे मनाया गया

**रामगढ़।** इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ द्वारा इनरव्हील शहर के होटल शिवम इन में इनरव्हील डे मनाया गया। मौके पर क्लब पदाधिकारी एवम सदस्यों द्वारा केक काटकर कार्यक्रम कि शुरूआत कि गई। क्लब अध्यक्षा पिंकी पोद्दार ने कहा कि इनरव्हील क्लब का लक्ष्य महिला सशक्तीकरण और महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में सामाजिक कार्यों से जोड़ना है। बेटियों की शिक्षा सब की प्राथमिकता बने व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हर लड़की को मिले यह क्लब की प्राथमिकता है और इसका प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। कोई भी लड़की बिना शिक्षा के नहीं रहनी चाहिए। इस दौरान कई प्रकार के गेम्स का भी आयोजन किया गया। मौके पर पिंकी पोद्दार, नवलजीत कौर, प्रियंका जैन, नम्रता श्रॉफ, जसमीत सोनी, जेनेश वडेरा, पिंकी गांधी, अनुराधा श्रॉफ, रेनू मेवाड़, पिंकी गांधी, ममता अग्रवाल, अल्पना तिवारी, जेनेश वडेरा, मीणा वडेरा, दीपा वडेरा, जसमीत कौर,बलविंदर कौर,हीना कोटेचा आदि मौजूद थे ।

# पुलिस अधीक्षक ने कोर्ट नोडल पदाधिकारियों के साथ की बैठक



**रामगढ़।** 11 जनवरी को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, एवं पुलिस उपाधीक्षक( मु ) चंदन वत्स- सह - कोर्ट नोडल पदाधिकारी रामगढ़ द्वारा पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के कार्यालय कक्ष में कोर्ट नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक किया गया तथा उक्त बैठक में सभी थाना / ओपी प्रभारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे। बैठक में थाना एवं संबंधित न्यायालय के बीच बेहतर समन्वय बनाने, सरकारी/आम गवाहों को माननीय न्यायालय में ससमय उपस्थापित कराने, न्यायालय से प्राप्त पुराने/टारगेटेड काण्डों से संबंधित समन / वारंट / कुर्की का ससमय निष्पादन करने, सीएमपीएस के माध्यम से नोटिस का ससमय तामिला कराने, एसआईपीयू से संबंधित प्रतिवेदन तैयार करने, प्रतिदिन न्यायालय के कार्यवाहियों को अद्यतन करने, प्रत्येक माह रिहा हुए काण्डों के जजमेंट का अवलोकन कर अपील योग्य चिन्हीत काण्डों में अपील दायर करने हेतु प्रतिवेदन समर्पित करने के संबंध में की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, रांची का कार्यालय आदेश ज्ञापांक-1418/पी०, दिनांक-31.12.2024 के माध्यम से झारखण्ड पुलिस के विभिन्न जिलों के कुल 98 पुलिस अवर निरीक्षक को पुलिस निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति प्रदान करते हुए विभिन्न जिला/ईकाई में स्थानान्तरित किया गया है।

## कुमारधुबी में दिनदहाड़े घर से 50 हजार की चोरी

**धनबाद।** कुमारधुबी ओपी क्षेत्र के बगानधौड़ा बूढ़िया खाद निवासी संतोष केसरी के घर में शनिवार को दिनदहाड़े चोरों ने घर का दरवाजा तोड़ नगद 20 हजार व करीब 30 हजार के जेवरात की चोरी कर ली. भुक्तभोगी ने इसकी शिकायत कुमारधुबी ओपी में की है. संतोष केसरी ने बताया कि वह घर बंद कर अपने परिवार के साथ दोपहर 12 बजे मैथन डैम घूमने निकले थे. शाम करीब चार बजे वे लोग वापस लौटे. घर के सामने का दरवाजा खोला, तो देखा कि अंदर का दरवाजा टूटा हुआ है और सारा समान बिखरा पड़ा है. चोर अलमीरा में रखे 20 हजार रुपये नकद व करीब 30 हजार रुपए के गहने ले गए हैं.

झारखंड सरकार
कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, खूँटी।
(जिला सूचना एवं जनसंपर्क इकाई, खूँटी)

अति अल्पकालीन निविदा

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) 2025 के अवसर पर कचहरी मैदान, खूँटी में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, खूँटी की झांकी निमार्ण हेतु अनुभवी संस्थानों/फर्मों से दिनांक 18/01/2025 को अपराह्न 01:00 बजे तक टर्न की आधार पर सालवेज वैल्यू सहित मुहरबंद निविदा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय के नाम से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा उसी दिन अपराह्न 03:00 बजे क्रय समिति के समक्ष निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जाएगी।

नोट – निविदा के नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट एवं वेबसाइट www.prdjharkhand.in & www.khunti.nic.in पर उपलब्ध है।

उपायुक्त,
खूँटी।

PR 344106 District(24-25)D

# उल्लू बनने का सुख

उल्लू बनना मनुष्य जाति के लिए बड़े सौभाग्य की बात है। बिना उल्लू बने इन्सान तरक्की की सीढ़ियाँ नहीं चढ़ सकता। अब देखिए न, उल्लू लक्ष्मी देवी का ड्राईवर सह वाहन होता है। अस्तु



ललन शर्मा

लक्ष्मी के चरण वही पड़ते हैं जहाँ उल्लू उसे ले जाय। यों भी उल्लू लक्ष्मी का अनअफिसियल मुख्य सचिव (बड़ा बाबू) होता है जिसे पता रहता है कि लक्ष्मी को कहाँ-कहाँ ले जाना है। जाहिर है कि उल्लू महाराज से जिनका सबंध मधुर होता है उनके यहाँ लक्ष्मी आ जाती है। बस लक्ष्मी जी का कुछ हिस्सा उल्लू महाराज के व्यक्तिगत सेवा कोश में जमा करना पड़ता है। वैसे हमारे महान राष्ट्र में लक्ष्मी का वरदान तमाम उल्लूओं को प्राप्त है। इन्हें सरकारी मान्यता है कि ये लक्ष्मी को किसके एकाउन्ट में भेजें। इसलिए यहाँ उल्लू बनने का क्रेज है। ग्लैमर है। हर आदमी उल्लू बनने का सुख प्राप्त करना चाहता है। एक जमाना था जब हमारे मास्टर मुझे उल्लू का पट्ठा कहा करते थे। उन दिनों मुझे बड़ा खराब लगता था पर अब समझ में आ रहा है कि मास्टर साहब बिल्कूल ठीक सम्बोधन करते थे। धन्य हो गुरू जी की दूरदर्शिता। आशा है आप मेरे जैसे सभी नालायकों को उल्लू का पट्ठा कह कर उनका मनोबल बढ़ा रहे होगें ताकि आने वाले दिनों में हर नुक्कड़ पर उल्लू बैठे दिखाई दे। एक बार किसी शायर ने कहा था हर साख में उल्लू बैठा हो तो अन्जामें गुलिस्ताँ क्या होगा? मेरे ख्याल से इस गुलिस्ताँ का अन्जाम जो कुछ हो रहा है बिल्कूल सही हो रहा है। उल्लूओं ने पचास साल में अपना-अपना गुलिस्ताँ बना लिया है। इससे मुझे स्पष्ट हो गया है कि उल्लू बड़ा ही पावरफूल होता है इसलिए मैंने भी उल्लू बनने की ट्रेनिंग लेकर अव्वल दर्जे का उल्लू बनकर आया हूँ। राष्ट्रभक्त हूँ न, इसलिए देश सेवा के हित में मेरा फर्ज बनता है कि सभी नागरिकों को उल्लू बनने के सारे नुस्खे बताकर उन्हें प्रेरित करूँ ताकि भविष्य में हमारा देश सोने की चिड़िया न कहलाकर उल्लूओं का देश कहलाने का आइ0 एस0 ओ0 सर्टिफिकेट ले सके। सर्वप्रथम यह जान ले कि उल्लू विशुद्ध रूप से सरकारी होता है कभी-कभी मिलावट के कारण यह गैर सरकारी या अर्धसरकारी हो जाता है। इनके पास दो किस्म का कोश होता है एक सरकारी तथा दूसरा व्यक्तिगत कोश जिसका खाता विदेशी बैंक में होता है जहाँ डालर में ही जमा होता है। सभी प्रकार के छोटे-बड़े उल्लू सरकारी कोश को निजी कोश में बदलने में माहिर होते हैं। वैसे स्वभाव से उल्लू अन्धेरे में रहने का आदी होता है इसलिए वह अपने सारे काम अंधेरे में करते हैं वैसे काम दिन में ही होता है चूँकि आजकल बिजली नहीं रहने का नियम है इसलिए अंधेरा अपने आप मेन्टेन हो जाता है। जय हो बिजली माई। इसी तरह आपकी अनुपस्थिति बनी रहे। अब आप ही सोचिए उल्लू बनना कितना लाभदायक है। इसके लिए कोई कोचिंग संस्थान या प्राइवेट ट्यूशन लेने की जरूरत नहीं। इसलिए अपने अनुभव में मेरे शोध का रस मिलाइए और उल्लू बनने का सुख पाइए।

# विशालाक्षी

विशालाक्षी लाल बनारसी साड़ी और दुल्हन के जेवरातों से लदी फंदी थी। जब दूल्हे के साथ गाड़ी में बैठी तो उसका सारा साहस न जाने क्यों जवाब दे रहा था?



गीता सिन्हा गीतांजलि


रोती बिलखती माँ, दादी माँ, बाबूजी, छोटा भाई रोशन सब के सब आँसुओं के बीच दिखाई पड़ रहे थे। चचेरी बहनों में उमा, रमा, शारदा ऐसी मूर्तियाँ बन गई थी जिसे देखना भी पता नहीं भविष्य में नसीब होगा कि नहीं? आँखों में सबकी तस्वीरें लिए वह सिसक रही थी। दूल्हा अपनी मोर मुकुट उतारकर अपनी दुल्हन की ओर देखा। कुछ बोलना चाह रहा था.... क्यों रो रही हो? हम हैं न तेरे साथ। इस बोल से भी 'विशालाक्षी' को जरा भी धैर्य नहीं आया। उसे दादी माँ के आंचल की याद आई। वे शब्द जो मेहंदी, कंगन वाले हाथ पकड़ कर बोली थी - - हौसला रख बेटी...... फिर फुसफुसाहट...... आवाजें कुछ भी सुनाई नही पड़ी.....

विशालाक्षी के कानों में विदाई के समय की आवाजें गूँज रही थी वो आवाजें...... हाँ, हौसला ही तो रखना है...... ये जो जीवन साथी बन मुझे लिए जा रहा है, न जाने कब अपना रुख बदल ले। सासू माँ जिसे सिर्फ एक बार मैं देखी हूँ, न जाने मेरे किस काम में कमी निकाल दे....... ससुर जी न जाने कम दहेज के लिए ताने मार दें.... ननदें कब माँ से मेरे काम में मीन - मेख निकाल शिकायत कर दे...दादी माँ ने ठीक ही कहा है...'हौसला रख'...लेकिन यही तो मैं रख नहीं पा रही हूँ.......

मायका छूटा, अब वह ससुराल में कदम रखने वाली थी। गाड़ी रुकने पर शीशे के भीतर से ही उसने सामने से उस सुंदर भवन को देखा, जिसे दुल्हन की तरह सजाया गया था। रंग-बिरंगे बल्ब जल- बुझ रहे थे। कोई चिल्लाया.... भाभी आ गई, भाभी आ गई। शायद वह रोहण का छोटा भाई था।

तीन-चार लड़कियाँ लाल, पीले सलवार कुर्ती में आई। गाड़ी के भीतर झांक कर मुस्कुराई। रोहण भैया, भाभी का मुख तो दिखलाओ रोहण जैसे नींद से जाग कर गाड़ी के बाहर ताका। सुनो रूमा.... माँ से बोलो, रस्म थोड़ी जल्दी करे। मैं बहुत थका हुआ अनुभव कर रहा हूँ। रूमा चली गई घर के भीतर जहाँ रोहण की माँ, चाची, मामी, भाभी 'परछन' के लिए थाल सजा रही थी। भैया की मैसेज पहुँचाती रूमा ने





कहा...माँ! समझा करो। भैया- भाभी बहुत थके हैं। ये रस्में तो जल्द से जल्द निपटाया जा सकता है। माँ ने नई थाल में दीप जलायी, पान की पत्तियों को सजाई, रंगे चावल आशीर्वाद के लिए रखे गए, सिंदूरदान को रखी। अब माँ आईने में स्वयं को देख रही थी। बेटियों से अधिक तो शिवा का चेहरा दमक रहा था। आज पहली बार वो सासू माँ जो बनने वाली थी......

आज तक तीन बच्चों की माँ थी, पत्नी थी। दूल्हा-दुल्हन को गाड़ी से उतारने के लिए आई, स्त्रियाँ गा रही थी...यही है तुम्हारा ससुराल, दुल्हनियाँ धीरे चलो। सजी-धजी, इतराती, नव विवाहित जोड़े को बलाइयाँ लेती शिवा जब कोहबर में पहुँची तो देखी रोहण की खिलखिलाती बहनों का दल 'नेग' के पैसे के लिए आतुर हो रहा है। रूमा ने दोनों बाहों को फैलाकर कहा .... भैया, आज हजार से काम नहीं चलेगा। ससुराल में मिली अँगूठियाँ उतरवा लूँगी। सभी बहनें खिलखिला रही थी। रोहण बहनों की संख्या गिन रहा था। वह सचमुच जब सात अँगूठियाँ निकाल रखने लगा तो शिवा आँखें तरेरी, बोली.... इन बहनों को सिर्फ नेग की पड़ी रहती है। जावो, जाकर दुल्हन की सेज सजाओ, जावो पानी का गिलास लावो..... देखो, दुल्हन को, फूल जैसी कुम्हलाई जा रही है।

शिवा ने बड़े प्रेम से दुल्हन की ठोड़ी ऊपर उठाई तो विशालाक्षी से रहा नहीं गया - - - माँ, माँ कहती चरणों में झुक गई। शिवा झट अपने गले का कीमती हार उतारी और बहू के गले में पहना दी।...... फिर चाची सासू माँ, भाभी सासू माँ, मामी सासू माँ, बुआ सासू माँ को भी पैर लगवाई का रस्म अदा करना पड़ा। सभी ने कुछ-कुछ उपहार 'विशालाक्षी' को दी। तब तक रूमा दूल्हा- दुल्हन की भोजन की थाली लगा चुकी थी। खीर का कौर जब अपने हाथों शिवा ने बहु को खिलाई तो वह नई नवेली गदगद हो गई। रूमा अपना मुँह दुल्हन के पास ले जाकर बोली ..... भाभी, माँ आपको इसीलिए खिला रही है कि आप भैया को खिलायें। सभी खिलखिला पड़े। कंपकंपाते हाथों से उसने चम्मच रोहण की ओर बढ़ाई, तो 'विशालाक्षी' को लगा इस खीर में न जाने कितनी मधुरता भरी है? कितना मिठास है। यही मिठास जीवन पर बनी रहे तो जिंदगी कितनी हसीन हो जाएगी।

अब ननदों की के बीच घिरी 'विशालाक्षी' मुस्कुराने लगी। ननदों का ध्यान तब टूटी जब कड़कती आवाज आई, जो रोहण के पापा की थी..... रूमा, भाभी को आराम करने दो। सभी तितर - बितर हो गई। 'विशालाक्षी' सुहाग की सेज पर बैठी थी - - पति का इंतजार करती। उसे इतना याद है कि रोहण ने उसके कानों में जो कुछ बोला था, उसमें माँ की खीर से भी ज्यादा मिठास थी। बाहर गाना बज रहा था.... दो सितारों का जमीं पर है मिलन आज की रात, आज की रात...... मुस्कुराती है उम्मीदों का चमन आज की रात.... आज की रात..... सुबह नींद खुलते ही 'विशालाक्षी' को लगा.... मैं जो कुछ सोच रही थी ससुराल के बारे में, वे चिंतायें व्यर्थ थीं।

# नायक बस्ती (दलित बस्ती)

कहते हैं
नायक कोई यूं ही नहीं बनता
दर्द से बचकर नहीं कोई नायक बनता
यहां आंखों में सपना पलता है
इन्हीं सपनों के दम पर जीवन यहां चलता है



ध्रुव
टीजीटी (अंग्रेजी)

अभाव हर कदम पर है
जुनून संग उफान पर है
कहीं गुमनामी के अंधेरे में कोई
नयना है
जो चाहती हर दिन आगे बढ़ना है
कहीं कोई मेहनतकश पिता है
जिसकी आंखों में अतीत की
जलती चिता है
वह यह सोचकर जीता है
जो वह न कर सका उसका बेटा कर पायेगा
सफलता के दिए से घर रौशन कर पाएगा
डेरा काम पर जाती मां
रेजा पर जाता पिता
टिफिन के साथ बच्चे से वादे लेकर जाते हैं
शाम को लौटते समय कुछ ख्वाब साथ लाते हैं
एक है नानी
जिसके पास है दर्द भरी कहानी
उसने ठान लिया है
अब वह मां भी बन जाएगी
बाप भी बन जाएगी
बच्चे के लिए जान लगा जाएगी
शायद इसलिए वह बच्चा उसे नानी नहीं, मां
कहता है अनकहा वह भी समझता है
एक दादा है
हाथ टूटा है पर बंद मुट्ठी में एक इरादा है
ममता की छांव से दूर बच्चों को पढ़ाना है
उन्हें उनके पैरों पर खड़ा होना सिखाना है
तंग गलियों में
बुरी आदतें भी बिखरी हैं
शामें दावत देती हैं इन्हें
सुबहें भी पीछे नहीं हैं
खुले मैदान में
जोश कभी बैडमिंटन में समा जाता है
कभी फुटबॉल में घुल जाता है
कभी क्रिकेट में मिल जाता है
मनोरंजन से दिल बहल जाता है
यहां चलता भारत है
सोचता इंडिया भी है
संभावनाएं बिखरी हैं गलियों में
बस हाथ थामने वाला कोई चाहिए
गिरते को उठाने वाला कोई चाहिए
बंद शोलों को भड़काने वाला कोई चाहिए
जिंदगानी को सुहानी कहानी में परोस देने
वाला कोई चाहिए।



# मुनिया

सजा बाजार तिलकुट से,
बोली मुनिया माँ से।
खानी मुझको यह मिठाई,
कभी मैंने नहीं खाई।
तिल मैंने कल धोया,
खरीदूँगी गुड़ खोया।
मालकिन संग बनाऊँगी,
कुछ भेंट में पाऊँगी॥
दान-पुण्य से बनता पर्व,
दीन को त्योहारों पर गर्व।
काम से जब आऊँगी,
तिल लड्डू खिलाऊँगी ॥
संग मिलेगा चूड़ा-दही,
लाऊँगी प्रसाद यही।
खिचड़ी भी मिलेगा दान,
होगा संक्रांति से कल्याण॥
कुछ पैसे मिलेंगे मुझको,
पतंग दिलाऊँगी तुझको।
मुनिया खुश हुई सुनकर,
माँ से लिपटी चूम-चूम कर॥



खुशबू बरनवाल 'सीपी'

# बलात्कार

बनी शिकार हवस की जो बच्ची, वो चुप चुप रहती होगी।
अंतर्मन की बातें सारी, जाने किससे कहती होगी।
सहज नहीं हो पाती होगी, पीड़ा किसे बताती होगी।



शोभा किरण

सुनती होगी आहट कोई, मन ही मन घबराती होगी।
हिरणी जैसी चंचल आँखें अब पथराई लगती होंगी।
अंधेरे में अपनी ही परछाई से डर जाती होगी।
उन नयनों से अँसुवन धारा, नदिया जैसी बहती होगी।
अंतर्मन की बातें सारी जाने, किससे कहती होगी।
नाम पुरूष का लेने से ही, रोम रोम डर जाता होगा।
और ओढ़नी अपने तन को छू ले, मन थरार्ता होगा।
उस एहसास को नाजुक तन से मलमल कर वो धोती होगी।
घबराई घबराई सहमी सहमी हर पल होती होगी।
मंदिर से पावन काया अब, खंडर जैसी ढहती होगी।
अंतर्मन की बातें सारी, जाने किससे कहती होगी।



नाजुक जिस्म दरिंदों ने मिल कुत्ते जैसा नोचा होगा।
वो रोई चिल्लाई होगी कुत्तों ने तन भोगा होगा।
देखके उसकी हालत ऐसी चूर-चूर हो जाए दरपन।
टूट गया तन, बिखर गया मन, रूठ गया गुड़ियों सा बचपन।
उसपर शूलों जैसे ताने, दुनिया भर के सहती होगी।
अंतर्मन की बातें सारी, जाने किससे कहती होगी।

# उसकी कहानी

कौन सोया है अभी तक
ओढ़कर चादर फटी,
है गरीबों की कहानी रात पाले
में कटी।



राजश्री राज

सूर्य की गर्मी
तनिक देती सुखद
अहसास है,
नींद आई है
सुहानी धुंध
जाकर जब छटी।।
थरथराते कांपते
बीती अमा की रात कल,
नींद से आंखें भरी पर जागता
वह हो विकल।
शाम वह कुछ चून सूखा
काठ ले आया मगर
रात पाले की नमी से बुझ गया
जल कर निबल।।
नींद में सोया तभी कुछ
गुदगुदाहट सी हुई,
मुस्कुराहट होंठ पर फैली तभी
आहट हुई,
उस बुझे अध से जले ने भर
धुआँ सबसे कहा
सो गया वह अब सदा उसकी
बुलाहट जब हुई।
नींद आई है सुहानी धुंध
जाकर जब छटी,
है गरीबों की कहानी, रात
पाले में कटी,
सो गया वह सो गया वह सो
गया वह सो गया
अब न बोलेगा कभी वह क्यों
कफन भी है फटी।।
कौन सोया है अभी तक
ओढ़कर चादर फटी,
सोचते ही सोचते मेरी कलम
भी रो पड़ी।।



# मेरी बिंदिया मेरी निंदिया सब होती है हिंदी में



मुंडन, सोहर, शादी, ब्याह, सब
करें हम हिंदी में
द्वार छिकाई काजल कराई वो भी
होती हिंदी में
माड़ो में जब आये बाराती तो
गाली भी हिंदी में
सिंदूर दान, द्वार छिकाई और
विदाई भी हिन्दी में।
चुगली चाची अपनी बातें चुगली
करती हिंदी में,
चुगली करने से तृप्त होता उनका
मन भी हिंदी में,
चुगली चाहे लाख करो पर इतना
सब रखना ध्यान
गरिमा का खंडन न करना, गले
भी मिलना हिंदी में
कहीं सोहर कभी गाती, कहीं
परिछन करे हिन्दी।
कभी मतकोड़ है गाती, कही
काजल करे हिंदी.
हमारी निहित संस्कारें, समाहित
सभ्यता इसमें
कभी माँ की लुगा के सम, सदा
शीतल करे हिंदी।



सविता सिंह मीरा

# यात्रा वृत्त : नई, पुरानी यात्रा की जुगलबंदी

जब भी निम्न जगहों में यायावरी की बात होती, अनायास विवाह के प्रथम वर्ष में हरिद्वार, ऋषिकेश, मसूरी की सैर का स्मरण हो आता। उस समय तीन परिजन हम दोनों के साथ थे। हमारी यात्रा चतरा के जतराहीबाग से प्रारंभ हुई थी और वहीं




अनिता रश्मि

पर खत्म! हम पाँचों पास के जंक्शन गया ( वही गया, जहाँ फल्गू नदी के तट पर पिण्ड दान के लिए देश-विदेश से लोग आते हैं ) से रेल की खटखटाहट के बीच रात्रि में दिल्ली पहुँचे थे। कुछेक ऐतिहासिक स्थलों को देखने के बाद रात में लाल किले का लाइट एण्ड साउंड कार्यक्रम भी देखा था। घोड़ों की टापों, मीना बाजार में चूड़ियों की खनक, पायलों की रून-झुन, बतकही में व्यस्त लोगों की आवाजें और रौशनी के द्वारा मुगल काल के प्रस्तुत दृश्य ने मन मोह लिया था। करीब एक घंटे के शो में लाल किले से संबंधित प्राचीन घटनाओं को दशार्या जाता है। भारत में मुगलों के शासन के प्रतीक के रूप में 1638 में लाल किले का निर्माण मुगल शैली में हुआ था। इधर खुशी की खबर, यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट में इसे शामिल किया गया है।

दूसरी बार शिमला जाते वक्त हम दिल्ली में रुके थे। तब लाइट एण्ड साउंड कार्यक्रम नहीं देखा लेकिन दिल्ली के लाल किले, लोटस टेम्पल, इंडिया गेट, राजपाट, शांति वन, कुतुब मीनार, जंतर-मंतर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, एशिया के सबसे बड़े थोक बाजार चांदनी चौक आदि ने पुनः मन को मोहित किया था। लोधी रोड के ज्ञानपीठ के दफ्तर में तात्कालिक निदेशक, ज्ञानोदय के संपादक रवीन्द्र कालिया जी से सार्थक मुलाकात हुई थी, 'ज्ञानोदय झारखंड विशेषांक' आने से ठीक पहले। इसमें अपनी भी एक कहानी थी। तीसरी बार इनमें से कुछेक की सैर स्थगित, कुछेक जगहों पर दुबारा जाना हुआ।

सबसे पहले हमने बंद श्वेत कमल की आकृतिवाले लोटस टेम्पल का रुख किया। दिल्ली



के दक्षिणी भाग में स्थित बड़े से हरीतिमा युक्त परिसर में खूबसूरत कलाकृति की मिसाल पेश करती इमारत देखते रह गए। बहाई समुदाय की मूर्तिविहीन उपासना स्थली एक अनूठा मंदिर है। अंदर से एकदम खाली गोलाकृति। आश्चर्य कि किसी प्रकार का कोई धार्मिक कर्म-कांड नहीं हो रहा था। विभिन्न धर्मों के पवित्र लेख पढ़े जा रहे थे। एकदम शांत वातावरण में सैकड़ों व्यक्ति बस प्रार्थनारत।

पवित्र कमल पुष्प कीचड़ में खिलने के बावजूद पवित्र तथा स्वच्छ रहना सिखाता है, वैसे ही यहाँ पवित्रता, शांति और सौहार्द का अनुभव हुआ। कुछ देर आलथी-पालथी मारकर बैठने के बाद हम बड़े शानदार, खूबसूरत परिसर के पार इंडिया गेट के पास पहुँचे। दिल्ली के सबसे सुंदर स्थलों में से एक इंडिया गेट पहुँचते ही रोमांच हो आया। भीड़ की रेलमपेल लोटस टेम्पल से ही संग-संग थी। फिर भी हम पास जा पहुँचे। यहाँ हर पल जलती ज्योत को देखकर शहादत के सम्मान के प्रयास पसंद आए। 90 हजार शहीदों की याद में उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए इसका निर्माण किया गया था। इन शहीदों ने अफगान युद्ध और प्रथम विश्व युद्ध के समय अपने प्राणों की बलि दे दी थी। इसका निर्माण सन 1931 में किया गया था।

दिल्ली की हृदय स्थली कनॉट प्लेस के पास स्थित जंतर-मंतर पूर्व में भी जा चुकी थी। इस बार भी गई। इस बार उतने बड़े से परिसर के अंदरूनी इलाके से मिलना नई जानकारियों से मिलना था। यह खगोलीय वेधशाला है। इसका निर्माण महाराजा जयसिंह द्वितीय ने सत्रहवीं शताब्दी में करवाया था। चौकीदार ने पूछने पर बताया। सच, लोग प्राचीन भारत की वैज्ञानिक उन्नति की दुहाई यूँ ही नहीं देते। जय सिंह ने ऐसे आधुनिक वेधशालाओं का निर्माण जयपुर, उज्जैन, मथुरा और वाराणसी में भी किया था। दिल्ली का जंतर-मंतर समरकंद की वेधशाला से प्रेरित है। मोहम्मद शाह के शासन काल में हिन्दु, मुसलमान खगोलशास्त्रियों में ग्रहों की स्थिति को लेकर बहस छिड़ गई थी। बहस खत्म करने के लिए सवाई जय सिंह ने जंतर-मंतर का निर्माण करवाया। ग्रहों की गति नापने के लिए यहाँ विभिन्न प्रकार के उपकरण लगाए गए हैं। जगह-जगह बोर्ड पढ़ते हुए अनेक यंत्रों के बारे में जाना। 'सम्राट यंत्र' सूर्य की सहायता से वक्त और ग्रहों की स्थिति की जानकारी देता है। 'मिस्र यंत्र' वर्ष के सबसे छोटे ओर सबसे बड़े दिन को नाप सकता है। 'राम यंत्र' और 'जय प्रकाश यंत्र' खगोलीय पिंडों की गति के बारे में बताता है। पूरे मन से निरीक्षण करती रही।

महरौली में कुतब कॉम्प्लेक्स में स्थित बेहतरीन सुविख्यात इमारत कुतुब मीनार समूह देखना फिर जरूरी लगा। युनेस्को विश्व विरासत में शामिल मीनार दिल्ली के महत्वपूर्ण इतिहास से रु-ब-रु कराता है। स्थापत्य कला का उत्कृष्ट नमूना। एक माले तक कुतुब मीनार का निर्माण 'कुतुब-उद-दीन ऐबक' ने कराया था। बाद में उत्तराधिकारी इल्तुतमिश और उनके वारिस ने इसका निर्माण पूर्ण किया। एक विशाल परिसर में लाल पत्थरों से बनी यह अद्भुत मीनार सदा से दिल जीतती रही है। 72.5 मीटर ऊँची गोलाकार मीनार को जिधर से देखा, मन में उत्सुकता और उत्साह जगा। पाचमंजिले कुतुबमीनार के हर मंजिल के साथ एक बालकनी।

यहाँ आने से पहले लाल किले के लाल परकोटों, दीवाने खास, दीवाने आमादि को धूप में मिल चुकी थी। पार्क की हरी घासों के कच्च हरेपन पर देर तक बैठना अभी तक मन को तर किए हुए था। शाम का धुंधलका भी कुतुब मीनार की ऐतिहासिकता और मोहकता को ढँक नहीं सका, ऊपर चाँद चमक रहा था। हम टेढ़ी होती जाती इमारत का टेढ़ापन ढूँढ रहे थे। लौटने से पहले भरपूर जिया वहाँ के विहंगम दृश्य को, ऊँचे भव्य अन्य इमारतों को।

*-संयोजन : नरेश अग्रवाल*

## काव्य कोना

# कान्हा, एक गाथा

कान्हा,
कभी सोचा तुमने लौटूँ मथुरा-वृन्दावन
पर सोचते कैसे, लौटते कैसे
लौट जाते तो रणछोड़ कैसे कहलाते
कंस का वध कैसे होता
जरासंध संग भीम का संहारक
मल्लयुद्ध कैसे होता।
कान्हा,
कभी सोचा तुमने लौटूँ मथुरा-वृन्दावन
पर सोचते कैसे, लौटते कैसे
लौट जाते तो कुरुक्षेत्र में गीता कैसे
मिलती
कर्ण को इंद्र प्रदत्त शस्त्र चलाने पर
विवश कैसे करते
भीष्म के सामने शिखंडी को कौन लाता
महाभारत की परिणति कैसे होती।
कान्हा,
कभी सोचा तुमने लौटूँ मथुरा-वृन्दावन
पर सोचते कैसे, लौटते कैसे
लौट जाते तो द्वारकाधीश कैसे बनते
धर्म तो आस्था की बात है
तुम तो अनोखे अन्वेषक ठहरे
मीठी कालिंदी से खारे अरब सागर तक
न जाने कहां-कहां रूके, देखें और
परख कर बढ़ गये
कान्हा,
कभी सोचा तुमने लौटूँ मथुरा-वृन्दावन
पर सोचते कैसे, लौटते कैसे।

नाग मणि

## रचना भेजिए


समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक

## आज का दोहा

अगहन भरे चिकोटियां, पूस चलावे शूल।
माघ चलावे विषम शर, सुख के रिश्ते भूल।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

# प्रकृति का लोक उत्सव-टुसू पर्व

भारत त्योहारों का देश है। समूचे भारत वर्ष में भिन्न-भिन्न अवसरों पर अलग-अलग जाति, धर्म और समुदायों द्वारा कई पर्व त्योहार मनाए जाते हैं। ऐसा ही एक लोक पर्व है टुसू, जो सर्दी के मौसम में धान



रीना सिन्हा सलोनी

की कटाई के बाद मनाया जाता है। नए वर्ष में धान की कटाई के बाद झारखंड की विभिन्न जन जातियों द्वारा मनाया जाने वाला सबसे प्रमुख पर्व 'टुसू परब' है जो पूरे राज्य में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। हालांकि झारखंडी संस्कृति का प्रतीक टुसू पर्व मुख्यतः झारखंड में मनाया जाता है लेकिन इसकी धूम ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कुछ क्षेत्रों में भी देखी जा सकती है। हल्की गुनगुनी सर्दी में अगहन से पौष के अंतिम दिन यानी मकर संक्रांति पर आयोजित होने वाला प्रकृति से जुड़ा टुसू पर्व एक प्रमुख लोक उत्सव है। आस्था, मान्यताओं और रीतिरिवाजों से जुड़े इस पर्व को सभी आदिवासी जन जाति बड़े ही सौहाद्र पूर्वक मनाते हैं। टुसू परब मुख्यतः भूमिज, कोरा, मुंडा, संथाल, खड़िया, हो, गोंड, चिक बड़ाइक, उरांव, खेरवार, माहली, लोहरा, सबर, करमाली, कुड़मी महतो, लोधा, बागाल, भुइंया, गोंझू और अन्य समुदायों द्वारा धूमधाम से मनाया जाता है। झारखंड की मिट्टी और जन जाति से जुड़े टूसू पर्व की कई पौराणिक कथाएँ भी हैं जो आज भी सुनी और सुनाई जाती हैं। एक प्रचलित लोक कथा के अनुसार, टुसू परब टुसूमनी नामक युवती के स्वाभिमान की गाथा से जुड़ा है ऐसा कहा जाता है कि प्राचीन काल में एक गरीब किसान की टुसूमनी नामक गुणवती और रूपवती कन्या थी जिसकी सुंदरता की चर्चा दूर दूर तक थी। जब यह खबर वहाँ के क्रूर मुगल राजा के दरबार तक पहुंची तो उस कन्या को प्राप्त करने के लिए राजा ने षड्यंत्र रचना प्रारंभ कर दिया। संयोग से उस साल राज्य में भीषण अकाल पड़ गया। गरीब किसान लगान न दे पाए और इसी स्थिति का लाभ उठाने के लिए राजा ने कृषि कर दोगुना कर दिया। किसानों ने कृषि कर को माफ करने की मांग कि तो उस राजा ने कर माफी के बदले टुसूमनी की इच्छा कि। लेकिन स्वाभिमानी टुसूमनी ने राजा के आगे घुटने टेकने के बजाय जलसमाधि लेने का फैसला लिया और उफनती स्वर्णरिखा नदी के सतीघाट स्थल पर कूद गई। टुसूमनी की इस कुबार्नी की याद में ही टुसू पर्व मनाया जाता है। टुसू पर्व कुंवारी कन्याओं के द्वारा टुसू पूजन के रूप में मनाया जाता है। घर की कुंवारी कन्याएं प्रतिदिन संध्या समय में टुसू की पूजा करती हैं और टुसू की मूर्ति बनाती हैं। इसी मूर्ति के चारों ओर सजावट करती हैं और फिर धूप, दीप के साथ टुसू की पूजा करती हैं। जनवरी मास में मनाए जाने वाले टुसू परब के दिन झारखंड, ओड़िसा और पश्चिम बंगाल में नदियों के तट पर विशाल मेला लगता है जिसमे सभी जन जाति और समुदायों के लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। यहाँ टुसू माता की मूर्ति बैठाई जाती है और पूजा अर्चना की जाती है। लोग नदी में स्नान करते हैं और नए वस्त्र पहनते हैं। ढोल मांदर की थाप पर पारंपरिक भेष भूषा में लोक नृत्य होता है और लोक गीत गाए जाते हैं। इस दिन आदिवासी समाज के लोग अरवा चावल और गुड़ से एक मीठा पारंपरिक पकवान बनाते हैं जिसे पीठा कहा जाता है। परंपरा के अनुसार, पिठ्ठों को रिश्तेदारों और पड़ोसियों को दिया जाता है। इस दिन आदिवासी जन जाति हड़िया भी पीते हैं।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# प्रतिष्ठा द्वादशी पर सीएम योगी ने रामलला के श्रीचरणों में झुकाया शीश



**एजेंसी। अयोध्या**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्री रामलला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर शनिवार को अयोध्या पहुंचे। मुख्यमंत्री ने प्रभु श्री राम के चरणों में शीश झुकाया व रामलला की उतारी आरती।

सीएम ने जन्मभूमि पथ पर खड़े श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद मुख्यमंत्री श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे और श्री रामलला के चरणों में शीश झुकाया। मुख्यमंत्री ने यहां विधिवत दर्शन-पूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने यहां श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास जी महाराज से भी आशीर्वाद प्राप्त किया। सीएम योगी ने साधु संतों के साथ भोजन प्रसाद भी ग्रहण किया।

महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेदप्रकाश गुप्त, रामचंद्र यादव आदि जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने रामकथा पार्क पर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। सीएम योगी प्रतिष्ठा द्वादशी के मुख्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे।

इसी के साथ अयोध्या राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर शनिवार को भव्य उत्सव और धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गए हैं। समूचा परिसर कई फूलों से सजाया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसके पहले 4 जनवरी को भी अयोध्या आए थे। उस दिन उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की, फिर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की थी।

ज्ञात हो कि प्राण प्रतिष्ठा के वार्षिकोत्सव को प्रतिष्ठा द्वादशी नाम दिया गया है। इस अवसर पर पुजारियों ने रामलला का दूध, दही, घी, शहद, शक्कर से अभिषेक किया। फिर गंगाजल से नहलाने के बाद रामलला का श्रृंगार किया गया। उन्हें सोने और चांदी के तारों से बुने गए वस्त्र पहनाए गए। इसके साथ ही रामलला की पहली वर्षगांठ पर शनिवार से तीन दिवसीय उत्सव शुरू हो गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 11 से 13 जनवरी तक तीन दिवसीय उत्सव मनाने की घोषणा की है। अयोध्या के भव्य मंदिर में रामलला 22 जनवरी 2024 को विराजमान हुए थे। इस वर्ष 11 जनवरी को बीते वर्ष के मुहूर्त के अनुसार प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव मनाया जा रहा है। शनिवार से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हो जाएगी।

## मंदिर हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो भी शेयर किया है। पीएम मोदी ने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, "अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर समस्त देशवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष से बना यह मंदिर हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर है। मुझे विश्वास है कि यह दिव्य-भव्य राम मंदिर विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में एक बड़ी प्रेरणा बनेगा।"इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर पोस्ट किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, "हम चाकर रघुवीर के... जय श्री राम" उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने पीएम मोदी के पोस्ट को दोबारा शेयर किया। उन्होंने लिखा, "असंख्य राम भक्तों को श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। बता दें कि रामलला प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के अवसर पर वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह उत्सव 11 जनवरी से 13 जनवरी तक चलेगा। इस अवसर पर रामलला के दरबार को फूलों से सजाया गया है।

### भगवान के दर्शन कर भावुक हुए श्रद्धालु

**अयोध्या।** रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। इस बीच, शनिवार को रामनगरी अयोध्या पहुंचे श्रद्धालुओं ने रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर खुशी जाहिर की। इस दौरान उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार के काम की भी प्रशंसा की। आंध्र प्रदेश से रामलला के दर्शन के लिए आए श्रद्धालु ने आईएएनएस से बातचीत में बताया, "आज हम भगवान राम के दर्शन के लिए यहां आए हैं। हमारी इच्छा थी कि अयोध्या आएं और भगवान के दर्शन करें, जो आज पूरी हुई है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में तो हम लोग नहीं आ पाए थे, लेकिन प्रथम वर्षगांठ पर आने का सौभाग्य मिला है। एक अन्य श्रद्धालु ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, "हमें आज भगवान राम के दर्शन करने का सौभाग्य मिला है। बिना किसी परेशानी के भगवान के दर्शन किए और हम सब काफी खुश भी हैं। सरकार ने यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अच्छे इंतजाम भी किए हैं। उत्तराखंड से आई महिला श्रद्धालु ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "मैं पिछले 24 घंटे में भगवान राम के दो बार दर्शन कर चुकी हूं। भगवान को देखकर मन काफी प्रसन्न है। यहां पर सरकार और प्रशासन की तरफ से अच्छे इंतजाम हैं, जिसके चलते किसी तरह कोई परेशानी नहीं हुई है।



● रामलला का दूध, दही, घी, शहद, शक्कर से अभिषेक किया

● 11 से 13 जनवरी तक तीन दिवसीय उत्सव मनाने की घोषणा की है।

## श्री राम लला के गेटअप में महाराष्ट्र से अयोध्या पहुंची वेदिका, कहा- 'जय श्री राम'



**अयोध्या।** महाराष्ट्र की रहने वाली वेदिका जायसवाल श्री रामलला के गेटअप में तैयार होकर अयोध्या पहुंची हैं। चौथी क्लास की छात्रा भगवान राम को अपना दोस्त मानती हैं। बच्ची में सनातन के प्रति गहरी आस्था है और महाभारत और रामायण का ज्ञान भी है। वेदिका के साथ उनकी मां दीक्षा जायसवाल भी अयोध्या पहुंची हैं। श्री राम लला के गेटअप में वेदिका को देखकर अयोध्यावासी भी भाव-विभोर हो रहे रहे हैं। दरअसल, 22 जनवरी 2024 को श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। प्राण प्रतिष्ठा की पहली सालगिरह पर अयोध्या में तीन दिवसीय भव्य महोत्सव आयोजित हो रहा है। इस महोत्सव में शामिल होने के लिए देशभर में लोग पहुंच रहे हैं। दीक्षा जायसवाल ने आईएएनएस के साथ बातचीत में बताया कि 22 जनवरी 2024 को जब श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। मुझे तब लगा था कि मैं श्री राम लला के गेटअप में अपनी बेटी को तैयार करूंगी। उन्होंने बताया, "मैंने बेटी को श्री राम लला के गेटअप में तैयार करने के लिए करीब दो महीने तय तैयारी की। क्योंकि, इस गेटअप में जिन चीजों का इस्तेमाल किया गया वह ऑनलाइन नहीं मिल रहा था। पिछली बार जब हम राम लला के दर्शन करने आए तब मेरी बेटी के माथे पर श्री राम लला का चंदन पुजारियों के द्वारा लगाया गया था। इससे ज्यादा हमें क्या चाहिए था। उन्होंने कहा, "मैं देश के सभी अभिभावकों से अपील करती हूं कि वह अपने बच्चों को सनातन से जुड़ी गतिविधियों में शामिल होने के लिए भी प्रोत्साहित करें।

## राम लला प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ, तीन दिवसीय महोत्सव आज से , सीएम योगी करेंगे शुभारंभ

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली सालगिरह पर आयोजित महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। 22 जनवरी 2024 को श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। अब एक साल पूरे होने पर अयोध्या में तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान वीवीआईपी दर्शनों पर रोक होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, "हम चाकर रघुवीर के... मंदिर ट्रस्ट के अनुसार, 11 से 13 जनवरी तक होने वाले इस समारोह का उद्देश्य आम लोगों को शामिल करना है, जो पिछले साल ऐतिहासिक समारोह में शामिल नहीं हो पाए थे। साथ ही, करीब 110 आमंत्रित वीआईपी भी इसमें शामिल होंगे। हालांकि तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में वीवीआईपी पास निरस्त रहेंगे। इसके अलावा दर्शन करने का समय भी बढ़ा दिया गया है। यह समारोह राम जन्मभूमि परिसर के भीतर विभिन्न स्थानों पर होगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम में लोकगायिका मालिनी अवस्थी जैसे प्रसिद्ध कलाकार प्रस्तुति देंगे। पार्श्व गायिका अनुराधा पौडवाल, कवि कुमार विश्वास सहित अन्य लोग भी



शामिल होंगे। मंदिर ट्रस्ट के अनुसार, तीन दिवसीय समारोह के दौरान कई धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ रामलीला भी होगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को कुबेर टीला पर भक्तों को संबोधित करेंगे, जिसके बाद संगीत और भक्ति कार्यक्रमों की एक श्रृंखला होगी। विभिन्न राज्यों के संगीत समूह 11 से 13 जनवरी तक अयोध्या के विभिन्न चौराहों पर कीर्तन भी करेंगे। पिछले अभिषेक समारोह में शामिल नहीं हो पाने वाले देश भर के संतों को वर्षगांठ समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा ऐसे लगभग 70 संतों की सूची तैयार की जा रही है। कुमार विश्वास और मालिनी अवस्थी शनिवार को मंदिर परिसर के भीतर अंगद टीला में प्रस्तुति देंगे, जबकि अनुराधा पौडवाल और कविता पौडवाल रविवार को प्रस्तुति देंगी। जगद्गुरु रामानुजाचार्य और स्वामी ज्ञानानंद तीन दिनों तक राम कथा सुनाएंगे। इसके अलावा, लखनऊ की सपना गोयल 250 महिलाओं के साथ कार्यक्रम के दौरान सुंदरकांड का पाठ करेंगी। मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान के संत और अयोध्या के 100 से अधिक स्थानीय संत वर्षगांठ समारोह में भाग लेंगे।

## आज का राशिफल

**मेष :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है।

**वृष :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती है।

**मिथुन :** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी।

**कर्क :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।

**सिंह :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**कन्या :** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

**तुला :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

**वृश्चिक :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**धनु :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं।

**मकर :** शनै शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा परिणाम शुभ रहेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे।

**कुंभ :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते हैं जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**मीन :** व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगों को आश्चर्य में डाल देंगे। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा।

### देश के कोने-कोने से पहुंच रहे लोग

## कल्पवास करने वालों से भरा संगम स्थल

● पौष पूर्णिमा के प्रथम स्नान की डुबकी के साथ शुरू होगा जप, तप और ध्यान

**नवीन मेल संवाददाता। प्रयागराज**



कल्पवास शुरू होगा 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के प्रथम स्नान पर्व की डुबकी के साथ। लेकिन, संगम की रेती पर पहले पहुंच कर जगह पाने व गृहस्थी जमाने के लिए देश के कोने-कोने से कल्पवासी अभी से उमड़ पड़े हैं। हालत यह है कि पांटून पुलों से लगे चकर्ड प्लेट के मार्ग तक तिल रखने की जगह नहीं बची है। ट्रैक्टर-ट्रालियों पर महीने भर की गृहस्थी लेकर लोग शिविरों में पहुंचने लगे हैं। 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा की प्रथम डुबकी के साथ मास पर्यंत जप, तप और ध्यान का कार्यक्रम आरंभ हो जाएगा। इसके लिए देश-दुनिया के हर कोने से कल्पवासी अपने पोते-पोतियों, बेटे-बहुओं के साथ निकल पड़े हैं। अमेठी, गोरखपुर, जौनपुर, बलिया, देवरिया, आजमगढ़, वाराणसी, रीवा, बिलासपुर, रायपुर, रांची, पटना, कोलकाता, भोपाल, अहमदाबाद सहित तमाम राज्यों से कल्पवासी बांस, लकड़ी, पुआल के बीच अपना सामान लेकर देर रात तक शिविरों में पहुंचते रहे। इधर, मेला प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है और कल्पवासी अपनी गृहस्थी सजाने में जुट गए हैं। गंगा-यमुना के किनारे के स्नान घाटों से लेकर संगम की सर्कुलेटिंग एरिया में पुआल बिछाने का काम तेज कर दिया गया है, ताकि रेत पर कीचड़ न फैलने पाए और स्नानार्थियों को सर्दी से बचाया जा सके। इसी के साथ सभी 25 सेक्टरों में पांटून पुलों के प्रवेश व वापसी मार्ग के अलावा तिराहों, चौराहों पर पुलिस व पैरामिलिट्री के जवानों को तैनात कर दिया गया है। कड़कड़ाती ठंड में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए बड़ी संख्या में चिकित्सक व पैरा मेडिकल स्टाफ की भी तैनाती कर दी गई है। लेकिन, बहुत से लोग सर्दी-खांसी से परेशान हैं, और काढ़ा पी-पीकर अपना गला व शरीर गर्म कर रहे हैं।

## आईआईटी कानपुर को मिली महाकुंभ में डिजिटल सिक्योरिटी रिव्यू की जिम्मेदारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**प्रयागराज।** नेता, अभिनेता, उद्योगपति, देशी-विदेशी मेहमान महाकुंभ में आ रहे हैं। चाहे वे राष्ट्रपति हों, पीएम हों, पूर्व राष्ट्रपति हों या अन्य गण्यमान्य हस्तियां, इनकी सुरक्षा में आईआईटी कानपुर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने डिजिटल सिक्योरिटी के रिव्यू की जिम्मेदारी आईआईटी कानपुर को सौंपी है। महाकुंभ की सिक्योरिटी को डबल चेक करने या बदलाव करने की पूरी छूट इस टीम को है। आईआईटी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, साइबर सुरक्षा समेत अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर सुरक्षा के चक्रव्यूह को रिव्यू करेगा। संस्थान के निदेशक प्रो मणींद्र अग्रवाल की देखरेख में दस से ज्यादा वरिष्ठ वैज्ञानिकों की टीम लगातार प्रयागराज का दौरा कर डिजिटल सिक्योरिटी का निरीक्षण कर रही है। जगह-जगह सेंसर लगाए गए हैं। ड्रोन से निगरानी की जा रही है। वीवीआईपी की सुरक्षा के लिए आरएस-आईडी का इस्तेमाल किया जा रहा है। मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं। कई सिक्योरिटी सर्वर बनाए गए हैं। जगह-जगह स्कैनर लगाए गए हैं। वैज्ञानिक रिव्यू के आधार पर लगातार डिजिटल सिक्योरिटी में फेरबदल करने के साथ अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर कमियों को दूर किया जा रहा है। इस पर दो माह से तैयारी चल रही थी।

## बीपीएससी मामले को लेकर होगा बड़ा आंदोलन

● एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने की घोषणा

**एजेंसी। पटना**

नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी शनिवार को पटना पहुंचे और बीपीएससी परीक्षार्थियों को समर्थन देने की घोषणा की। उन्होंने यहां गर्दनीबाग धरना स्थल पर पहुंचकर छात्रों को समर्थन दिया और घोषणा करते हुए कहा कि इस मामले को लेकर अब बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह यहां कुछ घंटों के लिए मौन व्रत पर बैठ रहे हैं। दरअसल, बीपीएससी 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने को लेकर परीक्षार्थी पिछले कई दिनों से धरने पर बैठे हैं। इस बीच, एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी भी यहां पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले को लेकर वह पूरे बिहार में राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन करेंगे और बिहार में भी आंदोलन को लेकर रणनीति बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक परीक्षा का मामला नहीं है। पहले विद्यार्थी परीक्षा देकर रैंक की चिंता करते थे लेकिन अब विद्यार्थियों को इसका डर रहता है कि कहीं प्रश्नपत्र लीक की खबर नहीं आ जाए और परीक्षा ही रद्द न हो जाए। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से यहां के आंदोलनकारी छात्रों पर लाठियां चलाई गईं, उस वीडियो को देखकर रूह कांप गई। यहां के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री को यहां आकर देश के छात्रों से माफी मांगनी चाहिए।

## कैग रिपोर्ट : नई शराब नीति से दिल्ली सरकार के खजाने को 2,026 करोड़ का नुकसान हुआ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने विवादित आबकारी नीति बनाते समय नियम-कायदों को नजरअंदाज कर दिया, जिससे सरकारी खजाने को 2,026 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। यह खुलासा शनिवार को सार्वजनिक हुई कैग (सीएजी) की रिपोर्ट में हुआ। यह रिपोर्ट दिल्ली में 5 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले आई है। इसमें बड़े घोटालों का खुलासा हुआ है, जैसे - कीमत तय करने में पारदर्शिता की कमी, लाइसेंस जारी और नवीनीकरण में नियमों का उल्लंघन, गड़बड़ियां करने वालों को दंडित न करना, और उपराज्यपाल, कैबिनेट या विधानसभा से मंजूरी न लेना। लाइसेंस देने से पहले कंपनियों की वित्तीय स्थिति को जांचा नहीं गया। यहां तक कि घाटे में चल रही कंपनी को भी लाइसेंस दे दिया गया।

### आप ने लगाया भाजपा पर आरोप, सांसदों और कर्मचारियों के पते पर बनवाए जा रहे हजारों फर्जी वोटर कार्ड

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में वोट गड़बड़ी को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। आप के मुताबिक भाजपा अपने सांसदों और कर्मचारियों के पतों पर हजारों फर्जी वोट जुड़वाने की एप्लीकेशन दे चुकी है। आप ने आरोप लगाया है कि एक-एक पते पर 20-30 या 40 वोट तक बनवाने की एप्लीकेशन दो गई है। आम आदमी पार्टी के नेता के मुताबिक इस वोट गड़बड़ी के मामले में कोई सामान्य व्यक्ति शामिल नहीं है। भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री, भारतीय जनता पार्टी के सांसद, बड़े-बड़े लोग शामिल हैं। चुनाव आयोग की आंख में धूल झोंक कर भारतीय जनता पार्टी और उनके केंद्रीय मंत्री से लेकर सांसद तक चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उनकी आंख में धूल झोंक रहे हैं उनके साथ चुनावी घोटाला और फ्रॉड कर रहे हैं। आप के मुताबिक सबसे पहले जो यहां के प्रत्याशी हैं, भारतीय जनता पार्टी के नई दिल्ली से प्रवेश वर्मा पूर्व सांसद है।

रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने जो रिटेल शराब लाइसेंस छोड़े गए थे, उनके लिए फिर से टेंडर नहीं निकाला, जिससे खजाने को लगभग 890 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इसके अलावा, जोनल लाइसेंसधारियों को दी गई छूट से 941 करोड़ रुपये का और नुकसान हुआ। इसके अलावा, कोविड प्रतिबंधों के आधार पर जोनल लाइसेंसधारकों को 144 करोड़ रुपये की लाइसेंस शुल्क छूट दी गई, जिसके परिणामस्वरूप सरकार को राजस्व की हानि हुई।



# विराट-रोहित के भविष्य पर विचार करेगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** न्यूजीलैंड के खिलाफ घर में और ऑस्ट्रेलिया में भारतीय क्रिकेट टीम को मिली हार ने चयनकताओं, मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व वाले थिंक टैंक और बीसीसीआई को इस कदर हिला दिया है कि उनके सामने ऐसे सवाल खड़े गए हैं कि जिन पर वे मार्च में खत्म होने वाली 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद विचार कर सकते है। ईएसपीएनक्रिकइंफो को पता चला है कि चयनकर्ता और गंभीर 11 जनवरी को ऑस्ट्रेलिया दौरे के रिव्यू के लिए मिलेंगे, लेकिन, भविष्य का सवाल हमेशा प्रमुखता से रहेगा और इसमें तत्काल भविष्य भी शामिल होगा जिसमें सवाल होगा कि भारत की वनडे टीम के लिए रीसेट बटन कब सक्रिय होगा जो उन्हें भारतीय क्रिकेट के दो सबसे बड़े खिलाड़ियों विराट कोहली और टेस्ट, वनडे कप्तान रोहित शर्मा के बारे में बातचीत करने पर मजबूर करेगा। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले वनडे टीम में कोहली और रोहित का न होना भी अपमान की बात होती। वे 2023 वनडे विश्व कप में भारत के फाइनल तक पहुंचने में शीर्ष रन बनाने वालों में थे और पिछले साल जून में हुए टी20 विश्व कप में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी जहां पर रोहित और कोच राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में उन्होंने आक्रामकता का रूख अपनाया था। तब से दोनों ही बल्लेबाज संघर्ष करते दिखे हैं। रोहित ने यह भी स्वीकार किया है कि न्यूजीलैंड से भारत को मिली 0-3 की शिकस्त में उन्होंने कप्तानी में गलतियां की है। हालांकि, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उनकी लंबे समय से चली आ रही बल्लेबाजी विफलता और उनकी उम्र (रोहित 37 वर्ष के हैं, कोहली 36 वर्ष के हैं) ने उन्हें अब सवालों के घेरे में ला दिया है। भारतीय क्रिकेट में निर्णयकताओं के सामने ये प्रश्न होंगे : क्या उन्हें उसी प्रारूप के साथ इस चक्र को समाप्त करना चाहिए, जिसने उन्हें 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल तक पहुंचाया था या उन्हें हाल की घटनाओं को ध्यान में रखना चाहिए और चैंपियंस ट्रॉफी से ही एक नई शुरूआत करनी चाहिए।

# खेल और शिक्षा मंत्रालय को मिलकर काम करना होगा : बाईचुंग भूटिया



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** पूर्व भारतीय फुटबॉल कप्तान बाईचुंग भूटिया ने जोर देकर कहा कि खेल मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय को मिलजुल कर काम करना चाहिए ताकि शिक्षा नीति खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए काम कर सके जिससे देश भविष्य में खेल ताकत बन सके। भूटिया ने विकसित भारत युवा संवाद 2025 के अवसर पर 'आईएएनएस' से बातचीत करते हुए यह बात कही। भूटिया ने कहा," मेरा सुझाव है कि भारत को खेल ताकत बनाने के लिए शिक्षा नीति को इस तरह ढालना होगा कि खेल हीरो तैयार किये जा सकें। मुझे लगता है कि शिक्षा मंत्रालय और खेल मंत्रालय को मिल कर काम करना होगा ताकि शिक्षा का जोर सिर्फ नौकरशाह, डॉक्टर, इंजीनियर को बनाने पर न रहे बल्कि भविष्य के लिए खिलाड़ियों को भी तैयार किया जा सके।" पूर्व फुटबॉल कप्तान ने कहा कि यह एक अच्छी पहल है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी कल सम्मेलन को संबोधित करेंगे जो भारत को भविष्य में खेल ताकत बनाने के लिए आगे ले जाएगा। भूटिया ने सम्मेलन में भाग लेने वाले विभिन्न विषयों के युवाओं को शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि पीएम मोदी के सम्बोधन से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

### मलेशिया ओपन सेमीफाइनल

# सात्विक-चिराग की जोड़ी को मिली हार



**कुआलालंपुर (हि.स.)।** भारत की विश्व नंबर 9 पुरुष युगल बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का सफर मलेशिया ओपन 2025 के सेमीफाइनल में समाप्त हो गया। शनिवार को खेले गए मुकाबले में उन्हें दक्षिण कोरिया की किम वोन हो और सियो सेउंग जे की जोड़ी से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दक्षिण कोरियाई जोड़ी ने भारतीय खिलाड़ियों को दमदार प्रदर्शन के बावजूद सीधे सेटों में हराया। भारतीय जोड़ी ने धीमी शुरूआत की और शुरूआती गेम में 6-11 से पिछड़ गई। कोरियाई खिलाड़ियों ने अपनी मजबूत शुरूआत का फायदा उठाते हुए पहला गेम केवल 19 मिनट में 21-10 से जीत लिया। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी दूसरे गेम में आधे समय तक 11-8 से आगे थी। हालांकि, भारतीय अपनी बढ़त का लाभ नहीं उठा सके और दूसरा सेट भी 15-21 से हार गए। इस तरह भारतीय जोड़ी को 21-10, 21-15 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ सात्विक और चिराग का इस टूनामेंट में पहला खिताब जीतने का सपना अधूरा रह गया। सात्विक-चिराग की जोड़ी, जो अपनी आक्रामक शैली के लिए जानी जाती है, ने टूनामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। हालांकि, सेमीफाइनल में दक्षिण कोरियाई जोड़ी के संयोजन और गति के आगे वे टिक नहीं सके। यह हार भारतीय जोड़ी के लिए एक सीखने का अवसर है, और उम्मीद है कि वे आगामी टूनामेंट में मजबूत वापसी करेंगे।

### आज दिल्ली एसजी पाइपर्स और ओडिशा वॉरियर्स के बीच होगा पहला मुकबला

# युवा खिलाड़ियों को एचआईएल से बहुत अनुभव मिलेगा : नवनीत कौर

## भारत में हुई महिला हॉकी नए युग की नई शुरूआत

**रांची(आईएएनएस)।** रविवार को यहां पहली बार आयोजित होने वाली महिला हॉकी इंडिया लीग के उद्घाटन मैच में दिल्ली एसजी पाइपर्स और ओडिशा वॉरियर्स के बीच होने वाले मैच से भारत में महिला हॉकी में एक नए युग की शुरूआत होगी। दिल्ली एसजी पाइपर्स ने भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और राष्ट्रीय टीम की उप-कप्तान नवनीत कौर की कप्तानी में चार टीमों की प्रतियोगिता के लिए एक मजबूत महिला टीम तैयार की है। युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण से सजी दिल्ली एसजी पाइपर्स अपने अभियान की सकारात्मक शुरूआत करना चाहेगी। रांची में टूनार्मेंट की शुरूआत से पहले नवनीत ने कहा, एचआईएल खिलाड़ियों के लिए बहुत मददगार साबित होगा।





## महिला हॉकी इंडिया लीग आईपीएल जैसा ही प्रभाव डालेगी : रानी रामपाल

**नई दिल्ली(हि.स.)।** भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल को उम्मीद है कि महिला हॉकी इंडिया लीग (डब्ल्यूएचआईएल) युवा लड़कियों के लिए ब्रिस्बेन और उसके बाहर 2032 ओलंपिक के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने का मंच तैयार करेगी। हाल ही में रोहतक में साई मीडिया से बात करते हुए, रानी को लगता है कि महिला एचआईएल का पहला संस्करण महिला हॉकी को उसी तरह बढ़ाएगा जैसे महिला प्रीमियर लीग ने महिला क्रिकेट के लिए किया था। रांची में 12 से 26 जनवरी के बीच होने वाली पहली महिला हॉकी इंडिया लीग 2024-25 में चार टीमें दिल्ली एसजी पाइपर्स, ओडिशा वॉरियर्स, श्राची रारह बंगाल टाइगर्स और सूरमा हॉकी क्लब शामिल हैं। रानी रामपाल पंजाब के सूरमा हॉकी क्लब की मेंटर और कोच के रूप में काम करेंगी। सहायक स्टाफ के रूप में यह उनका पहला कार्यकाल होगा।


# खो खो विश्व कप 2025 के लिए भारतीय टीमों में ओडिशा के तीन खिलाड़ी चुने गए



**भुवनेश्वर(आईएएनएस)।** नई दिल्ली में 13 जनवरी से आयोजित होने वाले पहले खो खो विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए ओडिशा के तीन खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

पबानी सबर को पुरुषों की भारतीय खो खो टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है, जबकि मगई माझी और सुभाश्री सिंह को महिलाओं की भारतीय खो खो टीम के लिए चुना गया है। इंदिरा गांधी स्टेडियम में 13 से 19 जनवरी तक होने वाली प्रतियोगिता में कुल 20 पुरुष और 19 महिला टीमें भाग लेंगी। वरिष्ठ राष्ट्रीय चैंपियनशिप में ओडिशा का प्रतिनिधित्व करने वाले तीनों खिलाड़ी पिछले आठ महीनों से ओडिशा एएम/एनएस खो खो हाई परफॉरमेंस सेंटर (एचपीसी) में प्रशिक्षण ले रहे हैं और ओडिशा खो खो एचपीसी के कोच संजीव शर्मा द्वारा उनका मार्गदर्शन किया जा रहा है। तीनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए शर्मा ने कहा, मैं पिछले साढ़े तीन साल से इन खिलाड़ियों के साथ हूं।

# ज्यादा से ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतना है लक्ष्य : अलकाराज



**मेलबर्न(आईएएनएस)।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने रविवार से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले 'जितने संभव हो सके उतने ग्रैंड स्लैम' जीतने का अपना लक्ष्य व्यक्त किया। 21 वर्षीय खिलाड़ी के संग्रह से ऑस्ट्रेलियन ओपन एकमात्र प्रमुख खिताब है जो वह जीते नहीं है अल्काराज ने कहा, मेरे लिए लक्ष्य ग्रैंड स्लैम, मास्टर्स 1000 जीतने की कोशिश करना है। मेरे लिए वे दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट हैं। उन्होंने कहा, जाहिर है कि रैंकिंग लक्ष्यों में ऊपर है, साथ ही, मैं जैनिक (सिनर) के जितना करीब हो सकता हूं उतना करीब पहुंचने की कोशिश कर रहा हूं या (अलेक्जेंडर) जवेरेव को भी पीछे छोड़ने की कोशिश कर रहा हूं। रैंकिंग वहां है। लेकिन मेरे लिए मुख्य बात ग्रैंड स्लैम है, जितना हो सके उतने ग्रैंड स्लैम जीतने की कोशिश करना, अलकाराज ने पहले ही चार प्रमुख खिताब हासिल कर लिए हैं, हाल ही में सेवानिवृत्त हुए एंडी मरे और पूर्व विश्व नंबर 3 स्टेन वावरिंका जैसे महान खिलाड़ियों की उपलब्धियों को पीछे छोड़ दिया है। 2024 में, स्पैनियार्ड और जैनिक सिनर ने ग्रैंड स्लैम दृश्य पर अपना दबदबा बनाया, प्रत्येक ने दो खिताब जीते। जून से एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 स्थान पर काबिज सिनर, अलकाराज के करियर में एक केंद्रीय व्यक्ति बन गए हैं।



# भारतीय इक्विटी के लिए चुनौतीपूर्ण रहा सप्ताह

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** 2025 का पहला सप्ताह भारतीय इक्विटी के लिए चुनौतीपूर्ण रहा, जिसमें बिकवाली व्यापक स्तर पर हावी रही। इस कमजोरी के बीच, निफ्टी आईटी इंडेक्स ने मामूली 1.6 प्रतिशत की तेजी के साथ बढ़त हासिल की, जिसे मजबूत नतीजों और उत्तरी अमेरिका में मांग में सुधार के बारे में टीसीएस की मजबूती का सपोर्ट मिला। कैपिटलमाइंड रिसर्च के कृष्णा अप्पाला ने कहा कि आईटी का बेहतर प्रदर्शन, बाजार में व्यापक बिकवाली के दबाव के दौरान भी सेक्टोरल लचीलेपन के महत्व को दशार्ता है। शुक्रवार को 3.44 प्रतिशत की बढ़त के बाद आईटी सेक्टर हरे निशान में बंद हुआ। सेंसेक्स 241.30 अंक या 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,378.91 पर बंद हुआ और निफ्टी 95 अंक या 0.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,431.50 पर बंद हुआ।


# अदाणी ग्रुप ने 'विल्मर' में 13.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 4,850 करोड़ रुपये जुटाए

**अहमदाबाद(आईएएनएस)।** अदाणी ग्रुप ने 'विल्मर' में अपनी 13.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर करीब 4,850 करोड़ रुपये जुटाए। ग्रुप ने पिछले महीने विल्मर से बाहर निकलने की घोषणा करने के साथ ही अपनी अधिकांश हिस्सेदारी एक जॉइंट वेंचर पार्टनर को बेच दी थी। एक स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में जानकारी दी गई थी कि कंपनी में 17.54 करोड़ शेयर (13.50 प्रतिशत इक्विटी) गैर-खुदरा निवेशकों को बेचा जा रहा है। इसके अलावा, कंपनी 13 जनवरी को कंपनी खुदरा निवेशकों को 275 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर बेचेगी।

# भारत के रियल एस्टेट सेक्टर में 11.4 बिलियन डॉलर का हुआ निवेश : रिपोर्ट

*2024 में 11.4 बिलियन डॉलर का इक्विटी निवेश आकर्षित किया*

*2024 में इक्विटी निवेश मुख्य रूप से लैंड/डेवलपमेंट साइट्स द्वारा संचालित किया*



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** रियल एस्टेट कंसल्टेंसी फर्म सीबीआरई के अनुसार, भारत के रियल एस्टेट सेक्टर ने 2024 में 11.4 बिलियन डॉलर का इक्विटी निवेश आकर्षित किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 54 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है।

इक्विटी निवेश में वृद्धि, मुख्य रूप से डेवलपर्स और संस्थागत निवेशकों से भूमि अधिग्रहण के साथ-साथ रियल एस्टेट के सभी एसेट क्लास में विकास में प्रवाहित हुई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू निवेश प्राइमरी रहा, जिसकी 2024 कैलेंडर वर्ष में कुल इक्विटी निवेश में लगभग 70 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

सिंगापुर, अमेरिका और कनाडा ने वर्ष के दौरान भारतीय रियल एस्टेट में कुल इक्विटी निवेश में कुल मिलाकर 25 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया।

2024 में कुल इक्विटी निवेश में लगभग 44 प्रतिशत हिस्सा डेवलपर्स ने कैपिटल इनफ्लो में सबसे आगे रखा, इसके बाद संस्थागत प्लेयर्स ने 36 प्रतिशत, निगमों ने 11 प्रतिशत, रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (आरईआईटी) ने 4 प्रतिशत और दूसरी कैटेगरी ने लगभग 5 प्रतिशत हिस्सा लिया। सीबीआरई के चेयरमैन और सीईओ - भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य पूर्व और अफ्रीका अंशुमान मैगजीन ने कहा, हमें निवेश एक्टिविटी में विशेष रूप से बिल्ट-अप ऑफिस एसेट्स और रेजिडेंशियल डेवलपमेंट साइट्स में निरंतर गति देखे जाने की उम्मीद है।

ई-कॉमर्स और क्विक-कॉमर्स पर बढ़ते फोकस से लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग सेक्टर में मजबूत वृद्धि होगी, जिससे डेवलपर्स और निवेशकों दोनों के लिए नए अवसर पैदा होंगे। एसेट क्लास को लेकर, 2024 में इक्विटी निवेश मुख्य रूप से लैंड/डेवलपमेंट साइट्स द्वारा संचालित किया गया, जो कुल हिस्सेदारी का 39 प्रतिशत था।

इसके बाद ऑफिस सेक्टर में 32 प्रतिशत, रिटेल सेक्टर में 9 प्रतिशत, रेजिडेंशियल सेक्टर में 8 प्रतिशत, इंडस्ट्रियल और लॉजिस्टिक्स में 6 प्रतिशत, होटल में 2 प्रतिशत और दूसरे सेक्टर में 4 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी रही। सीबीआरई भारत के वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) को लेकर भी उत्साहित है, जिसने 2024 में 29.4 मिलियन वर्ग फीट पर मजबूत लीजिंग बनाए रखी। भारत के शीर्ष नौ शहरों में कुल लीजिंग एक्टिविटी में 37 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ और सालाना आधार पर लगभग 29 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

# '2025' भारत में आईपीओ के लिए एक और रिकॉर्ड तोड़ने वाला साल हो सकता है साबित




1.3 बिलियन डॉलर आईपीओ की योजना के साथ भारत की बाजार क्षमता पर नजर गड़ाए हुए हैं।

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, मजबूत बुनियादी बातों और लचीली अर्थव्यवस्था की वजह से भारतीय इक्विटी बाजारों में आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए एक और रिकॉर्ड तोड़ने वाला साल देखने को मिल सकता है। देश में अब तक सभी क्षेत्रों में फंडराइजिंग एक्टिविटी व्यापक रही हैं। कोटक इन्वेस्टमेंट बैंकिंग की रिपोर्ट के अनुसार, भू-राजनीतिक जोखिमों और बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच घरेलू निवेश ने लचीलापन प्रदान किया। निवेश बैंक के अनुसार, पिछले साल 500 मिलियन डॉलर के 30 से अधिक सौदों के साथ, अलग-अलग उत्पादों में सौदों का आकार लगातार बढ़ रहा है। बहुराष्ट्रीय कंपनियां (एमएनसी) अपनी सहायक कंपनियों को भारतीय शेयर बाजारों में पहली बार लिस्ट कर भारत को लिस्टिंग डेस्टिनेशन के रूप में पसंद करती हैं। पिछले साल कम से कम 91 कंपनियों ने सार्वजनिक रूप से लगभग 1.60 लाख करोड़ रुपये जुटाए।

### बीते नौ वर्षों में रजिस्टर्ड स्टार्टअप की संख्या बढ़ी

# 115 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक हुई फंडिंग: डीपीआईआईटी

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) 16 जनवरी को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाने जा रहा है। इसी के साथ डीपीआईआईटी ने भारत में स्टार्टअप प्रदर्शन को लेकर लेटेस्ट आंकड़े जारी किए हैं। 2016 में स्टार्टअप इंडिया पहल की शुरूआत के बाद से 2024 तक रजिस्टर्ड स्टार्टअप की संख्या में जबरदस्त उछाल दर्ज हुआ है। 9 वर्षों में भारत में रजिस्टर्ड स्टार्टअप की संख्या 400 से बढ़कर 157,000 से अधिक हो गई है। इस अवधि के दौरान, भारत में डेडिकेटेड स्टार्टअप पॉलिसी वाले राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की संख्या भी 4 से बढ़कर 31 हो गई है। देश में फंडिंग स्पेस का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। 2016 में स्टार्टअप फंडिंग 8 बिलियन अमरीकी डॉलर थी, 2024 में बढ़कर 115 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गई। इसी के साथ भारतीय स्टार्टअप ने रोजगार के अवसर भी पैदा किए। भारतीय स्टार्टअप द्वारा 1.7 मिलियन से अधिक नौकरियां सृजित की गईं। इन 9 वर्षों में यूनिकॉर्न की संख्या में भी तेजी से वृद्धि हुई है, जो कि 2016 में 8 से बढ़कर अब 118 हो गए हैं। यूनिकॉर्न का मतलब एक ऐसे निजी स्वामित्व वाले स्टार्टअप से होता है जिसका वैल्यूएशन 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर या इससे ज्यादा होता है।

# महिला हुनर हाट 2025 का आयोजन आज गांधी उद्यान में

## विहिप ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर कार्यक्रमों का आयोजन किया




**मेदिनीनगर।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ आज पौष शुक्ल द्वादशी तिथि को जिले के 300 से ज्यादा मंदिरों में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में धूमधाम से मनाई गई।

मेदिनीनगर में यह कार्यक्रम शहीद चंद्रशेखर आजाद चौक स्थित महावीर मंदिर में सुबह नौ बजे से प्रारंभ हुआ, जहां समरसता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने राम जन्मभूमि आंदोलन, मंदिर निर्माण और इससे जुड़ी घटनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने भगवान राम और सामाजिक समरसता के बारे में भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि भगवान राम सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं, और उनके जीवन से इसके कई उदाहरण मिलते हैं जैसे, उन्होंने सबरी के जूठे बेर खाए, निषादराज को गले लगाया और गिद्धराज जटायु का अंतिम संस्कार अपने हाथों से किया। समरसता संगोष्ठी के बाद सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी की आरती की गई। महावीर मंदिर में कार्यक्रम के बाद, विहिप और बजरंग दल के कार्यकताओं ने नगर के प्रमुख मंदिरों का भ्रमण कर दर्शन किए। कार्यक्रम में पलामू विभाग के सह मंत्री महेंद्रनाथ, जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अजीत पाठक, जिला मंत्री दामोदर मिश्र, सह मंत्री अमित तिवारी, विशेष संपर्क प्रमुख किशोर पांडेय, बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, नगर बजरंग दल संयोजक दिलीप गिरी, विद्यार्थी प्रमुख विवेक सिंह, और दुर्गा वाहिनी संयोजिका कामिनी सिंह ने भाग लिया।

### ▶▶ वित्त मंत्री और सांसद करेंगे उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग द्वारा 'महिला हुनर हाट 2025' का आयोजन किया जा रहा है। महिला विंग की अध्यक्ष प्रियंका सिंघानिया, सचिव शिखा अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव सदस्य संध्या जायसवाल, और टीना आनंद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस मेले में महिलाओं को अपने हुनर को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। यह मेला महिला उद्यमियों और कुटीर उद्योग से जुड़ी महिलाओं के लिए विशेष रूप से आयोजित किया गया है।



प्रियंका सिंघानिया ने कहा कि इस मेले में लजीज खाने के स्टॉल, बेबी रैंप शो, डांस कंपटीशन, डॉग शो, बॉडीबिल्डिंग शो, और मिस्टर-मिस मेदिनी नगर प्रतियोगिता के अलावा महिलाओं के लिए मेहंदी और चूड़ी के स्टाल लगाए जाएंगे। बच्चों के लिए भी कई गेम्स की व्यवस्था की गई है। सिंघानिया ने बताया कि इस मेले में 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का प्रवेश निशुल्क होगा और लकी कूपन के माध्यम से एक बंपर प्राइज ड्रॉ भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन और अन्य उपहार दिए जाएंगे। इसके अलावा हाऊजी की भी व्यवस्था की गई है।

इस मेले का मुख्य आकर्षण कालबेलिया डांस होगा, जो राजस्थान के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, सांसद राम बी डी राम, और मेदनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर शामिल होंगे। मेला सुबह 10:00 बजे से संध्या 6:00 बजे तक चलेगा।

## 68वीं नेशनल स्कूल गेम शॉट पुट प्रतियोगिता के लिए पलामू जिला से प्रत्यय पांडे का चयन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड सरकार और स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में 11 जनवरी से 14 जनवरी 2024 तक बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम, झारखंड में 68वीं अंडर 14 नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पलामू जिले के पोखराहा कला मध्य विद्यालय के छात्र प्रत्यय पांडे का चयन झारखंड टीम में हुआ है। यह चयन रांची में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ। नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ी प्रत्यय पांडे के साथ उनके कोच रेशमा पांडे, प्रीति कुमारी और सोनी कुमारी को पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे, पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा, सचिव संजय कुमार त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष कमलानंद दुबे, जीजीपीएस स्कूल के शारीरिक शिक्षक अनिल कुमार पांडे, शारीरिक शिक्षक प्रदीप कुमार मेहता, साइकलिंग संघ के सचिव सिद्धार्थ कुमार, पलामू जिला शूटिंग संघ के अध्यक्ष अमरेंद्र पाठक, सचिव अशोक कुमार सिंह, वूशु संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रसाद, द्वारिका प्रसाद, मोनू कुमार, रिया कुमारी समेत कई खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दीं।



निर्माण के बाद भी नहीं हुई स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति

## लाखों की लागत से बना उपस्वास्थ्य केंद्र बना खंडहर



नवीन मेल संवाददाता

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड के जोगा पंचायत के ग्राम विरजा में लाखों रुपये की लागत से निर्मित उपस्वास्थ्य केंद्र आज भी स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति के इंतजार में है। वर्ष 2010 में पूर्व विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के कार्यकाल में इस केंद्र का निर्माण किया गया था, लेकिन डेढ़ दशक बाद भी यहां एक भी एएनएम (सहायक नर्स मिडवाइफ) की नियुक्ति नहीं हो सकी।

**खंडहर में तब्दील हो रहा है सरकारी भवन**

देखरेख के अभाव में उपस्वास्थ्य केंद्र का भवन अब खंडहर जैसा दिखने लगा है। दरवाजे, खिड़कियां और शौचालय पूरी तरह टूट-फूट चुके हैं। भवन की जर्जर हालत पर चिंता व्यक्त करते हुए मुखिया कमला देवी ने कहा कि इस स्थिति को देखते हुए कई बार जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया गया, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

**मुखिया ने की अविलंब कार्रवाई की मांग :** मुखिया कमला देवी ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द एएनएम की नियुक्ति और भवन की मरम्मत कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों के लिए योजनाएं तो बना रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर इन योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। इससे ग्रामीणों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रहना पड़ रहा है।

### छह गांवों की स्वास्थ्य सुविधाएं बाधित

पंचायत मुखिया कमला देवी ने बताया कि जोगा पंचायत के अंतर्गत छह गांव आते हैं। उपस्वास्थ्य केंद्र में कर्मियों की अनुपस्थिति के कारण गर्भवती महिलाओं और अन्य मरीजों को दूर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर जाना पड़ता है। इससे ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## अवैध पोस्ता की खेती पर पुलिस का एक्शन: 6 एकड़ में नष्ट की गई फसल



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के नावा जयपुर और मनातू थाना क्षेत्रों में पुलिस और वन विभाग ने शनिवार को अवैध पोस्ता (अफीम) की खेती के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाया। इस कार्रवाई के दौरान कुल 6 एकड़ में अवैध खेती को नष्ट किया गया, जिसमें नावा जयपुर के बुढ़ी गांव में 1 एकड़ और मनातू थाना क्षेत्र के उरु गांव के जंगल में 5 एकड़ में फैली पोस्ता की खेती शामिल है। नावा जयपुर में पुलिस की टीम ने थाना प्रभारी कमल किशोर पांडे के नेतृत्व में यह अभियान चलाया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बुढ़ी गांव के जंगलों में छापा मारा और वहां की 1 एकड़ में लगी पोस्ता की खेती को नष्ट किया। साथ ही, 10 से 15 गांजा के पौधों को भी नष्ट किया गया। पुलिस ने स्थानीय लोगों और बच्चों के साथ मिलकर उन्हें जागरूक किया और पुलिस एवं पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित किया।वहीं, मनातू थाना क्षेत्र के उरु गांव में वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने 5 एकड़ में फैली अवैध पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट किया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जंगल में कार्रवाई करते हुए इस अवैध गतिविधि का पदार्फाश किया और तुरंत फसल को नष्ट कर दिया। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और चेतावनी दी है कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई पुलिस और वन

## शैक्षणिक भ्रमण हेतु पटना जा रहे स्कूली बच्चों को प्रखंड प्रमुख ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**पांकी।** प्रखंड के जरही चौक स्थित कमला एजुकेशन एंड रामकृष्ण मिशन स्कूल के दर्जनों स्कूली बच्चे शनिवार सुबह शैक्षणिक भ्रमण के लिए पटना के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने बच्चों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्कूल के प्रधानाध्यापक राजन कुमार ने प्रखंड प्रमुख को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। संबोधन में प्रखंड प्रमुख ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ शैक्षणिक भ्रमण भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि नई जगहों पर जाने से बच्चों में नई ऊर्जा का संचार होता है और उन्हें विभिन्न जानकारियां प्राप्त होती हैं। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक की सराहना करते हुए कहा कि इस विद्यालय ने बहुत कम समय में प्रखंड क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है, और विद्यालय के बच्चों ने लगातार सफलता की नई ऊंचाइयां छुई हैं।

# रांची की खबरें

केंद्रीय शांति सद्भावना समिति के सदस्यों के साथ डीसी ने की बैठक, कहा

## सामाजिक मुद्दा में शांति समिति के सदस्य अपना योगदान निभाए

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने शनिवार को को समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित सभागार में केंद्रीय शांति सदभावना समिति के सदस्यों के साथ बैठक करते हुए उनके विचारों व अनुभवों को सुना।

उपायुक्त ने बैठक में कहा कि पूरे राज्य पूरे शहर में ऐसा कोई नहीं होगा जो विकास नहीं चाहता है। हर एक व्यक्ति विकास चाहता है कि हमारे राज्य, हमारा शहर, हमारा जिला का विकास हो। समाज में शांति रखना काफी अहम है। शांति बनाए रखने के लिए आप सभी शांति समिति के द्वारा एक नींव रखी गई है। आपके द्वारा किया जा रहा है कार्य शहर में काफी पहले से ही शांति बनाए रखने पर काफी प्रमुख भूमिका है। हम लोगों को आने वाले समय में आम जनता की उम्मीदें और आप लोगों की उम्मीदें और सभी की उम्मीदें पर कार्य करना है। अगर हम लोग सब मिलकर काम करें तो विकास की गंगा बह सकती है। शांति समिति के द्वारा बहुत सारा सुझाव दिया गया। जिसमें उनके द्वारा व्हाट्सएप ग्रुप में सूचनाओं का आदान-प्रदान करने का भी निवेदन किया गया। इस ग्रुप में नए सदस्यों का जोड़ने का भी कार्य किया जाएगा। ताकि इस ग्रुप का अच्छे तरीके से उपयोग हो। उपायुक्त रांची द्वारा शांति समिति की रेगुलर बैठक कराने को लेकर सभी थाना प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा की बैठक होते रहें ताकि किसी प्रकार का कम्युनिकेशन गैप नहीं हो शांति समिति के सदस्यों का समाज में बहुत बड़ा योगदान है, उनका भी सम्मान हो यह काफी जरूरी है।




उपायुक्त ने शांति समिति के सदस्यों से कहा की ड्रग्स को लेकर राज्य सरकार काफी गंभीर है। आज के युवा ड्रग्स का शिकार हो रहे हैं। उनका परिवार बर्बाद हो जा रहा है। ड्रग्स के मामलें में कोई भी अधिकारी, पदाधिकारी, व्यक्ति संलिप्त है उसे पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए राज सरकार ने पहले ही स्पष्ट निर्देश दे रखा है, की उनके विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज हो उनके ऊपर सुनिश्चित रूप से कठोर कार्रवाई हो।

## पलामू गैंगवार में एटीएस की एंट्री, जांच तेज

◀ निशि पांडेय और निशांत सिंह से पूछताछ जारी, शूटरों की तलाश में छापेमारी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में पांडेय गिरोह से जुड़ी गैंगवार के मामले में एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) की टीम ने प्रवेश किया है और मामले की जांच तेज कर दी है। पलामू पुलिस ने पहले ही इस मामले के लिए एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) का गठन किया था, और अब एटीएस भी सक्रिय हो गई है। गैंगवार के आरोपी निशि पांडेय और निशांत सिंह को पुलिस ने पांच दिनों के रिमांड पर लिया है, और दोनों से पूछताछ जारी है। मामले के अनुसार, 5 जनवरी को चैनपुर थाना क्षेत्र के गरदा गांव में अपराधियों ने रामगढ़ के पतरातू निवासी भरत पांडेय और दीपक साव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। भरत पांडेय के पिता ने हत्याकांड के मामले में रामगढ़ के निशि पांडेय, निशांत सिंह सहित 11 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। पलामू पुलिस की एसआईटी ने मामले में कार्रवाई करते हुए निशि पांडेय और निशांत सिंह को गिरफ्तार किया था, और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। बाद में, पुलिस ने दोनों को रिमांड पर लिया है, और उनसे पूछताछ की जा रही है।



राज्यपाल ने 22वें देवघर पुस्तक मेला का किया उद्घाटन, कहा

## डिजिटल युग में पुस्तक संस्कृति को पुनर्जीवित करने का यह उत्कृष्ट प्रयास




**नवीन मेल संवाददाता। देवघर**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को बाबा बैद्यनाथ की पावन भूमि पर ह्य22वें देवघर पुस्तक मेलाह्न का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने पुस्तक मेले को ज्ञान, संस्कृति और साहित्य के प्रसार का एक महत्वपूर्ण मंच बताते हुए झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक बताया। राज्यपाल ने कहा कि देवघर की यह भूमि न केवल बाबा बैद्यनाथ धाम जैसे आध्यात्मिक केंद्र के लिए विख्यात है, बल्कि यहां महान संत ठाकुर अनुकूल चंद्र जी ने समाज को अपने विचारों और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से प्रेरित किया। यह पावन भूमि सांस्कृतिक, साहित्यिक और ऐतिहासिक धरोहर का एक प्रेरणास्रोत है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी देवघर का योगदान अत्यंत प्रेरणादायक रहा है। असहयोग आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान यहां की जनता और क्रांतिकारियों की भूमिका अतुलनीय रही है।

डीएसपीएमयू में ऐतिहासिक टुसू मिलन समारोह

## कृषि सभ्यता का प्रतीक टुसू : कुलपति

नवीन मेल संवाददाता, रांची

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में एक दिवसीय टुसू मिलन समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में स्थित आखड़ा में शनिबार को किया गया। मिलन समारोह की शुरूआत टुसू के स्वरूप चौड़ल को विश्वविद्यालय परिसर के चारों ओर गाजे-बाजे के साथ आखड़ा में लाया गया। आखड़ा में स्थापना पारंपरिक विधि-विधान से कुड़मालि रिति रिवाज के साथ किया गया। इसमें डॉ. पुलकेश्वर महतो ने टुसु का परछन पाठ विद्यार्थी के साथ प्रस्तुत किया। फिर अतिथियों द्वारा टुसु के चौड़ल पर पुष्पार्पण एवं चुमावन किया गया। इसके बाद विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाकर अतिथियों को स्वागत किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने टुसू पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि टुसु कृषि से जुड़ा एक महत्वपूर्ण पर्व है। इन्होंने कहा कि किसान जब अपने फसल धान की कटाई कर लेता है। तब इस खुशी के अवसर पर टुसु पर्व पूरे महीने भर मनाकर पूस संक्रांति के दिन अंतिम रूप से मनाते हैं। इन्होंने टुसु को बलिदान के रूप में भी याद किये जाने की बात कही। जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के कोर्डिनेटर डॉ. बिनोद कुमार ने कहा कि यह पर्व झारखंडी एकता, समरसता का प्रतीक है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) यू. सी. मेहता ने टुसू पर्व के विषय वस्तु को विस्तार से बतलाते हुए कहा कि टुसू न केवल झारखंड में मनाया जाता है बल्कि पश्चिम बंगाल, ओड़िसा, असम, बिहार, बांगला देश आदि कई क्षेत्रों में मनाया जाता है। विशिष्ट अतिथि पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) एसएन मुंडा ने टुसू पर्व को उल्लास, उमंग का सबसे बड़ा पर्व बताया। इस अवसर पर पूर्व छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉ. एसएम अब्बास, रांची विश्वविद्यालय अंतर्गत मारवाड़ी कॉलेज, रांची कुड़मालि विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. वृंदावन महतो, विशिष्ट अतिथि के रूप विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. (डॉ.) नमिता सिंह, मानविकी संकाय के डीन डॉ. मो. अयुब, अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष डॉ. विनय भरत, मानवशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अभय सागर मिंज, फिरिक्स के डॉ. राजेश कुमार सिंह, मेथमेटिक्स के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिता कुमारी आदि उपस्थित थे।



## नाबालिग वाहन चालकों की बढ़ती संख्या से हादसों की आशंका

**मेदिनीनगर।** सड़क सुरक्षा माहझ्र2025 के दौरान पलामू जिले में नाबालिगों द्वारा वाहनों की अवैध चालना बढ़ती जा रही है। यातायात पुलिस और संबंधित विभाग की अनदेखी के कारण न केवल वाहन चालकों के मनोबल में वृद्धि हो रही है, बल्कि शहर में सैकड़ों नाबालिग दोपहिया, चार पहिया और यहां तक कि ट्रैक्टर भी चला रहे हैं। हालांकि, प्रशासन की तरफ से इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। शहर की सड़कों पर नाबालिगों का झुंड अक्सर तेज रफ्तार से बाइक चलाता दिखाई देता है। खासकर रॉयल एनफील्ड जैसी तेज आवाज वाले वाहनों को चलाने में उन्हें विशेष रोमांच मिलता है, जबकि न तो इन्हें यातायात नियमों का ज्ञान है और न ही दुर्घटनाओं का भय। इनकी रफ्तार को देख लोग घबराते हैं और दुर्घटना की आशंका से कांपते हैं। नाबालिगों द्वारा वाहनों के चलाने में अभिभावकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। कई बार देखा गया है कि अभिभावक बच्चों को तय उम्र से पहले वाहन की चाबी दे देते हैं, जिससे वे यातायात नियमों की अनदेखी करते हैं। कानून के अनुसार 18 वर्ष से पहले ड्राइविंग लाइसेंस नहीं मिल सकता, लेकिन इसका उल्लंघन रोज हो रहा है। शहर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों के छात्र-छात्राएं दोपहिया वाहन से स्कूल जाते हैं।

# पेज एक के शेष

**अयोध्या में प्रतिष्ठा ...**

योगी ने साधु-संतों के साथ भोजन प्रसाद भी ग्रहण किया। इसके पहले, मुख्यमंत्री के अयोध्या पहुंचने पर महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेदप्रकाश गुप्त, रामचंद्र यादव आदि जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा नेताओं ने रामकथा पार्क में मुख्यमंत्री का स्वागत किया। प्रतिष्ठा द्वादशी के अवसर पर अयोध्या में सुबह 06:00 बजे से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी थी। शनिवार को दिन में 11:00 बजे से गर्भगृह में रामलला का महाभिषेक शुरू हुआ था। उत्सव में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र सहित डेढ़ सौ से अधिक गण्यमान्य मंदिर में उपस्थित थे। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन का एक वर्ष आज 11 जनवरी (पौष शुक्ल-12) को पूरा हो गया। इस अवसर पर तीन दिवसीय उत्सव शुरू हुआ है। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बताया कि तीनों दिन कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

**रेलवे स्टेशन की...**

देश में कई बड़े आतंकी हमले मध्यम और छोटे शहरों में भी हुए हैं। आतंकी दहशत फैलाने के लिए रेलवे स्टेशनों को भी चुनते हैं, जैसा कि 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए आतंकी हमले के दौरान दहशतगर्दों ने सीएसटी रेलवे स्टेशन पर कहर बरपाया था। इसलिए इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि रांची रेलवे स्टेशन पर भी विस्फोट या तोड़-फोड़ को अंजाम दिया जा सकता है।

आइए, देखते हैं कि प्रतिदिन एक लाख से अधिक यात्रियों के फुटफॉल वाले रांची रेलवे स्टेशन और यहां से ट्रेन से यात्रा करने वाले लोगों की सुरक्षा की क्या स्थिति है। रांची रेलवे स्टेशन को बेस्ट मेंटेंड स्टेशन के पुरस्कार से नवाजा गया है। लेकिन, इस स्टेशन और यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था? फिर वही, भगवान भरोसे। रांची रेलवे स्टेशन के एक तरफ चारदीवारी नहीं है और इस कारण उस तरफ से यात्री बेरोक-टोक आते-जाते हैं। कोई पूछने वाला नहीं है। बेटिकट यात्रियों के लिए तो यह रास्ता भगवान के वरदान की तरह है। अब सोचिए, जब ऐसी स्थिति है, तो क्या उस रास्ते से आतंकवादी नहीं घुस सकते हैं। बम-हथियार को छिपाए हुए कोई भी व्यक्ति स्टेशन पर आ सकता है और ट्रेन में भी बैठ सकता है। ध्यान रहे कि ट्रेन से बड़ी हस्तियां भी यात्रा करती हैं। सुरक्षा के लिहाज से वहां तुरंत चारदीवारी बनाने की आवश्यकता है। वहीं, स्टेशन के मुख्य द्वार पर सुरक्षा जांच के लिए उपकरण तो लगाए गए हैं, लेकिन कई बार देखा गया है कि वहां कर्मी के नहीं रहने से लोग अपने सामान के साथ सीधे प्लेटफार्म पर चले जाते हैं। यह स्थिति भी अच्छी नहीं कही जा सकती है।

**धुसपैठ व धर्मांतरण ...**

उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार जनादेश का सम्मान नहीं करती है, तो वे सड़क से सदन तक आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेंगे। कहा कि मैं एक आम कार्यकर्ता हूं और पार्टी के हित में कार्य करता रहूंगा। रघुवर दास ने घुसपैठ और धर्मांतरण का मुद्दा उठाते हुए इसे राज्यहित के लिए खतरनाक बताया। कहा कि पार्टी हार की समीक्षा और मूल्यांकन कर चुकी है और अब वर्ष 2024 से सबक लेकर वर्ष 2025 में नई ऊर्जा से काम करना है। इस दौरान पार्टी के तमाम नेता और कार्यकर्ताओं ने उनका पार्टी में जोरदार स्वागत किया। इससे पूर्व गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी द्वारा बुके भेंट कर उनका स्वागत किया गया। रजरप्पा मंदिर प्रक्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण भी किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, वरिष्ठ भाजपा नेता रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, राजू चतुवेर्दी, विजय जायसवाल, युगेश महतो, गणेश स्वर्णकार, पीएन सिंह, रमेश वर्मा, धनंजय कुमार पुटूस, बबलू साव, मनोज महतो, देवकी महतो, निरंजन कुमार, मुकेश यादव, जयंत पोद्दार, अजय जायसवाल, खेदन स्वर्णकार, अंकित सिंह, प्रीतम झा, विनीत यादव, राहुल पासवान सहित भाजपा एवं आजसू के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**पेन डे पर छात्राओं ...**

एक वीडियो उन्हीं छात्राओं की तरफ से सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया है, जिन्हें उस मानसिक ट्रॅमा से गुजरना पड़ा। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें छात्राओं ने पेन डे को 'ट्रॉमेटिक डे' बताया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि गुरुवार को धनबाद के डिगवाडीह स्थित कार्मेल स्कूल में छत्राए प्री बोर्ड परीक्षा के अंतिम दिन पेन डे मना रही थीं। पेन डे के बारे में कहें तो स्टूडेंट परीक्षा समाप्ति के बाद अपने दोस्तों के शर्ट पर उनके भविष्य को लेकर शुभकामनाएं लिखते हैं और ऑटोग्राफ देते हैं। यही सब कुछ उस दिन डिगवाडीह कार्मेल स्कूल की छात्राएं अपने साथी छात्राओं के साथ कर रही थीं। इसपर नाराज स्कूल प्रशासन ने स्कूल परिसर में ही मेल टीचर स्टाफ और गार्ड के सामने छात्राओं के बिना अनुमति के जबरन न सिर्फ उनके शर्ट उतरवाए, बल्कि उन छात्राओं को सिर्फ इनरवियर और ब्लेजर पर ही घर भेज दिया गया। इस शर्मसार कर देने वाली घटना से आक्रोशित छात्राओं के परिजन शनिवार को धनबाद की उपायुक्त माधवी मिश्रा से मुलाकात कर उन्हें उस घटना से अवगत कराया। इस दौरान छात्राओं के परिजन घटना को लेकर काफी आक्रोशित दिखे। उन्होंने स्कूल प्रशासन पर उनकी बच्चियों के साथ मानसिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी बच्चियां इस घटना से इतनी मानसिक तनाव में हैं। वे कोई गलत कदम भी उठा सकती थीं। उन्होंने स्कूल की प्रिंसिपल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और उनके इस्तीफे की मांग की है। इस मामले के संज्ञान में आते ही धनबाद उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसमे जांच टीम गठित कर दिया है। इस जांच टीम में अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, एसडीपीओ और स्थानीय थाना प्रभारी को शामिल किया गया है। वे स्कूल जाकर मामले की जांच करेंगे। स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज को भी खंगालेंगे। क्योंकि, घटना के वक्त स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी छात्राओं का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया था, ताकि कोई इसका वीडियो न बना सके।

## केंद्रीय मंत्री ने कोलकाता के साइंस सिटी में किया 'ऑन द एज' गैलरी का उद्घाटन

# हम धरती के मालिक नहीं, केवल संरक्षक हैं : शेखावत

- *कहा, पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने से पूरी मानव जाति प्रभावित होगी*



### घर से बाहर निकलते समय बिजली के स्विच बंद करने की आदत बनाएं

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि घर से बाहर निकलते समय बिजली के स्विच बंद करना, कंप्यूटर में केवल आवश्यक डाटा को सुरक्षित रखना और एसी का तापमान 16 डिग्री की बजाय उपयुक्त स्तर पर रखना जैसे छोटे-छोटे कदम हर व्यक्ति को अपनाने चाहिए।

**कोलकाता (हि.स.)**

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को कोलकाता के साइंस सिटी में जलवायु परिवर्तन पर 'ऑन द एज' नामक अत्याधुनिक गैलरी का उद्घाटन किया। साथ ही, संबंधित विषय पर एक पुस्तिका का विमोचन भी किया। उन्होंने इस गैलरी को जन-उपयोगी बनाने और देश के अन्य चार क्षेत्रीय साइंस सिटी में भी ऐसी उच्चस्तरीय गैलरी बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। शेखावत ने कहा, हमें यह समझना होगा कि हम धरती के मालिक नहीं, बल्कि केवल संरक्षक हैं। इसलिए धरती का सावधानी और संवेदनशीलता के साथ उपयोग करना होगा। इसे मां के रूप में अनुभव करना होगा। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की दूरदर्शी नीतियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानकों से परे, भारत अपने लक्ष्यों पर अडिग रहेगा और हर हाल में इसे सुनिश्चित करेगा। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि बीते एक दशक में भारत में जितने बड़े स्तर पर पौधरोपण और हरित कार्य हुए हैं, वह दुनिया के कुछ ही देशों में देखने को मिलता है। इसे बनाए रखने के लिए सभी को संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने से केवल तापमान में वृद्धि, समुद्र स्तर का बढ़ना और अनियमित वर्षा जैसे खतरे ही नहीं, बल्कि ऋतुओं के चक्र में भी बदलाव होने की संभावना है। यह परिवर्तन पूरी मानव जाति को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने चेताया कि विज्ञान और तकनीक के जरिए प्रकृति पर विजय पाने का प्रयास किया जा सकता है, लेकिन पर्यावरण असंतुलन मानव अस्तित्व पर संकट ला सकता है। कार्यक्रम में संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त सचिव संजय कौल, नेशनल काउंसिल ऑफ साइंस म्यूजियम्स के महानिदेशक डॉ अरिजीत दत्ता चौधरी, बॉटनिकल सर्वे ऑफ इंडिया के निदेशक डॉ एए माओ और कोलकाता साइंस सिटी के निदेशक अनुराग कुमार मौजूद थे।

# 'डिजिटल अरेस्ट' से बचाव की जानकारी दे रहा है 'लाला रामस्वरूप कैलेंडर'

## अद्भुत है जबलपुर से प्रकाशित होने वाला यह कैलेंडर

**जबलपुर (आईएएनएस)।** 'डिजिटल अरेस्ट' से बचाव के लिए लाला रामस्वरूप कैलेंडर में जानकारी दी गई है।



आमतौर पर कलेंडर में साल की छुट्टियों सहित व्रत त्योहार के बारे में जानकारी होती है। लेकिन, जबलपुर से निकलने वाले इस कलेंडर में आम लोगों को 'डिजिटल अरेस्ट' से बचाने के लिए जानकारियां साझा की गई हैं। बताया गया कि आजादी से पहले से 'लाला रामस्वरूप कैलेंडर' प्रकाशित किया जा रहा है। भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी लोग इस पंचांग के माध्यम से अपने व्रत त्योहारों के बारे में जानकारी ले रहे हैं। लाला रामस्वरूप रामनारायण एंड संस के संपादक प्रहलाद अग्रवाल ने कहा कि इस कैलेंडर की शुरूआत 1934 में हुई थी। मेरे पिताजी पंचांग के माध्यम से लोगों को त्योहार और व्रत के बारे में बताते थे। चूंकि, व्रत-त्योहार पंचांग में देखना कठिन था, इसलिए वह अंग्रेजी कैलेंडर में दर्ज कर लेते थे। उन्होंने सोचा कि लोगों की सहूलियत को देखते हुए इसकी प्रतियां लोगों में बांटी जाएं, जिससे वे अपने क्षेत्रों में इसका प्रचार-प्रसार कर सकें। क्योंकि, पंचांग पूछने के लिए काफी संख्या में लोग आते थे।

प्रहलाद अग्रवाल ने बताया, 500 प्रतियों के साथ मेरे पिता ने इसकी शुरूआत की। आगे चलकर यह हमारा व्यवसाय बन गया। स्थिति यह है कि हमारा कैलेंडर जबलपुर से मध्य प्रदेश में फैला और आज कश्मीर से कन्याकुमारी तक हमारा कैलेंडर मिल जाता है। दुबई, ऑस्ट्रेलिया से भी लोग बताते हैं कि हमारा पंचांग वहां मिल रहा है। हाल ही में, ऑस्ट्रेलिया से एक वीडियो सामने आया था, जिसमें पंचांग दिखाते हुए एक महिला गौरवान्वित हो रही थीं। उन्होंने कहा, इस पंचांग के माध्यम से हम लोगों को जागरूक करना चाहते हैं।

## प्रधानमंत्री कल 'जेड-मोड़' सुरंग का करेंगे उद्घाटन



**गांदरबल (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 जनवरी को जम्मू-कश्मीर का दौरा करेंगे और सोनमर्ग के दर्शनीय हिल स्टेशन को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई एक प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजना 'जेड-मोड़' सुरंग का उद्घाटन करेंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गगनगीर और सोनमर्ग के बीच 6.5 किलोमीटर लंबी दो लेन वाली सड़क सुरंग 'जेड-मोड़', हिमस्खलन-प्रवण गगनगीर-सोनमर्ग सड़क को बाइपास करेगी। सुरंग का नाम सड़क के 'जेड-आकार' वाले हिस्से के नाम पर रखा गया है, जो पिछले मार्ग पर घंटों की तुलना में यात्रा के समय को घटाकर सिर्फ 15 मिनट कर देती है।

## पीएम मोदी का फ्रांस दौरा 10 फरवरी से

**पेरिस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 से 11 फरवरी तक फ्रांस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्शन समिट में भाग लेंगे। शुक्रवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यह जानकारी दी। राजदूतों के 30वें सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि फ्रांस 10-11 फरवरी को एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। यह शिखर सम्मेलन एआई पर बातचीत का अवसर प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री मोदी हमारे देश में एक प्रमुख यात्रा पर आएंगे, क्योंकि हम एआई पर सभी शक्तियों के साथ बातचीत करना चाहते हैं।

## हूती विद्रोही इजरायल व पूरे क्षेत्र के लिए खतरा : नेतन्याहू




**यरूशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का कहना है कि 'यमन के हूती अपने हमलों (इजरायल पर) की भारी कीमत चुका रहे हैं और चुकाते रहेंगे। उन्होंने हूती विद्रोहियों को ईरान का प्रतिनिधि और 'इजरायल और पूरे क्षेत्र के लिए खतरा' बताया। नेतन्याहू की यह टिप्पणी इजरायल की सेना की इस घोषणा के बाद आई कि उसके लड़ाकू विमानों ने हूती ठिकानों को बनाया बनाया। इजरायली सेना ने कहा कि यमन की राजधानी सना में हिज्याज पावर स्टेशन के साथ-साथ होदेइदाह और रास इस्सा के यमन बंदरगाहों पर हमला किया। सेना ने दावा किया कि उसने उन बुनियादी ढांचों को भी निशाना बनाया, जो हूती विद्रोही अपने अभियानों में इस्तेमाल करते हैं। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने कहा, होदेदाह बंदरगाह ठप हो गया है, और रास इस्सा बंदरगाह जल रहा है। उन्होंने कहा कि हमलों ने हूती ग्रुप को संदेश दिया है कि 'कोई भी बच नहीं पाएगा।' रक्षा मंत्री ने तेल अवीव में वायुसेना के कमांड सेंटर से हवाई हमलों को देखा।

## मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर क्षेत्रीय सम्मेलन में बोले अमित शाह

# 'रुथलेस अप्रोच' के साथ करें कार्रवाई

**बोले गृह मंत्री**

- केंद्र व राज्य सरकारों को एकजुट होकर लड़नी होगी लड़ाई
- अभी नहीं चेते, तो दस साल में बहुत देर हो जाएगी
- नशा मुक्त देश के बिना 'विकसित भारत' संभव नहीं



### 'मानस' एप और 1933 टोल-फ्री नंबर को लोकप्रिय बनाएं

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यों से 'मानस' एप और 1933 टोल-फ्री नंबर को लोकप्रिय बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 25 हजार से अधिक लोगों ने इस पर संपर्क किया है। उन्होंने कहा कि पीआईटी एनडीपीएस एक्ट का उपयोग बढ़ाना होगा और संपत्ति जब्ती के कानूनी प्रावधान को मजबूत करना ड्रग्स के व्यापार को खत्म करने के लिए जरूरी कदम हैं।

**नई दिल्ली (हि.स.)**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि देश में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ केंद्र और राज्य सरकारों को संयुक्त होकर 'रुथलेस अप्रोच' के साथ कार्रवाई करनी होगी। गृह मंत्री ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा आयोजित मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर एक क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना का जिक्र करते हुए अमित शाह ने कहा कि अगर हम भारत को दुनिया में प्रथम बनाना चाहते हैं, तो यह नशा मुक्त भारत के बिना संभव नहीं है। शाह ने चेतावनी देते हुए कहा कि भारत की सात प्रतिशत आबादी नशे की लत में है। अगर हम अभी नहीं चेते, तो दस साल में बहुत देर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केंद्र और राज्य सरकारों को एकजुट मंच पर सामूहिक रूप से लड़नी होगी।

उन्होंने कहा, कोई भी देश नशे से ग्रसित युवा पीढ़ी के साथ विकास के मार्ग पर आगे नहीं बढ़ सकता। हमारी जिम्मेदारी है कि हम सभी मिलकर इस चुनौती से लड़ें और इस लड़ाई को जीतने के लिए संपूर्ण प्रयास करें।

नशीले पदार्थों के प्रति सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराते हुए शाह ने घोषणा की कि आज, हमने जब्त किए गए नशीले पदार्थों को जलाने की पहल की है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों को जलाने के पखवाड़ा के दौरान अगले 10 दिनों के भीतर एक लाख किलोग्राम मादक द्रव्य नष्ट किए जाएंगे, जिसका अंतरराष्ट्रीय बाजार में 8600 करोड़ रुपये मूल्य है।

पिछले दशक में हुई प्रगति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई बहुत मजबूत हुई है। गत 10 वर्षों में ड्रग्स की जब्ती में 7 गुना वृद्धि दर्ज हुई, जो एक बड़ी उपलब्धि है। मोदी सरकार ने कठोर कार्रवाई से ड्रग्स के पूरे इकोसिस्टम को तबाह करने का मजबूत संदेश दिया है। उन्होंने पिछली सरकार के आंकड़े साझा करते हुए कहा कि वर्ष 2004-14 तक 3.63 लाख किलो मादक द्रव्यों की जब्ती की गई। वहीं, पिछले 10 साल में हमने 24 लाख किलो ड्रग्स जब्त की है। यह सात गुना अधिक है। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस अवधि में डिस्पोज किए गए ड्रग के तुलनात्मक मूल्य में भी आठ गुना वृद्धि हुई है। वर्ष 2004-14 में यह 8 हजार 150 करोड़ था, वहीं वर्ष 2014-24 में 56 हजार 851 करोड़ हुआ है। उन्होंने कहा कि 2024 में 16,914 करोड़ रुपये के ड्रग्स जब्त कर एनसीबी और देशभर की पुलिस ने नशे के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाई की, जिससे युवाओं और समाज को नशामुक्त भविष्य की दिशा में मजबूती मिली है। आजादी के बाद का यह सबसे बड़ा आंकड़ा है। हमारे सामने मौजूद चुनौती को देखते हुए हमें और मजबूती के साथ बारीक प्लानिंग, समयानुकूल रणनीति बनाकर आगे बढ़ना होगा तभी हम सफल हो पाएंगे। शाह ने कहा कि अगर हम एक जिले को नशामुक्त कर सकते हैं, तो धीरे-धीरे पूरे देश को नशामुक्त करना संभव है। जिला स्तर की परिस्थितियों के आधार पर रणनीति बनेगी, तो इसमें भारी सफलता मिलेगी।

अमित शाह ने कहा कि डार्क वेब, क्रिप्टो करंसी, ऑनलाइन मार्केट प्लेस और ड्रोन का इस्तेमाल आज भी हमारी लिए चुनौती है। अमित शाह ने केमिकल ड्रग को लेकर राज्यों को आगाह किया। उन्होंने कहा कि सभी राज्य सरकारों को 'रुथलेस अप्रोच' के साथ प्रदेश में चल रही अवैध केमिकल लैब पर कार्रवाई करनी होगी। गृह मंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 से हमारे अप्रोच में बड़ा बदलावा आया है। ड्रग की सप्लाई चेन के खिलाफ हमने रुथलेस अप्रोच को अपनाया है।

# लॉस एंजिल्स फायर में अब तक 11 की मौत



- *आग बुझाने के लिए पानी की कमी पर भड़के गवर्नर जांच के आदेश*

**लॉस एंजिल्स (आईएएनएस)**

लॉस एंजिल्स में लगी विनाशकारी जंगल की आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 11 हो गई है। वहीं, आग बुझाने की कोशिशों के बीच कथित पानी की कमी एक बड़ा मुद्दा बन गया है। एलए काउंटी मेडिकल परीक्षक कार्यालय ने हाल ही में हुई मौतों की पुष्टि की है। उसने चेतावनी दी है कि दिन गुजरने के साथ यह संख्या बढ़ सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कैलिफोर्निया के गवर्नर ने स्वतंत्र जांच की मांग की है कि किस तरह पानी की कमी ने लॉस एंजिल्स क्षेत्र में लगी आग के खिलाफ लड़ाई को 'नुकसान पहुंचाया'।

गवर्नर गेविन न्यूजॉम ने कहा कि उन्होंने कुछ फायर हाइड्रेंट में पानी की सप्लाई की कमी और सांता यनेज जलाशय से पानी की आपूर्ति की कथित अनुपलब्धता के दावों की स्वतंत्र जांच की मांग की। लॉस एंजिल्स के जल और बिजली विभाग के प्रमुख जैनिस क्विनोन और लॉस एंजिल्स काउंटी के लोक निर्माण निदेशक मार्क पास्ट्रेला को लिखे पत्र में न्यूजॉम ने रिपोर्टों को 'बेहद परेशान करने वाला' बताया। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच फायर फाइटर आग बुझाने में लगे हुए हैं, हालांकि सप्ताह की शुरूआत में आग को भड़काने वाली तेज हवाएं अब थम गई हैं। ईटन फायर को नियंत्रित करने में कुछ प्रगति हुई है, लेकिन 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं ने पैलिसेड्स फायर को नियंत्रित करना विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण बना दिया।

आग ने लॉस एंजिल्स शहर के उत्तर में घनी आबादी वाले 25 मील (40 किमी) क्षेत्र में 12,000 से अधिक घरों और इमारतों को अपनी चपेट में ले लिया है। लगभग 1,50,000 निवासियों को घर छोड़ने के आदेश दिए गए हैं। इस क्षेत्र में आठ महीने से अधिक समय से बारिश नहीं हुई है, जिससे नुकसान बहुत ज्यादा हुआ है। भयानक आग में अमेरिकी फिल्म जगत के कई हस्तियों के घर भी आ गए हैं, क्योंकि लपटें हॉलीवुड हिल्स तक पहुंच गई हैं।

# पेपर लीक एक तरह का व्यापार बन गया है : उपराष्ट्रपति धनखड़

## कहा, पेपर लीक होना बेहद निराशाजनक है

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि पेपर लीक एक तरह का व्यापार बन गया है।



यदि पेपर लीक होता है, तो चयन की निष्पक्षता का कोई मतलब नहीं रह जाता। यह एक ऐसी बुराई है, जिस पर लगाम लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रों को अब दो डर का सामना करना पड़ रहा है। पहला है परीक्षा का डर, दूसरा है पेपर लीक होने का डर। उपराष्ट्रपति ने कहा कि छात्र-छात्राएं महीनों तक तैयारी करते हैं। लेकिन, जब पेपर लीक होता है, तो वह उनके लिए एक बड़ा झटका होता है, जो बेहद निराशाजनक है। मालूम हो कि पेपर लीक इतना बड़ा मुद्दा हो चुका है कि अब इसके मामले सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचने लगे हैं। हर राज्य की सरकार पर विपक्ष का निशाना रहता है। कई राजनीतिक दलों ने इसको लेकर प्रदर्शन और धरना भी दिया है। संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी इसको लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए तीन जनवरी को कहा था कि भाजपा युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। राहुल गांधी ने कहा था कि सरकारी भर्ती में हो रही बड़ी गड़बड़ियां युवाओं के लिए बड़ा अन्याय है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि पहले तो भर्ती प्रक्रिया ही नहीं होती और जब वैकेंसी निकलती है, तो परीक्षा समय पर नहीं होती। यदि परीक्षा हो भी जाती है, तो पेपर लीक करवा दिए जाते हैं। जब युवा इन समस्याओं के खिलाफ न्याय की मांग करते हैं, तो उनकी आवाज को बेरहमी से दबा दिया जाता है, उन पर लाठी-डंडे चलवाए जाते हैं।

# भारत अब 'बिग डाटा' पर संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञ पैनल में शामिल

### देश के सांख्यिकीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए है महत्वपूर्ण छलांग

**नई दिल्ली (हि.स.)**

एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में भारत आधिकारिक सांख्यिकी के लिए 'बिग डाटा' और डाटा विज्ञान पर प्रतिष्ठित संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों की समिति में शामिल हो गया है। आधिकारिक सांख्यिकी के लिए 'बिग डाटा' और डाटा विज्ञान पर संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों की समिति (यूएन-सीईबीडी) को 'बिग डाटा' के लाभों और चुनौतियों की आगे की जांच करने के लिए बनाया गया था, जिसमें सतत विकास लक्ष्यों पर निगरानी और रिपोर्टिंग की क्षमता भी शामिल है।




एक सरकारी प्रवक्ता ने शनिवार को यहां बताया कि इस विशेषज्ञ समिति में शामिल होना एक महत्वपूर्ण समय पर हुआ है, क्योंकि भारत ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण अंतराल के बाद संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी परिषद की सदस्यता ग्रहण की है। विशेषज्ञों की समिति में भारत का शामिल होना देश के सांख्यिकीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण छलांग का प्रतिनिधित्व करता है। समिति के हिस्से के रूप में भारत आधिकारिक सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए 'बिग डाटा' और डाटा विज्ञान का उपयोग करने में वैश्विक मानकों और प्रथाओं को आकार देने में योगदान देगा। यह उपलब्धि वैश्विक सांख्यिकीय समुदाय में भारत के बढ़ते कद को रेखांकित करती है और सूचित निर्णय लेने के लिए डाटा और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की इसकी प्रतिबद्धता को उजागर करती है। विशेषज्ञों की समिति में भारत की सक्रिय भागीदारी डाटा इनोवेशन लैब की स्थापना और नीति निर्माण के लिए उपग्रह इमेजरी और मशीन लर्निंग जैसे वैकल्पिक डाटा स्रोतों की खोज सहित इसकी अग्रणी पहलों को उजागर करेगी। इस वैश्विक मंच पर योगदान करने का अवसर भारत को इस क्षेत्र में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करता है।

विशेषज्ञों की समिति में सदस्यता भारत के लिए बड़े डाटा और डाटा विज्ञान में अपनी घरेलू प्रगति को अंतरराष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ संरेखित करने का एक रणनीतिक अवसर है, जो डाटा डोमेन में परिवर्तनकारी पहलों का नेतृत्व करने की देश की क्षमता को प्रदर्शित करता है। बड़े डाटा और उन्नत डाटा विज्ञान तकनीकों में आधिकारिक सांख्यिकी के उत्पादन और प्रसार में क्रांति लाने की क्षमता है।

# अंगोला में हैजा महामारी 12 लोगों की हुई मौत

**लुआंडा (आईएएनएस)।** अंगोला के स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश में हैजा के प्रकोप पर एक बुलेटिन जारी किया। बुलेटिन में 12 लोगों की मौत की जानकारी दी गई।




इनमें से 14 मामलों की पुष्टि प्रयोगशाला परीक्षण के माध्यम से हुई और 12 नमूनों का विश्लेषण किया जाना बाकी है। बुलेटिन में कहा गया है कि 7 जनवरी 2025 को पहले मामले की पुष्टि के साथ स्वास्थ्य मंत्रालय ने हैजा महामारी की घोषणा की थी। मिनसा ने अपनी राष्ट्रीय कोलेरा रिस्पांस प्लान को अपडेट और एक्टिवेट, यानि सक्रिय किया है। उन्होंने चिकित्सा संसाधन और आपूर्ति जुटाई है। प्रमुख उपायों में बढ़ी हुई महामारी विज्ञान और प्रयोगशाला निगरानी, सामुदायिक संचार पहल और जल और स्वच्छता हस्तक्षेप शामिल हैं, जैसे कैल्शियम हाइपोक्लोराइट वितरित करना और पीने योग्य पानी के टैंकों को कीटाणुरहित करना और आपूर्ति करना। मंत्रालय ने महामारी के प्रबंधन में चुनौतियों का हवाला दिया। विशेष रूप से प्रभावित क्षेत्रों में खराब स्वच्छता और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में पीने योग्य पानी की व्यवस्था की कमी।

## दिल्ली में प्रथम अंतरराष्ट्रीय भारतीय भाषा सम्मेलन का हुआ आयोजन

# मातृभाषा को बचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है : रामनाथ कोविंद

- *हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में प्रतिस्पर्धा की बात स्वार्थी राजनीति की देन*



### एक ही मूल से हैं भारतीय भाषाएं : मिजोकामि


मुख्य वक्ता पद्मश्री से सम्मानित जापानी नागरिक तोमियो मिजोकामि ने कहा कि भाषाओं में संबंध होते हैं और यह संबंध दूर और निकटता को भी दशार्ते हैं। जापानी में कहावत है कि दूर की बजाय निकट के रिश्ते ज्यादा मजबूत होते हैं। भारतीय भाषाएं एक ही मूल से हैं, इसलिए उनमें स्नेह संबंध हैं।

**नई दिल्ली (हि.स.)**

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को कहा कि भाषा संस्कृति की वाहक होती है और संस्कृति की विरासत को सुलभता से पहुंचाने के लिए मातृभाषा को बचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, अंतरराष्ट्रीय सहयोग परिषद और वैश्विक हिंदी परिवार के सहयोग से यहां कला केंद्र के प्रांगण में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय भारतीय भाषा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आज इसके उद्घाटन कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी मनोज श्रीवास्तव, इंदिरा गांधी कला केंद्र के सदस्य सचिव सच्चिदानंद जोशी, अंतरराष्ट्रीय सहयोग परिषद के श्याम परांडे, वैश्विक हिंदी परिवार के अध्यक्ष अनिल जोशी, ऑक्सफोर्ड बिजनेस कालेज के प्रबंध निदेशक पद्मेश गुप्त और पद्मश्री तोमियो मिजोकामि मौजूद थे। इस दौरान एक स्मारिका का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर कोविंद ने कहा कि प्रवासी भारतीयों ने विश्वभर में अपना एक स्थान बनाया है। वे राष्ट्रपति रहते हुए दुनिया में जहां भी गए, उन्होंने मातृभाषा पर जोर दिया और कहा कि अगली पीढ़ी में अगर भाषा नहीं पहुंची, तो वे अपने जड़ों से अलग हो जाएंगे। इस दौरान उन्होंने वर्तमान सरकार की भारतीय भाषाओं को आगे ले जाने की भूमिका को रेखांकित किया। साथ ही, इस बात को भ्रम बताया कि हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में कोई प्रतिस्पर्धा है। उन्होंने कहा कि निहित स्वार्थी लोग राजनीति के लिए इसे मुद्दा बनाते हैं। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सदस्य सचिव सच्चिदानंद जोशी ने भारत की भाषाओं और बोलियों की विविधता का उल्लेख किया। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि धीरे-धीरे बहुत सी बोलियां विलुप्त होती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आज देश को भारतीय भाषाओं और बोलियों में बड़ी संख्या में विद्वानों की आवश्यकता है।

## वेनेजुएला के तीसरी बार राष्ट्रपति बने निकोलस मादुरो

**काराकास (वेनेजुएला) (हि.स)।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने शुक्रवार को सत्तारूढ़ पार्टी की ओर से




नियंत्रित नेशनल असेंबली के समक्ष तीसरे कार्यकाल की शपथ ली। विपक्ष ने मादुरो पर चुनावी धांधली से जीत का आरोप लगाते हुए दावा किया कि चुनाव में उसे जीत मिली है। विपक्ष के राष्ट्रपति पद के दावेदार एडमंडो गोंजालेज को अमेरिका सहित कई देशों द्वारा निर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में मान्यता दी गई। मादुरो के शपथ ग्रहण से एक दिन पहले ही विपक्षी नेताओं को हिरासत में लिए जाने का मामला सामने आया है। हालांकि, सरकार ने इसका खंडन किया है।

# भारत के पहले रोबोटिक सिस्टम ने 286 किमी दूर से की टेलीसर्जरी

## 'एसएसआई मंत्र 3' सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम का किया गया इस्तेमाल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

'मेड इन इंडिया' सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम एसएसआई मंत्र ने टेलीसर्जरी के जरिए 286 किलोमीटर की दूरी से दो 'रोबोटिक कार्डियक सर्जरी' सफलतापूर्वक पूरी की है। डॉ सुधीर श्रीवास्तव ने गुरुग्राम से मणिपाल अस्पताल जयपुर तक 'एसएसआई मंत्र 3' सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम का इस्तेमाल कर इस सर्जरी को पूरा किया। टेलीरोबोटिक-असिस्टेड इंटरनल मैमरी आर्टरी हार्वेस्टिंग प्रक्रिया को दूर से ही सफलतापूर्वक केवल 58 मिनट में पूरा किया गया। सर्जरी ने केवल 35-40 मिलीसेकंड (एक सेकंड का 20वां हिस्सा) की कम देरी के साथ असाधारण सटीकता का प्रदर्शन किया। इस ग्राउंडब्रेकिंग प्रक्रिया के बाद एक दूसरी वर्ल्ड-फर्स्ट, रोबोटिक बीटिंग हार्ट टोटली एंडोस्कोपिक कोरोनरी



आर्टरी बायपास (टीईसीएबी) प्रक्रिया पूरी की गई। टीईसीएबी को सबसे मुश्किल कार्डियक सर्जिकल प्रक्रिया के रूप में जाना जाता है। इस प्रक्रिया को भी मात्र 40 मिलीसेकंड में गुरुग्राम से जयपुर में टेलीसर्जरी के जरिए पूरा किया गया था। एसएस इनोवेशन के संस्थापक, अध्यक्ष और सीईओ डॉ सुधीर श्रीवास्तव ने कहा, हम मानवता को लाभ पहुंचाने के लिए सर्जरी की क्षमताओं को एडवांस करने के लिए बेहद रोमांचित हैं, खासकर उन क्षेत्रों में जहां इसकी सबसे अधिक जरूरत है।

उन्होंने कहा, टेलीसर्जरी को सक्षम कर हम मेडिकल विशेषज्ञता तक पहुंच में गैप को खत्म कर सकते हैं और भौगोलिक बाधाओं की परवाह किए बिना बेहतरीन और उच्च स्टैंडर्ड की देखभाल प्रदान कर सकते हैं। भारत जैसे देश के लिए, इसकी विशाल ग्रामीण आबादी और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा असमानताओं के साथ, यह इनोवेशन परिवर्तनकारी है।